फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

शनिवार, 2 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -206, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

www.amritvichar.com



एलिएंस के ठिकाने को लेकर वैज्ञानिकों की जगी उम्मीद 16
अंजना सिंह की प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू 2







## राम मंदिर न्यास की सूचना देने का आदेश खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने सीआईसी के निर्देश पर लगाई रोक

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केन्द्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश को खारिज कर दिया है, जिसमें केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास से संबंधित जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया गया था। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और प्रबंधन का जिम्मा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास संभालता है।

उच्च न्यायालय ने गत 28 फरवरी को सीबीडीटी की उस याचिका को मंजूर कर लिया, जिसमें सीआईसी के 30 नवंबर 2022 के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि याचिकाकर्ता कैलाश चंद्र मूंदड़ा को आरटीआई अर्जी के जरिये मांगी गई जानकारी प्राप्त करने के लिए आयकर अधिनियम के तहत उचित प्राधिकारी से संपर्क करना होगा। उच्च न्यायालय सीबीडीटी के केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें सीआईसी के 30 नवंबर 2022 का आदेश रद करने का अनुरोध किया गया था।

## पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** वित्तीय खुफिया इकाई ने धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वित्त मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि पीएमएलए की धारा 13(2)(डी) के तहत यह जुर्माना किया गया है। पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के निदेशक मंडल ने सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई के बीच दोनों के बीच अंतर-कंपनी समझौतों को खत्म करने को मंजूरी दे दी है। वन97 कम्युनिकेशंस ने शुक्रवार को कहा कि दोनों कंपनियों के बीच एक-दूसरे पर निर्भरता कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

बंपर खरीदारी से शेयर बाजार सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर



## 1245 अंक चढ़ा सेंसेक्स निफ्टी 22300 के पार

### मजबूत जीडीपी आंकड़ों से शेयर बाजार में जश्न

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तगड़ी छलांग लगाते हुए अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। प्रभावी जीडीपी आंकड़ों और विदेशी निवेशकों का आकर्षण बढ़ने से सेंसेक्स 1,245 अंक उछल गया। निफ्टी में भी जोरदार तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,245.05 अंक यानी 1.72 प्रतिशत उछलकर 73,745.35 अंक पर पहुंच गया। यह इसका सर्वकालिक उच्च स्तर है। कारोबार के दौरान यह 1,318.91 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 355.95 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए 22,338.75 के नए समापन स्तर पर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में तेजी से घरेलू इक्विटी बाजारों को मजबूती मिली और निवेशकों ने जमकर खरीदारी की। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील छह प्रतिशत से अधिक उछल गई, जबकि जेएसडब्ल्यू स्टील में चार प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, मारुति, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मोटर्स में भी बढ़त दर्ज की गई। हालांकि, तेजी के इस दौर में भी एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस और टेक महिंद्रा पिछड़ गए। बाजार की इस तेजी के पीछे अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रहने का आंकड़ा सामने आने की प्रमुख भूमिका रही।

### दूसरी बार शनिवार को खुलेंगे बाजार

वर्ष 2024 में दूसरी बार स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने सप्ताहांत की छुट्टी के बावजूद शनिवार को बाजार खुला रखने का फैसला किया है। शनिवार का सत्र मॉक ट्रेडिंग सत्र नहीं होगा और इस दौरान लाइव ट्रेडिंग होगी। ऐसा अप्रत्याशित त्रासदी की स्थिति में सिस्टम की तैयारी का आकलन करने के अभ्यास के हिस्से के रूप में किया जा रहा है। यह विशेष सत्र स्टॉक एक्सचेंजों और डिपॉजिटरी के लिए बिजनेस निरंतरता योजना (बीसीपी) और डिजास्टर रिकवरी साइट (डीआरएस) के ढांचे का हिस्सा है। इससे पहले अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पहले भी शनिवार के दिन बाजार में कारोबार हुआ था।

## एक नजर

### यूपी के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का निधन

**भोपाल।** उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजीज कुरैशी का शुक्रवार को भोपाल के एक अस्पताल में 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थे। कुरैशी की देखभाल करने वाले उनके भतीजे सूफियान अली ने कहा कि कुछ समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी और सुबह करीब 11 बजे भोपाल के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। कुरैशी ने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मिजोरम के राज्यपाल के तौर पर कार्य किया था। वह पहली बार 1972 में मध्य प्रदेश की सीहोर सीट से विधायक चुने गये थे और 1984 में लोकसभा सदस्य बने। कुरैशी अविवाहित थे। उनका अंतिम संस्कार आज शाम को किया जाएगा।

### पूर्व फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा रिंकी का निधन

**नई दिल्ली।** फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा रहीं रिंकी चकमा का शुक्रवार को यहां कैंसर से बहादुरी से लड़ने के बाद निधन हो गया। वह 28 वर्ष की थीं। फेमिना मिस इंडिया 2017 की फाइनलिस्ट रहीं रिंकी चकमा के निधन की आधिकारिक जानकारी फेमिना मिस इंडिया द्वारा एक्स पर एक तस्वीर और कैप्शन के साथ साझा की गई है। रिंकी को साल 2022 में एक घातक फाइलोड्स ट्यूमर (स्तन कैंसर) का पता चला था। शुरुआती दौर में सर्जरी के बावजूद कैंसर उनके फेफड़ों और उनके मस्तिष्क तक फैल गया, जिससे ब्रेन ट्यूमर हो गया।

# संदेशखालि में बहनों के साथ जो हुआ उससे पूरा देश गुस्से में : मोदी

### बंगाल के आरामबाग में टीएमसी पर बरसे प्रधानमंत्री, कहा-दुस्साहस की सारी हदें पार कीं

आरामबाग, (प. बंगाल), एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संदेशखालि में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि इस मुद्दे पर पूरा देश गुस्से में है। मोदी ने संदेशखालि की घटनाओं पर चुप्पी साधने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की भी आलोचना की। उन्होंने हुगली जिले के आरामबाग में एक रैली में कहा कि चोट का जवाब वोट से देना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उपलब्धियों के बीच आज बंगाल की स्थिति पर पूरे देश की नजर है। मां, माटी और मानुष का ढोल पीटने वाली तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखालि की बहनों के साथ जो किया, उसे देखकर पूरा देश दुखी और गुस्से में है। संदेशखालि की बहनों के साथ टीएमसी ने जो किया, वह शर्म की बात है। ममता बनर्जी सरकार के 2011 में सत्ता में आने के बाद से उनकी पार्टी का नारा मां, माटी और मानुष उसकी एक बड़ी पहचान बन गया है। रैली स्थल के निकट स्थित समाज सुधारक राजा राम मोहन राय के जन्मस्थान खानाकुल का संदर्भ देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राय की आत्मा, जहां भी होगी, बंगाल की स्थिति पर दुखी होगी और रो रही होगी।

मोदी ने कहा कि संदेशखालि के टीएमसी नेताओं ने लोगों के खिलाफ हिंसा की सारी हदें पार कर दीं। संदेशखालि की महिलाओं ने ममता से मदद मांगी। और उन्होंने क्या किया? इसके बजाय, उन्होंने उन नेताओं की सुरक्षा के लिए वह सब कुछ किया, जो वह कर सकती थीं। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि यह भाजपा के नेतृत्व में निरंतर हुए विरोध प्रदर्शनों से बने दबाव का नतीजा था कि राज्य प्रशासन को आखिरकार संदेशखालि के लोगों के सामने झुकना पड़ा और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को गिरफ्तार करना पड़ा, जो लगभग दो महीने से फरार था।

### ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री से राजभवन में की मुलाकात

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। राज्य की दो दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी शुक्रवार रात को राजभवन में ठहरेंगे। एक अधिकारी ने कहा कि प्रोटोकॉल के तहत यह मुलाकात हुई। शाम छह बजे से कुछ मिनट पहले प्रधानमंत्री राजभवन पहुंचे जिसके कुछ देर बाद ही बनर्जी का काफिला राजभवन पहुंचा। पिछले साल दिसंबर में बनर्जी ने राज्य का बकाया जारी करने को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। तृणमूल कांग्रेस के अनुसार, केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल का 1.18 लाख करोड़ रुपये बकाया है।

### इंडिया गठबंधन को भी आड़े हाथों लिया

टीएमसी सरकार पर हर क्षेत्र में भ्रष्ट होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि वह संदेशखालि में उपजे असंतोष के बावजूद गांधी जी के तीन बंदरों की तरह है, जो अपनी आंख, कान और मुंह बंद रखे हुए था। उन्होंने सवाल किया कि वामपंथी और कांग्रेस नेता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कठिन सवाल पूछने से क्यों कतराते हैं? मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं के लिए संदेशखालि में टीएमसी द्वारा प्रताड़ित लोगों के साथ खड़े होने के बजाय भ्रष्ट और तुष्टीकरण की राजनीति का समर्थन करना सर्वोपरि है।

# प्रदेश में सहयोगी दलों को लोस की छह सीटें दे सकती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुभासपा, निषाद पार्टी को एक-एक सीट देने पर बनी सहमति
- अपना दल (एस) और रालोद को दो-दो सीटें मिलेंगी



राज्यपाल आनंदीबेन से मुलाकात करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-24 में प्रदेश की सभी 80 सीटों में से भाजपा सहयोगी दलों के लिए छह सीट छोड़ सकती है। इसमें राष्ट्रीय लोकदल को दो सीटें मिल सकती हैं, जबकि अपना दल (एस) भी दो सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं, निषाद पार्टी को संत कबीर नगर सीट और ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा को घोसी सीट मिल सकती है।

दिल्ली में हुई भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद सूत्रों से यह जानकारी मिली है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस बीच एक दो दिन में भाजपा के सौ लोस प्रत्याशियों की सूची भी सामने आ सकती है।

सूत्रों की मानें तो यूपी से कुछ केंद्रीय मंत्रियों का भी टिकट कट सकता है। भाजपा इस बार दो या दो से अधिक बार चुनाव जीत चुके नेताओं पर भी दांव लगाने के मूड में नहीं है। जिन सांसदों की उम्र अधिक हो गई है, उनकी जगह नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि इस बार एक बार फिर भाजपा प्रदेश की 74 लोकसभा सीटों में से कोई भी मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा नहीं करेगी। वहीं, कैसरगंज लोकसभा सीट पर भी बृजभूषण शरण सिंह के नाम पर पार्टी निर्णय नहीं ले पाई है।

### राज्यपाल से मिले योगी, मंत्रिमंडल विस्तार संभव

- ओपी राजभर, दारा चौहान और रालोद के राजपाल बालियान को मिल सकती है जगह

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले मंत्रिमंडल के विस्तार की संभावना प्रबल हुई है। 3 मार्च यानी रविवार को कैबिनेट में पांच नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। दिल्ली से लखनऊ लौटते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात करने पहुंचे। योगी ने राज्यपाल को 'रोम रोम में राम' नामक पुस्तक भी भेंट की। सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, सपा से वापस भाजपा में लौटे एमएलसी दारा सिंह चौहान और रालोद नेता राजपाल बालियान को कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है। इसके अलावा रालोद कोटे से एक और विधायक प्रदीप चौधरी को राज्य मंत्री बनाया जा सकता है। साथ ही रामपुर के भाजपा विधायक आकाश सक्सेना को भी राज्य मंत्री बनाकर आजम खान को हराने का इनाम दिया जा सकता है।

## प्राथमिक शिक्षक की भर्ती में संस्कृत से टीईटी मान्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकल पीठ के निर्णय को पलटा

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में सहायक शिक्षकों के 10000 रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में शैक्षिक अर्हता के संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद की विशेष अपील पर विचार करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा में टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थी की प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्ति नहीं हो सकती है। संस्कृत भाषा में उत्तीर्ण की गई टीईटी परीक्षा प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के लिए निर्धारित पात्रता को पूरा करने में सफल नहीं हो सकती। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने पारित किया।

दरअसल, उक्त पद पर याची की उम्मीदवारी को खारिज कर दिया गया था कि याची ने संस्कृत भाषा में टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उक्त आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिस पर एकलपीठ ने अक्टूबर 2013 के शासनादेश पर भरोसा करते हुए माना था कि शासनादेश में ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है।

## फरवरी में जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से फरवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 12.5 प्रतिशत बढ़कर 1.68 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में कुल सकल जीएसटी संग्रह 18.40 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के कर संग्रह से 11.7 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में औसत मासिक सकल संग्रह 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

## विधायकों की अयोग्यता पर 7 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के 10 जनवरी के फैसले को चुनौती देने वाली शिवसेना-उद्धव ठाकरे (यूबीटी) की याचिका पर सात मार्च को सुनवाई करेगा।

## बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में धमाका दस घायल, बम स्क्वॉड टीम पहुंची

**बेंगलुरु, एजेंसी ।** बेंगलुरु के एक लोकप्रिय कैफे में शुक्रवार को धमाके से कम से कम दस लोग घायल हो गए। पहले शक था कि एक सिलेंडर में विस्फोट होने के कारण आग लगी, लेकिन बाद में अग्निशन विभाग ने इस आशंका को खारिज कर दिया और कहा कि वहां एक बैग मिला है। इस बीच राज्य के पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन ने कहा कि कैफे में हुआ धमाका एक बम विस्फोट है। जांच के लिए एनआईए की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। बम स्कवायड और फोरेंसिक टीम भी जांच में सहयोग कर रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट में घायल लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मैसूर में संवाददाताओं से कहा कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। किसी ने वहां बैग रखा था। ऐसा कहा जा रहा है कि ये आईईडी विस्फोट था। हमें अभी नहीं पता कि ये आतंकी हमला है या नहीं। रामेश्वरम कैफे व्हाइटफील्ड के ब्रुकफील्ड इलाके में है, जो एक प्रमुख कारोबारी एवं प्रौद्योगिकी केंद्र है।



# कुछ को तकलीफ होगी तो होने दो, देश से बढ़कर कोई नहीं : कपिल

## पूर्व कप्तान ने घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने पर केंद्रीय अनुबंध न देने के फैसले का किया समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने पर केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि कुछ खिलाड़ियों को तकलीफ होगी तो होने दो क्योंकि देश से बढ़कर कोई नहीं है।

कपिल ने कहा कि यह प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट जैसे रणजी को बचाए रखने के लिए जरूरी कदम है। इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बुधवार को 2023-24 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया था। इस फैसले पर मिश्रित प्रतिक्रिया मिल रही हैं, जिसमें कीर्ति आजाद और इरफान पठान ने इन दोनों खिलाड़ियों का समर्थन किया है।

कपिल ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि घरेलू क्रिकेट की अहमियत बरकरार रखने के लिए बीसीसीआई को फैसला लेना ही था। उन्होंने कहा कि हां, कुछ खिलाड़ियों को परेशानी होगी। कुछ लोगों को तकलीफ होगी, होने दो लेकिन देश से बढ़कर कोई नहीं है। बहुत अच्छा फैसला।

उन्होंने कहा कि मैं बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट का दर्जा बचाने के मद्देनजर जरूरी कदम उठाने के लिए बधाई देता हूं। मुझे यह देखकर दुख होता था कि एक बार खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित कर लेते हैं तो वह घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना बंद कर देते थे। बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों से घरेलू प्रतियोगिताओं को अहमियत देने का आग्रह किया था। देश के इस महान क्रिकेटर ने कहा कि यह संदेश पहले ही दिया जाना चाहिए था। बीसीसीआई का यह कड़ा कदम है जो घरेलू क्रिकेट की प्रतिष्ठा बरकरार रखने के लिए फायदेमंद होगा।

### खिलाड़ियों का दायित्व, वे घरेलू क्रिकेट खेलें

कपिल ने माना कि स्थापित हो चुके स्टार खिलाड़ियों का दायित्व है कि वे घरेलू क्रिकेट खेलें क्योंकि उन्हें अपने संबंधित राज्यों की ओर से खेलते हुए ही सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से इस प्रक्रिया में भरोसा करता हूं कि अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपने संबंधित राज्य के लिए खुद को उपलब्ध कराए। इससे घरेलू खिलाड़ियों को उनका समर्थन मिलने से मदद मिलती है। साथ ही यह राज्य संघ द्वारा दी गई सेवाओं को वापस लौटाने का भी अच्छा तरीका है। कपिल ने पूर्व क्रिकेटरों की पेंशन बढ़ाने पर बीसीसीआई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं खुश हूं कि बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की पेंशन की राशि बढ़ा दी है जो उनके लिए फायदेमंद रहेगी जिनका परिवार पेंशन पर निर्भर है।

# सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए हॉकी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतना अहम : हार्दिक

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह का मानना है कि पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब से उनकी टीम की उपलब्धियों की नींव पड़ी और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने के लिए यह खिताब बरकरार रखना अहम होगा। भारतीय टीम ने पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। एफआईएच प्रो लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का अगला सत्र चीन में 8 से 17 सितंबर तक खेला जाएगा। हार्दिक ने कहा कि मुझे लगता है कि भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए टीम ने उस टूर्नामेंट को स्प्रिंगबोर्ड की तरह लिया। हम इस बार भी खिताब बरकरार रखने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है और इस सफर में यह महत्वपूर्ण कदम है। हार्दिक ने कहा कि चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी शानदार टूर्नामेंट था। हम नए मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन की शैली के अनुरूप ढल रहे थे और स्वर्ण पदक इसका परिचायक है कि हम सही दिशा में जा रहे हैं।

## खेल डायरी

### प्रज्ञानानंदा ने लगातार दूसरी बार की गलती, रापोर्ट से हारे



प्राग, एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा से लगातार दूसरे मुकाबले में बड़ी चूक हो गई, जिससे प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में तीसरे दौर में उन्हें रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट से शिकस्त मिली। इससे पहले दूसरे दौर में उन्हें ईरान के परहाम मघसूदलू ने हराया था। मघसूडलू से हार के साथ इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी होने का तमगा भी गंवा दिया था जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया था। दस खिलाड़ियों के राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में वापसी के लिए प्रज्ञानानंदा को आखिरी के छह चरण में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। विदित गुजराती और डी गुकेश के बीच भारतीय खिलाड़ियों का मुकाबला बराबरी पर छूटा। पिछले दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर रहे माघसूदलू को जर्मनी के विंसेंट कीमर ने ड्रा पर रोका। प्रज्ञानानंदा की तरह ही स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को भी बेहतर स्थिति में होने के बाद हार का सामना करना पड़ा। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने नवारा के खिलाफ हार के कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। अब्दुसत्तारोव 3 में से 2.5 अंक लेकर माघसूदलू के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### सिटसिपास को हराकर डि मिनौर सेमीफाइनल में



मैक्सिको ओपन

एकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी। गत चैम्पियन एलेक्स डि मिनौर ने स्टेफानोस सिटसिपास को 1-6, 6-3, 6-3 से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। एटीपी रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज डि मिनौर ने पहला सेट गंवाने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए दो घंटे छह मिनट तक चला मुकाबला जीता। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा जिसने मियोमिर केसकानोविच को 6-2, 6-2 से हराया।

### सैफ अंडर-16 महिला चैंपियनशिप

### अनुष्का की हैट्रिक, भारत ने भूटान को 7-0 से हराया

काठमांडू, एजेंसी। अनुष्का कुमारी की हैट्रिक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को सैफ अंडर-16 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप में भूटान पर 7-0 से जीत हासिल की। हजारीबाग की 13 वर्षीय अनुष्का ने भूटान के डिफेंस को बिखरते हुए तीन गोल दागे। उनके अलावा पर्ल फर्नांडिज ने दो गोल जबकि कप्तान श्वेता रानी और स्थानापन्न खिलाड़ी अनविता रघुरमन ने एक एक गोल किये। चार टीम के टूर्नामेंट में मेजबान नेपाल और बांग्लादेश की टीम भी शामिल हैं। शीर्ष दो टीम 10 मार्च को फाइनल खेलेंगी।

### आयरलैंड ने अफगानिस्तान को हराकर पहला टेस्ट जीता



टॉलेरेंस ओवल, एजेंसी। आयरलैंड ने अबू धाबी में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराकर अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की है। अफगानिस्तान को दूसरी पारी में 218 रन पर समेटने के बाद आयरलैंड को 111 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने 4 विकेट पर हासिल कर लिया। एक समय आयरलैंड ने 40 रन पर अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। एंडी बालबर्नी और लॉरकन टकर ने टीम को संभाला। एंडी बालबर्नी नाबाद 58 रन बनाए। वहीं लोर्कान टकर 27 रन पर नाबाद रहे। आयरलैंड ने 31.3 ओवर में 4 विकेट पर 111 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। यह आयरलैंड की पहली टेस्ट जीत है। अफगानिस्तान की ओर से दूसरी पारी में नवीद जदरान को 2 विकेट मिले। निजात मसूद और जिया उर रहमान ने 1-1 विकेट लिए। मार्क अडायर के 5 विकेट की गेंदबाजी की बदौलत आयरलैंड ने अफगानिस्तान को 155 रन पर ढेर कर दिया था।

# मुंबई-तमिलनाडु के बीच रणजी के सेमीफाइनल में नजरें श्रेयस पर

## टेस्ट से बाहर और रणजी क्वार्टर फाइनल न खेलने पर केंद्रीय अनुबंध गंवाया

मुंबई, एजेंसी



भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर तमिलनाडु के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे रणजी के सेमीफाइनल के जरिए 41 बार की चैंपियन मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे तो उनका इरादा अपनी उपयोगिता साबित करने का होगा। टेस्ट टीम से बाहर अय्यर को रणजी के क्वार्टर फाइनल नहीं खेलने पर बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। वह अब ग्रोइन की चोट से उबरकर सेमीफाइनल खेलने के लिए फिट हैं। तमिलनाडु की स्पिन गेंदबाजी के सामने मुंबई की बल्लेबाजी का दारोमदार अय्यर पर होगा। तमिलनाडु के कप्तान आरसाइ किशोर (47 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर एस अजित राम (41) इस सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। मुंबई के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे को छोड़कर सभी बल्लेबाजों ने योगदान दिया है। रहाणे 6 मैचों में एक ही अर्धशतक बना सके हैं। वहीं मुंबई का एक भी गेंदबाज शीर्ष दस में नहीं हैं। मोहित अवस्थी 32 विकेट लेकर 13वें स्थान पर है। मुंबई ने क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा पर पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई। मुशीर खान ने नाबाद 203 रन बनाए जबकि दसवें और 11वें नंबर के बल्लेबाज तनुष कोटियान और तुषार देशपांडे ने भी शतक जड़ा। वहीं तमिलनाडु ने सौराष्ट्र को हराया। यह देखना होगा कि तमिलनाडु के एन जगदीशन (821 रन) खोया फॉर्म हासिल कर पाते हैं या नहीं। उन्होंने टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में नाबाद 245 और 321 रन बनाए थे, लेकिन सात पारियों में अर्धशतक भी नहीं बना सके। बाबा इंद्रजीत (686) ने अच्छा प्रदर्शन किया है। वॉशिंगटन सुंदर के आने से तमिलनाडु का आक्रमण और मजबूत हुआ है। मुंबई के पास शीर्ष क्रम में पृथ्वी साव और भूपेन लालवानी जैसे बल्लेबाज हैं जबकि निचले क्रम में शार्दुल ठाकुर और शम्स मुलानी हैं।

### टीम में श्रेयस की मौजूदगी शानदार



मुंबई। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि श्रेयस अय्यर केंद्रीय अनुबंध संबंधित विवाद को छोड़कर शनिवार से तमिलनाडु के खिलाफ शुरू हो रहे रणजी के सेमीफाइनल में टीम के लिए धमाकेदार प्रदर्शन करें। श्रेयस के साथ झारखंड के इशान किशन को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिली क्योंकि दोनों अपनी टीम के लिए रणजी मैच में नहीं खेले थे। श्रेयस पीठ की दर्द की शिकायत से बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के क्वार्टरफाइनल में नहीं खेले थे। रहाणे ने कहा कि वह अनुभवी खिलाड़ी है। जब भी वह मुंबई के लिए खेले हैं, उनका योगदान शानदार रहा है।

### तमिलनाडु को कोच पर भरोसा

मुंबई। तमिलनाडु के कप्तान आरसाई किशोर ने कहा कि उनकी टीम रणजी के सेमीफाइनल में मुंबई के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। टीम कोच सुलक्षण कुलकर्णी के अनुभव और ज्ञान पर भरोसा करेगी। तमिलनाडु की टीम 2014-15 सत्र में रणजी के फाइनल में पहुंची थी तब उसे कर्नाटक से हार का सामना करना पड़ा था। साई किशोर ने कहा कि सुलु सर (कुलकर्णी) के पास हमेशा रणनीति होती हैं। वह मैच और अभ्यास के दौरान हमेशा चौकस रहते हैं और यह उनके सबसे अच्छे कौशल में से एक है। कप्तानी करते समय उन्होंने बहुत मदद की है।

# न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन की वापसी

वेलिंगटन,एजेंसी

### ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड टेस्ट श्रृंखला



पहली पारी में 204 रन से पिछड़ने के बाद न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के दूसरी पारी के 2 विकेट 13 रन पर गिराकर वापसी की। टिम साउदी ने स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के विकेट चटकाए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर उस्मान ख्वाजा पांच और नाथन लियोन 6 रन बनाकर खेल रहे थे। दिन की आखिरी गेंद पर स्लिप में साउदी ने लियोन को जीवनदान दिया। स्मिथ (0) पारी की तीसरी गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि लाबुशेन (2) पांचवें ओवर में आउट हुए।

ऑस्ट्रेलिया ने अपने कल के स्कोर 9 विकेट पर 279 रन से आगे खेलना शुरू किया और आखिरी विकेट लेने में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरा एक सत्र लग गया। कैमरन ग्रीन और जोश हेजलवुड ने 116 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को 383 रन तक पहुंचाया। ग्रीन 174 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने 12 के स्कोर पर 3 और 29 के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने 41 गेंद में अर्धशतक बनाया। न्यूजीलैंड की टीम 43.1 ओवर में 179 रन पर आउट हो गई। फिलिप्स ने 71 और मैट हेनरी ने 42 रन बनाए। केन विलियसमन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से दूसरी ही गेंद पर रन आउट हो गए। उन्होंने मिचेल स्टार्क की गेंद पर मिड आफ में शॉट खेला और रन लेने के लिये दौड़ पड़े। सामने से आ रहे बल्लेबाज विल यंग उनसे टकरा गए और लाबुशेन के थ्रो ने गिल्लियां बिखेर दी। फिलिप्स और टॉम ब्लंडेल ने छठे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। फिलिप्स ने 70 गेंद में 71 रन बनाए।

# वॉन ने बशीर को कहा- नया अश्विन

लंदन, एजेंसी





इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर के रूप में टीम को 'विश्व स्तरीय सुपरस्टार' मिल गया है जो भारत के रविचंद्रन अश्विन की तरह कामयाब हो सकता है। रांची में इंग्लैंड की 5 विकेट से हार के बावजूद 20 वर्ष के बशीर ने 8 विकेट लिए। इसमें पहली पारी के 5 विकेट हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ आफ स्पिनरों में शुमार अश्विन 5 दिनी क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय हैं। धर्मशाला में अगले सप्ताह वह अपना सौवां टेस्ट खेलेंगे। वॉन ने कहा कि हमें एक और विश्व स्तरीय सुपरस्टार मिल गया है। शोएब बशीर। दूसरे टेस्ट मैच में 8 विकेट। वह नया रवि अश्विन है जो हमने खोज निकाला है। हम इंग्लिश क्रिकेट के नए सुपरस्टार का जश्न मना रहे हैं। भारत ने इंग्लैंड को श्रृंखला में 3-1 से हरा दिया है लेकिन वॉन को यकीन है कि धर्मशाला में औपचारिकता के मैच में इंग्लैंड वापसी करेगा। वे अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारेंगे।

# बड़ी पारियों के लिए कुछ बदलाव किए : शेफाली

बेंगलुरू, एजेंसी



आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि उन्होंने अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में बदलने के लिए एक साल में अपनी शैली में छोटे मोटे बदलाव किए हैं, जिसका फायदा महिला प्रीमियर लीग में मिल रहा है। वर्मा ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए अर्धशतक जमाया और दूसरे विकेट के लिए एलिसे कैप्सी (46) के साथ 82 रन की साझेदारी की। उन्होंने कहा कि मैं पिछली बार डब्ल्यूपीएल में 30 या 40 के स्कोर पर आउट हो जा रही थी। उन पारियों से मैंने काफी कुछ सीखा। उसकी वजह से अब मैं अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में बदल पा रही हूं। प्रमुख बदलाव मानसिकता में किया है और इस लय को कायम रखना चाहती हूं। 15 साल में भारत के लिए खेलने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं 20 वर्षीय वर्मा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की मेग लानिंग के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का काफी फायदा मिला है। उन्होंने कहा कि जब कोई अनुभवी खिलाड़ी आपके साथ हो तो आपके हावभाव खुद ब खुद बदल जाते हैं। उनके जैसी खिलाड़ी के साथ खेलना गर्व की बात है। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से खेल को बदल दिया है।

## बॉलीवुड हलचल

# पेंटाली का गाना बेरहम घड़ियां रिलीज



मुंबई, एजेंसी। प्रतीक सहजपाल और पेंटाली सेन अभिनीत गाना बेरहम घड़ियां रिलीज हुआ है। पेंटाली सेन ने कहा, मैं प्रदर्शन के माध्यम से कहानी कहने की शक्ति में विश्वास करती हूं, प्रत्येक भूमिका दर्शकों से जुड़ने का अवसर है, मैं हमेशा सर्वश्रेष्ठ की कोशिश करूंगी और मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देती हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया और मेरे साथ हैं। प्रतीक ने कहा, बेरहम घड़ियां शानदार गाना है जिसे शबीना ने खूबसूरती से फिल्माया है और इसे सिनेमाई गुणवत्ता दी है। कास्टिंग बहुत स्वाभाविक रूप से हुई क्योंकि गाने के लिए कास्टिंग कर रहे सोनू मिश्रा ने सचमुच मुझे सड़क पर चलते हुए देखा और इस गाने की पेशकश की। प्रोड्यूसर्स के साथ मीटिंग हुई और उन्होंने तुरंत मुझे इस प्रोजेक्ट के लिए लॉक कर लिया। गदर की कोरियोग्राफर शबीना मैम ने इसे एक फिल्म की तरह शूट किया था।

### सृष्टि और माही का गीत होली में जान सॉरी की धूम



मुंबई, एजेंसी। गायिका सृष्टि भारती और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी होली गीत होली में जान सॉरी रिलीज हो गया है। ये गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। इस गाने में माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को फ़ोन पर समझाते हुए कहती है कि सुना ए जानू होत आटे आखिरी मिलन हो, हो जाईब अब हम दुसरा के धन हो राजा संघे खाईब अब चटनी पकौड़ी, होली में जानू सॉरी डाली रंग केहू अउरी' इस गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको सृष्टि भारती ने गाया है। इस गाने को गीतकार शुभदयाल सोहरा ने लिखा है, संगीत विकास यादव ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहिर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

# अंजना सिंह की प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह की फिल्म प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरु हो गई है। निर्माता दिनेश मंगल और निर्देशक मंजुल ठाकुर की आने वाली फिल्म प्रोडक्शन नंबर की शूटिंग भव्य मुहूर्त के साथ शुरु हो गई है। इस फिल्म का निर्माण मंगलम फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म को लेकर मंजुल ठाकुर ने कहा कि हम एक ऐसी कहानी को पिरोकर लाए हैं जो दर्शकों के लिए बेहद नई और मनोरंजक होगी। उन्होंने कहा कि अभी हमने फिल्म की शूटिंग शुरु कर दी है और हमारा सारा फोकस कहानी को पर्दे पर उतरने की है, जिसमें सभी कलाकारों का सपोर्ट मिल रहा है। दिनेश मंगल ने बताया कि बतौर निर्माता मेरे लिए यह महत्वपूर्ण फिल्म है। हम इस फिल्म के निर्माण में कोई कमी नहीं छोड़ने वाले हैं फिल्म अच्छी बने हम लोगों का यह प्रयास है, क्योंकि अच्छी फिल्में ही लोगों को पसंद आती हैं और उसी में फिल्म मेकिंग की सार्थकता है। वही अंजना सिंह ने कहा कि मेरा किरदार इस फिल्म में बेहद अहम है। यूं कहें कि केंद्रीय करेक्टर का किरदार मैं इस फिल्म में प्ले कर रही हूं। उम्मीद है कि हमेशा की तरह मेरी अभिनय आपको पसंद आएगी। फिल्म बेहद खास है। इसलिए खास तैयारी भी की है और उसे हिसाब से हम लोग अभी फिल्म में अपना पूरा फोकस कर रहे हैं। फिल्म की कहानी क्या है, इस पर मैं अभी बात नहीं कर सकती, लेकिन इतना जरूर कहूंगी कि जब आप फिल्म देखेंगे तो आप इसके मुरीद हो जाएंगे। मंगल फिल्म्स के बैनर से बन रही प्रोडक्शन नंबर वन में अंजना सिंह के साथ आनंद ओझा, जे नीलम बिष्ट, प्रेम दुबे, कौशल शर्मा, सृष्टि मिश्रा, शौर्य पाठक और मनोज टाइगर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। डीओपी सुनील अहीर हैं। एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर महेश उपाध्याय है, जबकि लेखक मनीष किशोर हैं। आर्ट डायरेक्टर नाजिद शेख हैं और डांस मास्टर मनोज गुप्ता जॉय हैं। प्रोडक्शन कंट्रोलर मनोज पांडेय और शिवम पांडेय हैं। कॉस्टयूम कविता सुनीता क्रिएशन का है जबकि म्यूजिक डायरेक्टर ओम झा और लिरिक्स अरविंद तिवारी का है। एसोसिएट डायरेक्टर पार्थ मिश्रा और अमृत कुमार हैं। स्टील फोटोग्राफर प्रधान गुप्ता और निखिल शाह हैं।

# फेयरी फोक को अलग अंदाज में रचा

*अपनी जल्द ही रिलीज होने वाली फिल्म 'फेयरी फोक' को करण गौर ने एक अलग अंदाज से रचा और इसमें पति-पत्नी मुकुल चड्ढा और रसिका दुगल को भी शामिल किया।*



पुरस्कृत निर्देशक करण गौर को अपनी पहली ही फीचर फिल्म 'क्षय' (कॉरोड) से काफी कामयाबी और सम्मान मिला। ये फिल्म जिसमें उन्होंने संगीत दिया, लिखा, निर्देशित और संपादित किया, वह शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में प्रदर्शित की गई और शंघाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के रूप में भी चुनी गई। एक प्रतिभाशाली संगीत निर्देशक और ध्वनि डिजाइनर के रूप में उन्होंने 'एनएच10', 'फोबिया', 'तितली' और 'हरामखोर' जैसी फिल्मों पर भी काम किया है। उनकी नवीनतम पेशकश 'फेयरी फोक' को सिडनी फिल्म समारोह, शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह, मामी (मुंबई) और मेलबर्न इंडियन फिल्म समारोह में प्रदर्शित किया गया है। फिल्म 1 मार्च को मुंबई, दिल्ली, गोवा, कोलकाता और बेंगलुरु के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है और करण इसे एक नई रचनात्मक और विषयात्मक खोज मानते हैं। जादुई यथार्थवाद में रची बसी ये फिल्म मानव संबंधों से जुड़ी रोचक और आत्मीय कथा है और करण कहते हैं, फिल्म का विचार मुझे निर्माता आलेख के साथ एक डॉक्यूमेंट्री बनाते वक्त आया। मैं पहले से ही 'इम्प्रोवाइजेशन' या एक नैसर्गिक अंदाज से कहानी कहने की प्रक्रिया को पसंद करता आया हूँ, क्योंकि इससे फिल्म में एक आजाद प्रवाह आता है। एक्शन और कट के बीच अभिनेताओं को सिर्फ एक इशारा भर देना और उन्हें अपने अंदाज में अभिनय करने के लिए प्रेरित करना बहुत रोचक रहा। मैं जॉन कैसावेट्स, माइक ली, जॉन-लूक गोदार्ड और हाल के रचयिता जैसे की स्वॉनबर्ग और लैरी डेविड के काम से भी परिचित था, जिन्होंने नैसर्गिक कला को सिर्फ रिहर्सल तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे परदे पर जीवंत किया। मैं बड़े-बड़े संवादों से भरी पटकथाओं से थक गया था और कुछ अलग करने का प्रयास करना चाहता था। करण ने 30 पेज का स्क्रिप्ट लिखा, जिसमें हर दृश्य की रूपरेखा अंकित है। साथ ही, उन्होंने 60 पेज का दस्तावेज लिखा, जिसमें हर किरदार के मूल भाव पर प्रकाश डाला। यह दूसरा दस्तावेज इसलिए था कि कोई भी किरदार या दृश्य अपने लक्ष्य से न भटके। जहां तक 'फेयरी फोक' की कहानी की बात है, तो इसमें कोडैकनाल और गोआ में बीते मेरे जीवन की झलक है। इन दोनों जगहों में, प्रकृति हर हाल में आपके दैनिक जीवन में प्रवेश करती है और आप उससे आंखे नहीं चुरा सकते हैं। रितिका और मोहित के किरदार के लिए रसिका दुगल और मुकुल चड्ढा को चुनने के बारे में उनका कहना है कि मैंने 'फेयरी फोक' के लिए उन्हें इसलिए चुना, क्योंकि वे एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं और उन्हें कैमरे के लिए नए सिरे से एक वैवाहिक दम्पति की तरह व्यवहार करने की जरुरत नहीं थी। बस उन्हें रिश्ते की प्राकृतिकता के साथ किरदार निभाना था और उनकी जटिलताओं को खोजना था। जब आपके पास दो ऐसे अभिनेता होते हैं जो वास्तव में एक-दूसरे से जुड़े हैं तो उन्हें यह नहीं सिखाना पड़ता है कि एक दम्पति कैसे बात करते हैं। रसिका और मुकुल पहले ही दिन ही कहानी के तहों तक जा पहुँचे थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

## एक नजर

### किशोर की पिटाई में तीन के खिलाफ मुकदमा

**तारुन अयोध्या।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत घुरीटीकर में किशोर की पिटाई के मामले में ग्राम सभा निवासी सहित दो अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया हैं। गांव निवासी विनिता निषाद ने बताया देवर शनि निषाद (11)को कुछ लोगों ने मारा पीटा। थाना प्रभारी ओपी राय ने बताया कि घनश्याम व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### फोटो खींचने से मना करने पर युवक को पीटा, केस

**बीकापुर अयोध्या।** बरात में फोटो खींचने से मना करने पर युवक की पिटाई करने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इनायत नगर थाना क्षेत्र के आदिलपुर निवासी विजय कुमार का आरोप है कि 27 फरवरी को उनके गांव आदिलपुर से गांव निवासी राम नारायण मिश्रा के पुत्र का वैवाहिक कार्यक्रम था। रात में बारात बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के लुत्फाबाद बछौली मथुरा पाण्डेय का पुरवा गई थी। गांव के निवासी आरोपी वीरेन्द्र, घनश्याम तिवारी, मंगेश मणि उनकी फोटो खींच रहे थे। आरोप है कि मना करने पर गाली गलौज करते हुए मारा पीटा। बीकापुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने झुठलाया बेटे द्वारा मां की हत्या का दावा

## चर्चित रंगकर्मी गोपाल कृष्ण ने सोशल मीडिया पर तीन पेज का पत्र पोस्ट कर कही थी मां की हत्या करने की बात

अयोध्या कार्यालय


घर पर छानबीन करती पुलिस।


सोशल मीडिया पर वायरल पत्र। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के टेढ़ी गली निवासी 85 वर्षीय कृष्णा देवी के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने उसके बेटे के दावे को झुठला दिया है। काफी दिनों से बीमार चल रही बुजर्ग महिला की मौत सेप्टिसेनिया और फेफड़े में संक्रमण के चलते हुई पाई गई है। मृतका के फेफड़े में मवाद भरी हुई थी। जबकि भोर में उसके बेटे और चर्चित रंगकर्मी व कारोबारी ने सोशल मीडिया पर तीन पेज का पत्र पोस्ट कर मां की हत्या करने का दावा किया था और सुबह खुद ही कोतवाली पहुंच गया था। इसके बाद सक्रिय पुलिस के घर पहुंचने पर परिवार के सदस्यों को मामले की जानकारी हुई थी। अन्य भाइयों की ओर से स्वाभाविक मौत का दावा किये जाने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया था और तीन डाक्टरों के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम कराया।

**बीमार चल रही बुजर्ग महिला की मौत सेप्टिसेनिया और फेफड़े में संक्रमण के चलते हुई**

कभी कम्युनिस्टपार्टी के वरिष्ठ चिंतकों में शामिल तथा रंगमंच पर एक नामचीन चेहरे रहे लगभग 62 वर्षीय गोपाल कृष्ण वर्मा ने अपने परिचितों और शुभचिंतकों को शुक्रवार की सुबह सोशल मीडिया पर तीन पेज का पत्र पोस्ट किया था। चौक-जमुनियाबाग मार्ग पर स्थित जीके कार्ड सेंटर के नाम से दुकान चलाने वाले गोपाल ने भोर 3.12 बजे लिखे इस पत्र में कर्ज से परेशानी के चलते अपनी बुजुर्ग मां की हत्या की बात कही थी। लिखा था कि उनकी हालत को लेकर मां की चिंता और कष्ट देखा नहीं जा रहा। अपने प्रति दुलार उनको पशोपेश में डाले हुए था, जिसके चलते मां की हत्या का निर्णय लेना पड़ा। पत्र में अपनी बहन कम्मो का इस घटना से अत्यंत दुखी होने तथा भाइयों की ओर से कर्ज से उबारने के प्रयास का जिक्र किया था। साथ ही कर्जदारों से भी क्षमा याचना की थी और और खुद को कोतवाली पहुंच पुलिस के हवाले किया था। पुलिस ने घर जाकर जांच-पड़ताल की और विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम से साक्ष्य संकलन कराया लेकिन कोई आपत्तिजनक चीज नहीं मिली। वहीं भाइयों ने भी किसी अनहोनी से इंकार किया तथा मां कृष्णा देवी की मौत को स्वाभाविक बताया। रात में मृतका के बगल स्थित बिस्तर पर लेटे दिव्यांग पुत्र बालकृष्ण वर्मा उर्फ़ राजू ने भी किसी घटना से इंकार किया। भाई अनुराग वर्मा ने किसी अनहोनी से इंकार करते हुए बताया कि मां और गोपाल दोनों का इलाज चल रहा है। बीमारी के चलते दोनों मानसिक अवसाद की स्थिति में पहुँच गए थे। वहीं पूछताछ में गोपाल कृष्ण भी अपने दावे को पुष्ट नहीं कर पाए और अवसाद के चलते इधर-उधर की बात करते रहे तो पुलिस ने उनको परिवार के हवाले कर दिया।

एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि टेढ़ी गली निवासी एक बुजुर्ग महिला की मौत की सूचना पर कोतवाली पुलिस जाँच-पड़ताल के लिए गई थी। मौके से कोई चोट-खरोंच नहीं मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी बीमारी के चलते मौत की बात सामने आई है। पुलिस को ऐसा कोई पत्र नहीं मिला है, मृतका के बेटे गोपाल कृष्ण की दिमागी हालत ठीक न होने के चलते परिवार को उनका समुचित उपचार कराने का परामर्श दिया गया है।

## आज रामलला का दर्शन करेगी गुजरात कैबिनेट

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला के दर्शन-पूजन के लिए शनिवार को गुजरात कैबिनेट रामनगरी पहुंचेगी। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सुबह करीब 11 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचेगा। जहां उनका स्वागत सरकार की तरफ से कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व संगठन की तरफ शैलेंद्र कोरी करेंगे। वहीं चार मार्च को मध्य प्रदेश की कैबिनेट भी रामनगरी पहुंचेगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में उनकी कैबिनेट रामलला का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लेगी।

### घर में पंखे से लटका मिला युवती का शव

**मसौधा,अयोध्या।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के महावां गाव में शुक्रवार को युवती का शव घर के अंदर छत के पंखे के सहारे लटका मिला। थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा ने बताया कि खुशी (22) पुत्री पुत्तीलाल का शव उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। बताया परिजनों ने आत्महत्या की बात बताते हुए कोई तहरीर नहीं दी है। पुलिस जांच कर रही है।

# खेल से अब युवा बना रहे कॅरियर

**भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य बोलीं- प्रतियोगिताओं से पुर्नस्थापित हुए प्राचीन खेल**

**मकबरा स्टेडियम में हुआ तीन दिवसीय सांसद प्राइज मनी महिला खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन**


रस्साकशी प्रतियोगिता की शुरूआत करतीं मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद दर्शना सिंह। साथ में अयोध्या सांसद व महापौर।

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** पूर्व में सरकारों ने खेलों को प्रोत्साहित नहीं किया। मोदी सरकार ने इसको प्रोत्साहित करना शुरू किया तो युवाओं की सोच बदली गई। युवा अब खेल को भी व्यवसाय रूप में स्वीकार करने लगे हैं और इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बना रहे हैं।

ये बातें शुक्रवार को भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य दर्शना सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि लगभग लुप्तप्राय हो चुके गांवों के प्राचीन खेलों को प्रतियोगिता में शामिल किये जाने के चलते इन खेलों को पुर्नस्थापित होने का मौका मिला है। सौभाग्य से मैं भी उसी सदन की सदस्य हूं, जिस सदन में पीटी उषा बैठती हैं। जिस तरह से वह धैर्य पूर्ण तरीके से सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेती है,यह साबित करता है कि जीवन का यह धैर्य खिलाड़ी जीवन से मिलता है। तीन बच्चों की मां होते हुए भी मैरीकॉम ने बॉक्सिंग की प्रैक्टिस जारी रखी, यह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।


प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी में एक दूसरे की टीम से भिड़ी खिलाड़ी। अमृत विचार

### 15 हजार तक मिलेगा इनाम

तीन दिसवसीय सांसद प्राइज मनी खेल प्रतियोगिता में कबड्डी, खोखो, रस्साकशी के विजेता को 15 हजार व उपविजेता को को 11 हजार रुपये दिए जाएंगे। वहीं लंबी कूद व दौड़ प्रतियोगिता के लिए प्रथम पुरस्कार 5100, द्वितीय पुरस्कार 3100 व तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये तय किया गया है।

वो डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मकबरा में आयोजित सांसद प्राइज मनी खेल प्रतियोगिता का झंडारोहरण व दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम में मौजूद खिलाडियों और अन्य को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कबड्डी व रस्साकसी के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके पूर्व स्टेडियम पहुंचने पर राज्य सभा सदस्य का महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने तिलक लगा और माला पहना कर उनका स्वागत किया। छात्राओं के समूह ने स्वागत में नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बालिकाओं की खेल के प्रति रूचि बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार आया है। संचालन नेहा तिवारी ने किया। इस अवसर पर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह, ब्लॉक प्रमुख अभिषेक सिंह, गोसाईगंज चेयरमैन विजय लक्ष्मी जायसवाल, आईएमए अध्यक्ष डॉ. मंजूषा पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### पहले दिन बाजी रही इनके हाथ

प्रतियोगिता में पहले दिन खो–खो में रामपुर भगन ने तारून, ग्रामोदय कन्या इंटर कॉलेज ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीकापुर, सराय बरई ने राम चरन इंटर कॉलेज, माध्यमिक विद्यालय बीकापुर ने जिला क्रीडा समिति तथा कम्पोजिट विद्यालय खंडासा ने महाराजा इंटर कॉलेज को पराजित किया। वहीं कबड्डी में आनंद एकेडमी की टीम ने उमापुर मवई, बनी कोडर ने उमापुर मवई , पूर्व मा .वि . चौरे बाजार ने महाराजा इंटर कॉलेज, केटी पब्लिक स्कूल ने बालिका विद्यालय रामपुर, कम्पोजिट विद्यालय खंडासा ने श्री रामबल्लभा इंटर कॉलेज, ग्रामोदय कन्या इंटर कॉलेज ने स्टेडियम डाभासेमर,जन समाज इंटर कॉलेज ने टीएनआईसी बीकापुर, रामपुर भगन ने मैथेडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज,कस्तूरबा गांधी स्कूल की टीम ने श्री रामचरन इंटर कॉलेज कुमारगंज और एचसीजे एकाडमी की टीम ने स्टेडियम डाभासेमर की टीम को पराजित किया।

## एलएलबी की परीक्षा में 39 नकलची धरे गए

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय विषम सेमेस्टर की चल रही परीक्षा में शुक्रवार को द्वितीय पाली में सचलदल की सघन तलाशी में सिटी लॉ कालेज बाराबंकी में 39 परीक्षार्थी नकल करते धरे गए। इन परीक्षार्थियों पर नियमानुसार कार्यवाही की गई। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि एलएलबी विषम सेमेस्टर की परीक्षा के साथ एमएससी एजी की परीक्षा दो पालियों में चल रही है। अन्य कॉलेजों में शुक्रवार की परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हुई।



# शिक्षक और कर्मचारी भी नहीं ले जा सकते मोबाइल

अयोध्या कार्यालय

**आगरा पेपर लीक कांड के बाद शिक्षा निदेशक ने जारी किया प्रतिबंध**

**अमृत विचार :** आगरा में गुरुवार को हुए कथित पेपर लीक कांड के बाद परीक्षा केंद्रों पर अब शिक्षकों और कर्मचारियों का मोबाइल भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।

शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव की ओर से शुक्रवार को जारी आदेश के तहत परीक्षा केन्द्र परिसर के अंदर मोबाइल फोन अथवा ऐसे इलेक्ट्रानिक संयंत्र जिससे साधन प्रयोग की आशंका हो, ले जाने की अनुमति बिल्कुल न दी जाए। कक्ष निरीक्षकों एवं परीक्षा कार्य में संलग्न अन्य कर्मियों के मोबाइल फोन मुख्य प्रवेश द्वारा पर अथवा उसके निकट रखने की व्यवस्था डीआईओएस व केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा की जाए। किसी भी दशा में मोबाइल उस कक्ष में न रखे जाए जहां प्रश्नपत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएं रखी हों। शासन से निर्देश दिए गए हैं कि केन्द्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा कार्य में लगा कोई भी व्यक्ति केन्द्र के अंदर मोबाइल लेकर प्रवेश न करे। स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अतिरिक्त कोई भी कर्मचारी मोबाइल का प्रयोग करता है तो तत्काल कार्रवाई की जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि निर्देश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# काशी और मथुरा में बनेगा भव्य मंदिर : उमा भारती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का कार्य पूरा हो रहा है। अब काशी और मथुरा में मंदिर निर्माण का इंतजार भी जल्द खत्म होगा। यह बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री व रामजन्मभूमि मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाली साध्वी उमा भारती ने कहीं।

वे शुक्रवार को यहां दर्शन-पूजन के लिए पहुंची थीं। उन्होंने रामजन्मभूमि मंदिर के अलावा हनुमानगढ़ी व कनक भवन में भी दर्शन किया। काशी और मथुरा के मामले पर उन्होंने कहा कि इसकी सुनवाई कोर्ट में है। लेकिन मथुरा और काशी में मंदिर बनना बहुत जरूरी है। मेरी आस्था मेरे दिल में है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कभी भी अपनी पूर्ण जिम्मेदारी नहीं निभाई है। विपक्ष का काम आलोचना करना ही नहीं बल्कि देश के प्रति कुछ जिम्मेदारी भी होती है। विपक्ष को जो मुख्य मुद्दे उठाए जाने थे, उसे नहीं उठाया। उन पर बोलना अपना अपमान समझते थे। इसलिए अब वोट उन लोगों के खिलाफ पड़ना है। आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 15 से 20 सीटों पर सिमट कर रह जाएगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की खुलकर प्रशंसा। कहा जल्द ही अयोध्या नगरी विश्व का सबसे बड़ी पर्यटन स्थल बनने जा रही है। आने वाले समय में मुस्लिम के सबसे बड़े धार्मिक स्थल मक्का मदीना को भी पीछे छोड़ देगी और यहां प्रशासन को व्यवस्थाओं में भी बड़ा परिवर्तन करना पड़ेगा।


रामलला व हनुमानगढ़ी का दर्शन कर लौटतीं पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती।

**पूर्व केंद्रीय मंत्री ने रामलला का दर्शन-पूजन कर लिया आशीर्वाद**

## सार-संक्षेप

### यात्री सेवा व संरक्षा को वरीयता देते हुए करें काम


निरीक्षण के दौरान यात्रियों से बातचीत करतीं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक उत्तर रेलवे।

**अयोध्या, अमृत विचार :** यात्री सेवा व संरक्षा को वरीयता देते हुए कार्य किए जाएं। ये निर्देश उत्तर रेलवे के मुख्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली की वरिष्ठ उप महाप्रबंधक डॉ. मोनिका अग्निहोत्री ने दिए।वो शुक्रवार को अयोध्या धाम जंक्शन का निरीक्षण कर रहीं थीं। उन्होंने अयोध्या कैंट सहित अन्य निकटवर्ती स्टेशनों दर्शननगर व सालारपुर का भी निरीक्षण कर स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, यात्री प्रबंधन की नीति, आस्था कमांड सेंटर, एकीकृत कमांड सेंटर, प्लेटफॉर्म, स्टेशन परिसर, टिकटिंग प्रणाली सहित अन्य समस्त व्यवस्थाओं की जानकारी ली। विशेष गाड़ियों से आए यात्रियों से संवाद कर उनके विचारों से अवगत हुईं। इस निरीक्षण कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक अयोध्या सचिन वर्मा सहित मण्डल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### मानव संपदा पोर्टल पर अब देना होगा संपत्ति का ब्योरा

**अयोध्या, अमृत विचार :** शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मियों को भी अब अपनी चल और अचल संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर देना होगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से 27 फरवरी को इस आशय का बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया था। इसके अनुसार प्रथम चरण का ऑनलाइन प्रशिक्षण भी यूट्यूब के जरिए शुक्रवार को हुआ। यूट्यूब लिंक महानिदेशक एवं राज्य परियोजना निदेशालय की ओर से जारी किया गया है। बीएसए संतोष कुमार रायने बताया कि मानव संपदा पोर्टल पर चल और अचल संपत्ति का ब्योरा देने का आदेश आया है। सभी को अनुपालन के निर्देश दिए गए हैं। पहला प्रशिक्षण शुक्रवार को कराया गया है।

### अपहृत किशोरी 24 घंटे में मिली, रिपोर्ट दर्ज

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहृत किशोरी को पुलिस ने 24 घंटे में खोज लिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजवाया है। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार देर शाम खेत के लिए निकली किशोरी गायब हो गई थी। खोजबीन कर थके हारे परिजनों ने घटना की तहरीर पूरा कलंदर पुलिस को दी और पुत्री के अपहरण करने का अंदेशा गांव के ही एक युवक पर जताया। पुलिस अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुट गई। थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा के बताया कि घटना के 24 घंटे में किशोरी खोजकर उसे मेडिकल व मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान के लिए भेजा गया है। जैसे –जैसे तथ्य सामने आएंगे कार्रवाई की जाएगी।

### प्रो. प्रतिभा राय बनी शिक्षा संकायाध्यक्ष



**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने साकेत महाविद्यालय की प्रो. प्रतिभा राय को शिक्षा संकाय का संकायाध्यक्ष नियुक्त किया है। कुलपति के शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार प्रो. राय का कार्यकाल अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से तीन वर्ष अथवा अधिवार्षिता आयु पूरा होने तक अथवा अग्रिम आदेशों तक जो भी पूर्व में तक के लिए किया गया।

### स्वास्थ्य शिविर : छह महिलाएं हाई रिस्क से ग्रसित मिलीं

**बीकापुर अयोध्या। अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस अभियान के तहत शुक्रवार को सीएचसी बीकापुर में स्वास्थ्य शिविर लगा। 52 महिलाओं का पंजीकरण किया गया। डॉ. प्रतीक्षा वर्मा नेबताया कि महिला स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने गर्भवती महिलाओं की विभिन्न प्रकार की जांच की। जिसमें छह महिलाएं हाई रिस्क की पाई गई। जिन्हें जिला महिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। शिविर में आई गर्भवती महिलाओं को फल का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य शिविर में स्टाफ नर्स प्रिया वर्मा, अजितेश शुक्ला, प्रतिभा, एएनएम नीलम आदि शामिल रही।

### गन्ना किसानों का किया भुगतान

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड, यूनिट – रौजागांव द्वारा वर्तमान पेराई सत्र 2023–24 का 23 फरवरी तक क्रय किए गए गन्ने का गन्ना मूल्य 9 .03 करोड़ रुपये का भुगतान दिनांक एक मार्च को कर दिया गया है। इकाई प्रमुख सुधीर कुमार ने कृषको से अनुरोध किया है कि जिस क्षेत्र में प्रजाति को 0238 में रेडरॉट का प्रकोप आ गया है। उस क्षेत्र के किसान अपने संबंधित मिल स्टाफ से मिल कर गन्ना बीज नर्सरी से ले सकते हैं। जिन खेतों में रेडरॉट का प्रकोप है उस खेत में पेड़ी गन्ना न लें।

# रजिस्ट्रार व शाखा प्रबंधकों समेत सात के खिलाफ दर्ज करें केस

अयोध्या कार्यालय

**कोर्ट ने दिए आदेश, मामला बैंक से 30 लाख रुपये निकाल लेने का**

**अमृत विचार :** पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक गोसाईगंज, नगर पंचायत के रजिस्ट्रार, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक और हेड कैशियर समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश हुआ है। यह आदेश सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट अतुल पाल की अदालत से शुक्रवार को हुआ।

फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता केके सिंह ने बताया कि अरविंद उपाध्याय निवासी कटरा थाना गोसाईगंज के पिता राम यश उपाध्याय व्यवसाय करते थे। माता-पिता के नाम से संयुक्त खाता पंजाब नेशनल बैंक शाखा गोसाईगंज व सेंट्रल बैंक शाखा गोसाईगंज में खोला गया। जिसका उपयोग दोनों लोग करते रहे। राम यश उपाध्याय की मृत्यु हो जाने के बाद खातों का संचालन उनकी पत्नी के द्वारा किया जाता था। सेंट्रल बैंक में माता-पिता के द्वारा अरविंद उपाध्याय को नॉमिनी नियुक्त किया गया था। अरविंद के भाई प्रवीण उपाध्याय ,बहन वंदना उपाध्याय उर्फ वंदना पांडे द्वारा पंजाब नेशनल बैंक शाखा गोसाईगंज के प्रबंधक और हेड कैशियर तथा सेंट्रल बैंक के प्रबंधक और हेड कैशियर की मिली भगत से 30 लाख रुपये 14 मार्च 2022 को वंदना के खाते में ट्रांसफर करा लिये। इसके अतिरिक्त अन्य तमाम धनराशि बैंक अधिकारी व कर्मचारियों के साजिश व षड्यंत्र से निकासी की गई। सेंट्रल बैंक शाखा गोसाईगंज के प्रबंधक और हेड कैशियर द्वारा साजिश करके अरविंद का नाम नॉमिनी के कालम से खारिज कर दिया। कूट रचित आवेदन व शपथ पत्र देकर माता का मृत्यु स्थान गोसाईगंज दर्शाकर अनैतिक तरीके से लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु पंजीयन नगर पंचायत गोसाईगंज के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी किया गया ।मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने प्रवीण कुमार उपाध्याय निवासी कटरा, वंदना उपाध्याय, शाखा प्रबंधक व हेड कैशियर पंजाब नेशनल बैंक ,रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु नगर पंचायत गोसाईगंज, शाखा प्रबंधक व हेड कैशियर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश किया है।

## चुनाव के लिए सहायक व्यय प्रेक्षक नियुक्त

**अयोध्या,अमृत विचार :** चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए सहायक व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने शुक्रवार को बताया कि लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए आयोग के निर्देश पर निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए सहायक व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। सभी को आयोग के दिशा–निर्देश का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# यूपी बोर्ड परीक्षा : 48 घंटे बंद रहे सीसीटीवी, नोटिस जारी

## जनता इंटर कॉलेज जयसिंह मऊ का मामला, केन्द्र व्यवस्थापक से हटाए जाने की चेतावनी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा के दौरान जिले के एक परीक्षा केंद्र में एक दो नहीं बल्कि 48 घंटे से अधिक सीसीटीवी ऑफलाइन रहे। डीआईओएस और निगरानी सेल द्वारा बार-बार फोन करने के बाद भी ऑनलाइन नहीं हुए बल्कि केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा ऑनलाइन होने की झूठी सूचना दी जाती रही। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने शुक्रवार को केन्द्र व्यवस्थापक को नोटिस जारी कर हटाए जाने की चेतावनी दी है।

मामला जनता इंटर कॉलेज जयसिंह मऊ से जुड़ा हुआ है। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि राजकीय इंटर कॉलेज के जनपदीय कंट्रोल रूम प्रभारी द्वारा 28 फरवरी की शाम व रात में दूरभाष पर अनुरोध किया गया कि ऑनलाइन निगरानी के दौरान परीक्षा केंद्र का डीवीआर - सीसीटीवी ऑफलाइन होने के कारण विजिबल नहीं है। आपके द्वारा प्रकरण को गम्भीरता से नहीं लिया गया। मैंने खुद रात में ऑनलाइन निगरानी के दौरान फोन किया कि परीक्षा केंद्र का डीवीआर और सीसीटीवी ऑफलाइन है। इसके बाद भी केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा ऑनलाइन नहीं किया गया।



जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से निगरानी करतीं शिक्षिकाएं।

**डीआईओएस और निगरानी सेल के फोन के बाद भी नहीं हुए ऑनलाइन**

नोटिस में कहा गया है कि यह निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। जो केन्द्र व्यवस्थापक की लापरवाहीपूर्ण, नियमविरूद्ध कार्यशैली को दर्शाता है। चेतावनी देते हुए लिखा कि अनियमितताओं, कमियों के कारण क्यों न आपको प्रधानाचार्य और केन्द्र व्यवस्थापक के पद से हटाते हुए विभागीय कार्यवाही प्राराम्भ कर दी जाए। बोर्ड परीक्षा प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि केन्द्र व्यवस्थापक के रूप में गोपाल सिंह तैनात हैं। अभी तक केन्द्र व्यवस्थापक का स्पष्टीकरण नहीं आया है।

### राजपति इंटर कॉलेज में गायब मिली कई दिनों की रिकॉर्डिंग

तकमीनगंज स्थित राजपति इंटर कॉलेज केवलापुर में भी बड़ी गड़बड़ी मिली है। क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी के ऑनलाइन निगरानी सेल ने यह गड़बड़ी पकड़ी है। यहां परीक्षा केंद्र पर डीवीआर और सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग गुरुवार और उससे पहले की नहीं पाई गई है। इसके अलावा एक परीक्षा कक्ष में अधिक लोग एकत्रित पाए गए। रिकॉर्डिंग न होने से परीक्षा की सुचिता और पारदर्शिता संदेह के घेरे में है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने केन्द्र व्यवस्थापक को नोटिस जारी करते हुए दो दिन में स्पष्टीकरण तलब किया गया है। संतोषजनक उत्तर न पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

> यह एक बेहद गंभीर प्रकरण है। मैने खुद रात में निगरानीके दौरान फोन और वीडियो कॉल की थी। बताया जाता रहा सबकुछ ऑनलाइन है। चेतावनी दी गई है और कार्रवाई भी की जाएगी। -डॉ. राजेश कुमार आर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक

### यूपी बोर्ड के 33 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**अयोध्या। अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में शुक्रवार को छठे दिन कुल 33 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। प्रथम पाली में हाईस्कूल मानव विज्ञान में जिले में कोई भी परीक्षार्थी पंजीकृत नहीं रही। वहीं इंटरमीडिएट की उर्दू, गुजराती, पंजाबी और बंगला विषय की परीक्षा में कुल 428 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 395 उपस्थित हुए जबकि 33 ने परीक्षा छोड़ दी। इनमें 12 छात्र और 21 छात्राएं हैं। बोर्ड परीक्षा प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सभी केंद्रों पर शुक्रवार की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।



## एक नजर

### अवैध खनन में दो डंपर व जेसीबी सीज

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना पटरंगा पुलिस ने शुक्रवार को अवैध मिट्टी खनन में दो डंपर व जेसीबी को सीज किया है। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि सूचना मिली कि ग्राम गोसाई का पुरवा में अवैध खनन हो रहा है।मौके पर गए उप निरीक्षक मदनपाल को गोसाई पुरवा में अवैध खनन होता मिला। पुलिस देख लोग भाग गए। मौके पर मिले दो डंपर व जेसीबी को सीज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### श्री श्याम सकीर्तन फागुन महोत्सव पांच को

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार :** नगर के रूदौली नयागंज में श्री श्याम युवा मंडल के तत्वावधान में ओम हरि आर्य लान में पांच दिन को श्री श्याम सकीर्तन फागुन महोत्सव मनाया जाएगा। मुख्य गायक के रूप में मोहित अयोध्या, दलजीत सिंह जयपुर, धीरज तिवारी, विशाल रस्तोगी व मुख्य गायिका खुशबू मिश्रा होगीं। महाआरती व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। यह जानकारी मंडल के सदस्य उत्कर्ष गुप्ता ने शुक्रवार को दी।

### जन चौपाल में सुनीं गईं शिकायतें

**बीकापुर अयोध्या। अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के दो ग्राम पंचायतों देवापुर और मजरुद्दीनपुर ग्राम पंचायत में शुक्रवार को ग्राम जन चौपाल हुई। देवापुर ग्राम पंचायत की चौपाल ग्राम प्रधान बब्बन यादव और मजरुद्दीनपुर में प्रधान प्रतिनिधि धनंजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। सहायक विकास अधिकारी पंचायत रविंद्र वर्मा, पंचायत सचिव राजकुमार यादव और धनंजय मौर्य ने लोगों से संवाद करके उनकी समस्या का निस्तारण किया। एडीओ पंचायत रवींद्र वर्मा ने बताया कि दोनों ग्राम पंचायत में मनरेगा द्वारा कराए गए कार्यों का सत्यापन भी किया गया।

# शताब्दी समारोह में हुआ देव यज्ञ और वेदोपदेश

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रामपथ स्थित निशुल्क गुरुकुल महाविद्यालय में चल रहे चार दिवसीय शताब्दी समारोह के दूसरे दिन शुक्रवार के कार्यक्रमों की शुरुआत देव यज्ञ और वेदोपदेश से हुई। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शताब्दी समारोह के दूसरे दिन सुबह 8 से 10 बजे गुरुकुल परिसर में आचार्य उमा दयाल मिश्र के नेतृत्व में यज्ञ हवन का आयोजन हुआ। जिसमें यजमान के रूप में लघु उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, एकता अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, विनय मनूचा, सत्यभानु, शंकरदयाल मिश्र व पं. दीनानाथ शास्त्री रहे। संस्था के मंत्री भानुप्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर उद्‌घाटन करने के बाद कैसरगंज के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि वैदिक व्यवस्था में गौ का विशेष महत्व रहा है। आज भी गौ संरक्षण की विशेष जरुरत है। इसके लिए सरकार की ओर से अनेक योजनाओं का संचालन भी किया जा रहा है। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के लाभ का विस्तार से वर्णन करते हुए लोगों से स्वदेशी को अपने जीवन का अंग बनाने की अपील की।

इसके बाद नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं की दशा-दिशा और उनके योगदान पर चर्चा हुई। कार्यक्रम संयोजक पं.दीनानाथ शास्त्री व भानुप्रताप सिंह ने सभी का स्वागत व अभिनन्दन किया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारी अंजनी गर्ग उपाध्याय, महेशचंद्र तिवारी, इंद्रदेवदास आचार्यगण वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, राम प्रकाश चौबे, श्रवण कुमार मिश्र, राजेन्द्र कुमार तिवारी, राजेश तिवारी, दया शंकर शुक्ल,बृजमोहन भार्गव व अरुण शास्त्री, रघुनन्दन मिश्र आदि ने अपने विचार रखे।



दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत करते सांसद बृजभूषण शरण व अन्य।

# कृषि क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन प्रमुख समस्या

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** जलवायु परिवर्तन के कारण वातावरण में कई तरह के बदलाव होते रहते हैं, जो कृषि क्षेत्र को प्रभावित करते हैं। फसलों की पैदावार कम हो जाती है साथ ही उपज की पोषण गुणवत्ता भी कम हो जाती है। जलवायु व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए 33 प्रतिशत क्षेत्र को जंगल के रूप में तैयार करना बड़ी चुनौती है। ये बातें शुक्रवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहीं।

वो विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान प्रेक्षागृह में जलवायु परिवर्तन एवं कृषि में प्रभाव विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। कृषि महाविद्यालय एवं उद्यान वानिकी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में हो रही संगोष्ठी का शुभारंभ नाबार्ड के महाप्रबंधक विनोद कुमार ने जल भरो के साथ किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन हम सभी के सामने एक बड़ी चुनौती बनकर खड़ा है। इस समस्या से निपटने के लिए सभी को एक साथ मिलकर आगे आना होगा।इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्तम कार्य करने वाले किसान शबीना खातून, राजित राम वर्मा, बंदना सिंह, राजबहादुर बर्मा को सम्मानित किया गया। कुलपति व अन्य अतिथियों ने कंपेन्डियम का विमोचन किया।डॉ. उलमन यशमिता नितिन ने संयोजन किया। अधिष्ठाता डॉ. संजय पाठक एवं धन्यवाद ज्ञापन डर्ज्ञ. उलमन यशमिता नितिन ने किया। संचालन डॉ.सीताराम मिश्रा ने किया।



संगोष्ठी में उत्कृष्ट किसान को सम्मानित करते कुलपति व नाबार्ड के अधिकारी।

**जलवायु परिवर्तन एवं कृषि में प्रभाव विषय पर हुई संगोष्ठी**

# कोर्ट के आदेश के बाद भी पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी के सहारे एक लाख 59 हजार रुपये हड़पने के मामले में न्यायालय के आदेश के बावजूद रिपोर्ट दर्ज न करना थाना तारून पुलिस को महंगा पड़ गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय बलराम दास ने पीड़ित पक्ष की अर्जी को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष से आख्या तलब किया है।अगली तिथि 5 मार्च को नियत किया गया है। वादी मुस्ताक अहमद के अधिवक्ता मोहम्मद अहसान ने अदालत में आवेदन दिया था। प्रार्थना पत्र में कहा है कि न्यायालय के द्वारा 25 जनवरी को थाना तारुन की पुलिस को मामले में 7 दिन के अंदर रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया था। थाना तारून की पुलिस द्वारा न तो कोई रिपोर्ट दर्ज की गई और ना ही किसी प्रकार की विवेचना ही की जा रही है।

**विदेश भेजने के नाम पर 1 लाख 59 हजार ठगी का मामला**

आरोप है कि तारून थाना के आगागंज निवासी मुस्ताक अहमद ने पासपोर्ट बनवाया था। इसी बीच उसका संपर्क पंकज निषाद निवासी गोविंद थाना महरुआ जनपद अंबेडकर नगर से हुआ और पंकज निषाद घर आया और कहने लगा कि यदि तुम्हें विदेश जाना हो तो मेरी बुआ के लड़के पंकज कुमार उर्फ गोलू निवासी आजमगढ़ लोगों को विदेश भिजवाता है तुम्हारा संपर्क उससे करवा दूंगा। पंकज निषाद ने उसे विदेश भिजवाने के नाम पर एक लाख 59 हजार रुपए जालसाजी के सहारे हड़प लिया।

# प्रदेश सरकार ने बदली बेसिक स्कूलों की सूरत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बच्चों में बुनियादी कौशल विकास के लिए बीआरसी बीकापुर के प्रांगण में हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन हुआ। प्रत्येक न्याय पंचायत के कक्षा एक दो तथा तीन क्लास के 3 निपुण बच्चों और आंगनबाड़ी बाल वाटिका के निपुण लक्ष्य प्राप्ति 2 बच्चों और उनके शिक्षक और अभिभावकों को विधायक अमित सिंह चौहान द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव और संचालन हरिओम सिंह ने किया। छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति की गई। विधायक अमित सिंह चौहान ने कहा कि वर्तमान में योगी सरकार बेसिक शिक्षा की नींव को लगातार मजबूत करने का काम कर रही है। सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा में अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है।



बीकापुर बीआर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। अमृत विचार

**शिक्षा विभाग में सरकार द्वारा हो रहे बेहतर प्रयास : ब्लॉक प्रमुख**

ब्लाक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा ने कहा कि सरकार हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ने पर लगातार कार्य कर रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडेय राना, विधायक प्रतिनिधि सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष अनिल उपाध्याय ने भी संबोधित किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिल सिंह, रविंद्र गौतम, विद्या यादव, अनिल प्रजापति, दंगल सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, अमरीश अंबेश, दिनेश पाण्डेय, रमा शंकर , लक्ष्मी प्रसाद तिवारी, मो आरिफ, मनिंदर सिंह, सूरज वर्मा, विजय लक्ष्मी सिंह, दीपमाला निगम आदि मौजूद रहे।

# राम मंदिर ट्रस्ट ने मनाया सुधा मंगल महोत्सव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से बसाए गए तीर्थ क्षेत्र पुरम में शुक्रवार को सुधा मंगल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें दक्षिण भारत के सैकड़ो वैदिक आचार्य शामिल हुए।

रामजन्मभूमि परिसर में 45 दिवसीय मंडप उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंडप उत्सव में रोजाना रामलला का अभिषेक पूजन और परिसर भ्रमण का किया जाता है। राममंदिर के ट्रस्टी विश्व प्रसन्न तीर्थ के संयोजन में आयोजित महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम हुए। विश्व प्रसन्न तीर्थ ने कहा कि 65 साल पहले पेजावर मठ के संस्थापक स्वामी विश्वेशतीर्थ ने गुरुकुल आधारित एक विद्यापीठ की स्थापना की थी। इस विद्यापीठ में 13 साल तक अध्ययन करने के बाद जिन छात्रों की शिक्षा समाप्त होती है, उन्हें विदाई दी जाती है। कर्नाटक स्थित विद्यापीठ से कुल 15 छात्रों को विदाई दी गई है। जिन्हें प्रशस्ति पत्र, तुलसी की माला व शाल अयोध्या से भेजा गया है। महोत्सव में विद्याधर स्वामी व विद्याराजेश्वर स्वामी समेत अन्य मौजूद रहे।



महोत्सव में शामिल वैदिक आचार्य।

**कर्नाटक स्थित विद्यापीठ के 15 छात्रों को दी गई विदाई**

# रामलला के गर्भगृह में पक्षी के उड़ने का वीडियो वायरल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला के गर्भगृह में एक पक्षी के उड़ने का वीडियो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर इसके वायरल होते ही लोग इसे आस्था से जोड़कर देख रहे हैं। परिक्रमा कर रहे पक्षी को लोग गरुड़ देव बता वायरल कर रहे हैं।

रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद कई ऐसे दृश्य सामने आ रहे हैं, जिसे देख लोग आश्चर्य मानने के साथ ही उसे वायरल भी कर रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले हनुमान जी के स्वरूप माने जाने वाले बंदर के रामलला के दर्शन का वीडियो वायरल हुआ था। उस वीडियो को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने खुद वायरल किया था। अब इस पक्षी के वीडियो ने तहलका मचा दिया है। वीडियो में परिक्रमा के बाद पक्षी रामलला के मुकुट पर जाकर बैठता भी दिखाई दे रहा है। रामलला के सहायक पुजारी संतोष कुमार ने बताया कि यह पक्षी स्वतः गर्भगृह में आ गया था। सीआरपीएफ के जवानों ने इसे बाहर करने की बहुत कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। अंत में रात्रि शयन-आरती के बाद पक्षी स्वतः गर्भगृह से निकल गया। उनका कहना है कि यह वीडियो छह से सात दिन पुराना है। तमाम लोगों ने इसके वीडियो बना लिए थे।



वायरल वीडियो का स्क्रीनशॉट (लाल घेरे में पक्षी)।

### ऐसा होता है गरुड़ पक्षी

गरुड़ चील और बाज से बड़ा होता है, लेकिन ये गिद्ध से आकार में थोड़ा छोटा है पर इसकी चोंच चील से बड़ी होती है। यह पक्षी दिखने में बाज या चील की तरह ही दिखता है। बाज को संस्कृत भाषा में श्येन कहते हैं और गरुड़ को महाश्येन।

# विश्व कल्याण के लिए 1700 वैदिक आचार्य कर रहे तप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सरयू तट पर चल रहे सप्तचंडी महायज्ञ और श्रीराम महायज्ञ अनुष्ठान में काशी के प्रमुख विद्वान लक्ष्मीकांत शास्त्री के नेतृत्व में काशी अयोध्या व नेपाल के भी 1700 वैदिक आचार्यों द्वारा 100 कुंडीय यज्ञशाला में आहुतियां डाली जा रही हैं। इसमें विश्व कल्याण और अयोध्या के सर्वांगीण विकास के संकल्प को पूरा करने के लिए दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ-साथ श्रीराम कथा रामलीला का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही देश के अलग-अलग क्षेत्र में निवास कर रहे साधु-संत समाज के प्रखर विद्वानों द्वारा प्रतिदिन संत सम्मेलन का भी आयोजन किया जा रहा है।

**सरयू तट पर चल रहा सप्तचंडी महायज्ञ और श्रीराम महायज्ञ**

महायज्ञ मंडप में प्रतिदिन ऑपरेशन सम्मेलन में शामिल प्रखर परोपकार मिशन ट्रस्ट की संयुक्त माता चिदानंदयी ने कहा कि इस काल में यदि दुर्लभ महायज्ञ के दर्शन करना हो तो सरयू के तट पर चल रहे इस अनुष्ठान शामिल हों। अनुष्ठान में प्रतिदिन 1700 वैदिक आचार्य सुभाषित देर रात्रि तक तप कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण अपेक्षित होने के कारण धनोपार्जन में पूरी तरह से लग गए हैं। ब्राह्मण जब तप और साधना को त्याग कर धनोपार्जन में लग जाएंगे तो विश्व का कल्याण कैसे होगा।

## सार-संक्षेप



वाराणसी में शैक्षिक भ्रमण के दौरान मौजूद छात्र -छात्राएं।

### छात्रों ने किया मानसिक चिकित्सालय वाराणसी का शैक्षिक भ्रमण

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के व्यावहारिक मनोविज्ञान के छात्र - छात्राओं ने शुक्रवार को मानसिक चिकित्सालय वाराणसी में शैक्षिक भ्रमण किया। इसमें पाठ्यक्रम के विषम सेमेस्टर के साथ पीजी डिप्लोमा काउंसलिंग एंड गाइडेंस के छात्र तमाम प्रकार की जानकारी से रू-ब-रू हुए।वाराणसी के मनोचिकित्सक डॉ. चंद्र प्रकाश मल्ल ने छात्र-छात्राओं की रोगियों से मुलाकात कराई।छात्र-छात्राओं ने उनसे बातचीत कर मनोरोगों को जानने का प्रयास किया। छात्रों को पता चला कि यहां अधिकतर बायपोलर, डिसऑर्डर, शिजोफ्रेनिया एवं अवसाद से ग्रसित मनोरोगी है। व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के समन्वयक प्रो. अनूप कुमार के दिशा-निर्देशन में भ्रमण हुआ। शिक्षिका डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी व डॉ.सरिता पाठक भी मौजूद रहीं।

### राम सबके प्रिय, इसलिए ईष्ट हैं : मुरारी बापू



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** तीर्थ क्षेत्र पुरम में चल रही रामकथा में प्रख्यात कथावाचक मुरारी बापू ने 'ईष्ट' की व्याख्या करते हुए कहा कि जो अधम से अधम को धन्य कर दे वह ईष्ट है। जो सबको प्रिय लगे वह ईष्ट है, जो सबको प्राप्त हो वह ईष्ट है। शबरी, केवट, निषादराज, बंदर, भालू राम सबके प्रिय हैं, इसलिए ईष्ट हैं। उन्होंने कहा कि कई लोग तुलसी दास पर शोध करते हैं, लेकिन उन्हें तुलसी नहीं मिले, क्योंकि वे साहित्यिक दृष्टि से तुलसी को खोजते हैं। तुलसी तब मिलेंगे जब उन्हें आध्यात्मिक दृष्टि से खोजा जाएगा। उन्होंने युवाओं को जीवन का सूत्र बताते हुए कहा कि माता-पिता, आचार्य को प्रणाम करने से विद्या बढ़ती है, ऐश्वर्य बढ़ता है। रामकथा में प्रतिदिन तीन से चार हजार भक्त रामकथा का रसपान कर रहे हैं। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के भी कई वरिष्ठ पदाधिकारी कथा आयोजन में शामिल हुए।

### मवेशी के हमले से बुजुर्ग घायल

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** मवेशी के हमले से एक बुजुर्ग घायल हो गया।सहकारी बैंक की तारुन शाखा में शुक्रवार को किसान सम्मान निधि का पैसा खाते से निकालने जा रहे ग्राम परागरीबशाह निवासी राम लगन कोरी छुट्टा गोवंश के हमले का शिकार हो गया। लोगो ने सीएचसी में भर्ती कराया है।

रामोत्सव | बिखरे राजस्थान के रंग, आल्हा के जोश में डूबा रामकथा पार्क

# राम भजो पर कथक नृत्य ने मोहा मन, कोली ने छोड़ी छाप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम कथा पार्क में रामोत्सव का रंग और भी चटख हो रहा है। गुरुवार रात काशी घराने की कथक नृत्यांगना सुनिधि पाठक के दल ने राम भजो हो राम भजो पर कथक नृत्य से भगवान राम की स्तुति की। इसके बाद तराना पर शुद्ध कत्थक की प्रस्तुति ने लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया।

महिला आल्हा गायिका अलका बाजपेई ने अपने आल्हा गायन की शुरुआत करते ही प्रभु श्रीराम की वंदना से की। लखन लाल के करबज बाजे से उन्होंने राम और लक्ष्मण के चरित्र का वर्णन किया। संगतकर्ता में अशोक वाजपेई, नवाब अली राजेंद्र प्रसाद और विजय शंकर रहे।

वहीं नोएडा से आए कथक कलाकार दीपक अरोड़ा और उनके दल ने अपनी प्रस्तुति में राम का गुणगान कीजिए प्रभु राम की भद्रता का सभ्यता का ध्यान कीजिए पर कथक नृत्य किया। सह कलाकारों में स्प्रहा महेश्वरी, सुहाना सिंह, आकाश दास, राहुल कुमार, विदुषी दुबे और अंशिका बांगड़ ने प्रस्तुति में सहयोग किया। मुंबई महाराष्ट्र से आए अदिति सागर और उनके दल के कलाकारों ने मछुआरों के द्वारा किया जाने वाला पारंपरिक लोक नृत्य कोली प्रस्तुत करके पूरे मंच पर एक छटा बिखेर दी। अदिति ब्रह्मा पूजा ज्योति, पूर्वी संपदा और माधवी समेत तमाम कलाकारों ने इस प्रस्तुति में नृत्य किया। रामचरितमानस का की भावपूर्ण प्रस्तुति नवनीत रस्तोगी ने दी। राजस्थान से आए हीरा नाथ और उनके साथियों ने पारंपरिक लोक नृत्य कालबेलिया प्रस्तुत किया। संचालन आकाशवाणी के उद्‌घोषक देश दीपक मिश्रा ने किया।अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के निदेशक दो लव कुश द्विवेदी ने कलाकारों का सम्मान किया।



कालबेलिया नृत्य प्रस्तुत करते राजस्थान के कलाकार। अमृत विचार



सांस्कृतिक संध्या में रामायण प्रसंग पर प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर: 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## एक नजर

### अन्नपूर्णा भवन का आज होगा लोकापर्ण

**अंबेडकरगनर, अमृत विचार :** शनिवार को नवनिर्मित मॉडल शॉप उचित दर दुकान अन्नपूर्णा भवन और ई–वेइंग स्केल युक्त ई–पॉस मशीन का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलो द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से ग्राम पंचायत रामपुरकला, विकास खण्ड टाण्डा में किया जाएगा। जिसमें एमएलसी डॉ .म् हरिओम पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष और पूर्व जिलाध्यक्ष को आमन्त्रित किया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत रामपुरकला के ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत के कार्ड धारकों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

### महर्षि महिला पर्व का आयोजन पांच से

**टांडा, अंबेडकरगनर, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र के आर्य समाज मंदिर में महर्षि दयानंद सरस्वती के 200 जयंती पर विशेष महर्षि महिमा पर्व 5 से 8 मार्च तक मनाया जाएगा। जिसमें सुबह 8 से 10 बजे वैदिक यज्ञ और 6 से 9 बजे भजन और उपदेश का आयोजन किया गया है। जिसमें आगरा से वैदिक प्रवक्ता आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री और बिजनौर के आर्य भजनोपदेशक भीष्म आर्य मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी आर्य समाज टांडा के प्रधान आनंद कुमार आर्य दिया है।

### ट्रक में उतरे करंट से राहगीर की जान गई

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** ओवर हाइट में भूसी लादकर भट्टे पर पहुंचाने जा रहा ट्रक में हाई वोल्टेज करंट उतरने से चपेट में आकर साइकिल से घर जा रहे राहगीर की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच–पड़ताल शुरू कर दिया है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। बता दें कि अयोध्या दर्शन नगर से ट्रक पर भूसी लाद कर चालक सिकंदरपुर के पास स्थित रहीस के भट्ठे पर पहुंचाने जा रहा था। रास्ते की जानकारी नहीं होने के कारण वाहन चालक जैसे ही ओवर हाइट में ट्रक पर लदी भूसी लेकर सिकंदरपुर बाजार में पहुंचा। ट्रक पर ओवर हाइट में भूसी लदा होने के कारण ट्रक का डाला हाई वोल्टेज तार में छू गया। जिससे ट्रक में करंट दौड़ गया। इसी बीच सिकंदरपुर बाजार से सहनेमऊ के रहने वाले 65 वर्षीय मोहम्मद शफीक उर्फ टिल्लू साइकिल से घर जा रहे थे।

# जनपद में गेहूं खरीद के लिए बने 81 क्रय केंद्र

**तैयारी**

- गेहूं क्रय के लिए 2510 किसानों ने कराया पंजीकरण, 1619 किसानों का किया गया सत्यापन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर


साधन सहकारी समिति भीटी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद में बने 81 क्रय केंद्रों पर शुक्रवार से गेहूं खरीद का शुभारंभ किया गया। सभी क्रय केंद्रों पर कांटा, बाट और बोरा सहित अन्य जरूरी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। जिससे किसानों को क्रय केंद्रों पर किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़े। इस बार गेहूं क्रय के लिए 2510 किसानों ने पंजीकरण कराया है। वहीं 1619 किसानों का सत्यापन भी हो चुका है।

बता दें कि धान खरीद का काम समाप्त होने के एक मार्च से गेहूं की खरीद की प्रक्रिया का शुभारंभ हो गया है। जनपद में चार लाख दो हजार किसानों ने एक लाख 22 हजार हेक्टेअर क्षेत्रफल में गेहूं की बोआई किया है। किसानों के गेहूं की बेहतर ढंग से खरीद के लिए जनपद में छह एजेंसी के 81 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इसमें पीसीएफ के 38, खाद्य विभाग के 25, नैफेड के चार, पीसीयू के तीन, यूपीएसएस के छह व भारतीय खाद्य निगम के पांच क्रय केंद्र बनाए गए हैं। खाद्य एवं विपणन अधिकारी कार्यालय के अनुसार एक मार्च से गेहूं की खरीद के लिए सभी क्रय केंद्रों पर कांटा, बाट के अलावा अन्य जरूरी इंतजाम पूरे कर दिए गए हैं। वहीं सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में किसानों से मुलाकात कर आगामी दिनों में क्रय केंद्र पर गेहूं की बिक्री करने के लिए प्रेरित करें।

तेजी से चल रहा पंजीकरण का कार्य : खाद्य एवं विपणन अधिकारी कार्यालय के अनुसार गेहूं बिक्री के लिए पंजीयन का काम तेजी से चल रहा है। अब तक 2510 किसान पंजीकरण करा चुके हैं। 1619 किसानों का सत्यापन भी हो चुका है। शेष किसानों के सत्यापन का काम तेजी से किया जा रहा है।

# एक करोड़ 64 लाख रुपये से होगा महादेवा घाट का कायाकल्प

## जिले में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा, प्रथम किस्त एक करोड़ 25 लाख अवमुक्त

जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर


अविनाश सिंह, जिलाधिकारी।

अमृत विचारः जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखंड टांडा में महादेव घाट को पर्यटन विकास कार्य के लिए उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा 167.39 लाख रुपए का आगणन वित्तीय वर्ष 2023-24 में भेजा गया था। इस संबंध में कार्यदायी संस्था नामित करते हुए अप्रेजल समिति द्वारा 164.98 लाख रुपए की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं प्रथम किस्त के रूप में 125 लाख रुपए अवमुक्त किया गया है।

बता दें कि जिलाधिकारी अविनाश सिंह के अभिनव प्रयास से जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। जनपद विश्व प्रसिद्ध अयोध्या का अभिन्न अंग होने के कारण यहां पर पर्यटन की असीम संभावना बन रही है। जिलाधिकारी द्वारा श्रवण धाम क्षेत्र, दरवन झील, पुंथर झील, शिव बाबा सहित अनेक जल संचय स्रोतों व पौराणिक स्थलों का चिन्हांकन कर लगातार शासन को पत्र प्रेषित किए जा रहे हैं और मुख्यमंत्री द्वारा भी जनपद के विकास के लिए प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति भी लगातार दी जा रही है। पर्यटन को बढ़ावा देने से जहां एक तरफ देश-विदेश के पर्यटक जनपद में आएंगे, वहीं दूसरी तरफ इससे जनपद वासियों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

स्थानीय वस्तुओं की करें खरीद : प्रधानमंत्री द्वारा अपने उद्बोधन में अपील की गई है कि पर्यटक जहां भी जाए वहां उस यात्रा के अपने पूरे खर्च का कम से कम 10 प्रतिशत वहां स्थानीय वस्तुओं के खरीद में खर्च करें, जिससे स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इससे जनपद सहित प्रदेश के एक ट्रिलियन डॉलर इकोनामी और देश के 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामिक को प्राप्त करने में सफलता मिलेगी।

### ग्राम विकास अधिकारी को किया निलंबित

**अंबेडकरनगर, अमृत विचारः** जनपद के विकास खंड रामनगर में तैनात ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। विनोद कुमार पर प्रधानमंत्री आवास में गड़बड़ी, मनरेगा सहित कई अन्य कार्यों में गड़बड़ी का आरोप है। मामले में जांच के बाद डीडीओ ने यह कार्रवाई की।

जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि रामनगर विकास खण्ड में तैनात ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के विरुद्ध 20 फरवरी को तहसील आलापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपूर्ण आवास की सम्पूर्ण किस्तों का भुगतान करने की शिकायत मिली थी। शिकायत की जांच कराई गई। जिसमें पाया गया कि विनोद कुमार गुप्ता ग्राम विकास अधिकारी द्वारा रामराज पुत्र लोचन मौर्य के स्थान पर शोभा देवी, पवन कुमार का मकान दिखाकर सभी किस्तों का अनियमित तरीके से भुगतान कर दिया गया है।

# पुलिस ने दो टप्पेबाजों को किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** बसखारी थाना क्षेत्र में स्थित एक गांव में द्वार पूजा के दौरान बाइक सवार दो टप्पे बाज बारात मालिक से रुपए भरा बैग छीनकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते बारात मालिक के प्रार्थना पत्र पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर घेराबंदी करते हुए दोनों ही चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चोरी की घटना बसखारी थाना क्षेत्र मकोइयां गांव की बताई जा रही है। जहां पर गुरुवार को दुल्हूपुर निमटिनी थाना कटका निवासी राकेश मिश्र अपने पुत्र अमित मिश्र की बारात लेकर राजमणि मिश्र निवासी मकोइयां के यहां आए हुए थे। बताया जाता है कि द्वार पूजा के दौरान एक बाइक सवार दो टप्पे बाजो ने मौके पर पहुंचा कर बारात मालिक राकेश मिश्र से रुपए से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए। वहीं चोरी की घटना स्थानीय लोगों ने मोबाइल में कैद कर लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र मुकदमा पंजीकृत करते हुए बाइक सवार टप्पेबाजो की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई। पुलिस ने तत्काल आरोपियों को पकडने के लिए जाल बिछाया तथा रात में ही हंसवर मोड़ से बारात मालिक से चोरी किये बैग समेत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की गिरफ्त में आए टप्पेबाजे की पहचान खुशियत उर्फ शेखर पुत्र हीरालाल निवासी मकोईया व अमित कुमार पुत्र रितेश कुमार निवासी संम्मोपुर बनियानी थाना हंसवर के रूप में हुई है।

## सार-संक्षेप

### पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** नाबालिग बालिका के अपहरण मामले में वांछित चल रहे अपह्रणकर्ता को थाना इब्राहिमपुर पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थानाध्यक्ष इब्राहिमपुर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाने के उप निरीक्षक रामाग्रेय ने हमराही सिपाहियों के साथ अभियुक्त कृष्णा पांडेय पुत्र पुरुषोत्तम निवास टोंटो थाना मंझारी जनपद सिंह भूमि राज्य झारखंड जो नाबालिग बालिका के अपहरण के आरोप में पास्को एक्ट समेत अन्य धाराओं में वांछित चल रहा था को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेस कर जेल भेज दिया है।

### पुलिस ने चोरी का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** कोतवाली टांडा पुलिस ने नगर के मोहल्ला छज्जापुर प्राइमरी पाठशाला में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद करने में सफलता हासिल किया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टांडा संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बीते दिनों हुई स्कूल में चोरी की विवेचना उप निरीक्षक शिव दीपक सिंह द्वारा की जा रही थी। घटना में प्रकाश में आए अभियुक्त अबरार अहमद पुत्र निसार अहमद निवासी मोहल्ला छज्जापुर को गिरफ्तार कर लिया गया और उसकी निशान देही पर चोरी गए। सामानों की बरामदगी किया गया। अभियुक्त को न्यायालय में पेस कर जेल भेज दिया गया है।

### युवती की तहरीर पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** निवास प्रमाण पत्र बनवाने गई एक युवती ने टांडा तहसील में प्राइवेट कर्मी के रुप में कार्य कर रहे युवक के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा कोतवाली टांडा में दर्ज कराया है। बता दें कि टांडा नगर क्षेत्र की एक युवती ने आरोप लगाया कि वह वर्ष 2022 में टांडा तहसील में अपना निवास प्रमाण पत्र बनवाने गई थी। वहां पर अक्षय सिंह पुत्र गोविंद सिंह निवासी मोहल्ला मीरानपुरा से निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कहा तो उन्होंने बनवाने को कह फोन नंबर मांग लिया और उसके बाद से बार–बार फोन करने लगा और कई बार शादी का प्रस्ताव रखने लगा। युवती के अनुसार युवक के दूसरे संप्रदाय के होने कारण तैयार नहीं हुई। लेकिन बीते जून 2023 में फिर उसके कहने पर वह तैयार हो गयी। इसके बाद अक्षत उसे शादी के लिए अजमेर ले गया लेकिन शादी नहीं हो सकी। इसके बाद युवती ने जब शादी का दबाव बनाया तो बीते 14 नवंबर को बुलाया और शाम 6 बजे महादेवा घाट ले जाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया और अश्लील फोटो बना लिया। बाद में घर वाले जिसमें अक्षय सिंह की माता वैशाली सिंह, पिता गोविंद सिंह, भाई हिमांशु सिंह, अभय सिंह को सारी बातें पता चली तो घर वालों ने अपशब्द कहते हुए घर से निकाल दिया और धमकी दिया कि अब इस घर में मत आना। उसी दिन अक्षय और उसके घर वाले युवती के घर पहुंचे और जान से मार डालने की धमकी देते हुए अश्लील फोटो वायरल करने की भी धमकी दी। युवती डर की वजह से चुप रही लेकिन बार–बार धमकी से परेशान उसने कोतवाली टांडा में लिखित शिकायत किया। लेकिन मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई। युवती के पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० बी० फार्मा, मो०: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो०: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

# नोटिस के बाद भी हो रहे निर्माण पर चला बुलडोजर


नपं अशरफ पुर किछौछा क्षेत्र में अवैध निर्माणाधीन सीढ़ी को किया गया ध्वस्त।

**बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचारः** नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में अवैध रूप से निर्माणाधीन सीढ़ी को नगर पंचायत प्रशासन का बुलडोजर चला। नगर पंचायत क्षेत्र के बसखारी मुख्य चौराहे के निकट स्थित वेस्ट्रीज हिल्टन स्कूल के प्रबंधक इमरान खान द्वारा बसखारी मुख्य चौराहे के निकट बाहर सडक़ पर सीढ़ी का निर्माण कर आतिक्रमण किया जा रहा था। जिस पर नगर पंचायत ने उन्हें कई बार नोटिस जारी कर निर्माण को रोकने और सीढ़ी को हटाने के लिए निर्देशित किया। बावजूद इसके इमरान द्वारा निर्माण कार्य जोर जबरदस्ती किया जाता रहा। जिस पर एक बार पुलिस ने भी रात में निर्माण करने के कारण उन्हें थाने तक ले गई थी और निर्माण कार्य रोकने का निर्देश भी दिया था।

# अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा कोर्ट

जलालपुर, अंबेडकरनगर


पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्त।

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश गिरोद बंद समाज विरोधी क्रिया कलाप अधिनियम के तहत कटका पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है, जबकि दूसरे की तलाश की जा रही है।

कटका थाना अध्यक्ष यादुवेंद्र सोनकर एक मार्च को हमराही हेड कांस्टेबल विवेक तिवारी, गौरव भारती, संदीप भारती के साथ रवाना होकर क्षेत्र की देखभाल के लिए निकले थे। लोगों द्वारा सूचना मिली कि वर्तमान समय में थाना क्षेत्र में गैंग लीडर मोहम्मद अजीज पुत्र इदरीश निवासी भियांव बनपुरवा थाना कटका व उसके सदस्य मनीष कुमार यादव पुत्र दूधनाथ यादव निवासी भियांव भवानीपट्टी थाना कटका एक संगठित गैंग है। इस गैंग द्वारा थाना क्षेत्र में भिन्न-भिन्न व्यक्तियों से जालसाजी और धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने और चिट फंड कंपनी में पैसा जमा करने के नाम पर करोड़ों रुपए का घोटाला करने जैसा संगीन अपराध करने का अपराध किया जाता है। यह एक अभ्यस्त अपराधी है। इससे पूर्व इनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत है। इनका यह कृत्य उत्तर प्रदेश गिरोह बंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत कार्रवाई किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इस गैंग द्वारा अपने और अपने परिवार व मित्रों के आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए लगातार समाज में आतंक पैदा किया जा रहा है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **आनलाईन (ई-टेन्डरिंग)** के माध्यम से **"खुली"** निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं.: (1)- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2023-233, **कार्य का नामः** गोरखपुर छावनी-छपरा खण्ड के मध्य स्लीपर का आकस्मिक नवीनीकरण, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 51,73,958/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 1,03,500/-, **स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 06 माह, **क्र.सं.: (2)- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2023-234, **कार्य का नामः** गोरखपुर छावनी-पनियहवा खण्ड में आईएसडी के लिए स्लीपर का नवीनीकरण, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 1,88,16,023/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 2,44,100/-, **स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह, **क्र.सं.: (3)- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2023-235, **कार्य का नामः** छपरा कचहरी-थावे अनुभाग में पटेरही-मढौरा के मध्य समपार सं. 15सी किमी. सं. 20/167 पर एलएचएसडब्लू का प्रावधान, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 6,48,97,627/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 4,74,500/-, **स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 09 माह, **क्र.सं.: (4)- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2023-236, **कार्य का नामः** हथुवा-पंचदेवरी अनुभाग में अमानवित समपार संख्या 15 कि.मी. 15.275, समपार संख्या 21 कि.मी. 19.973 तथा समपार संख्या 22 कि.मी. 20.263 पर लिफ्टिंग बैरियर (आरडीएसओ टाइप/एम-गेट) की आपूर्ति एवं लगाई का कार्य (कुल 3 अदद), **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 17,51,996/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 35,000/-, **स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 03 माह, **क्र.सं.: (5)- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2023-237, **कार्य का नामः** वमइं/प्रथम/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत एफओबी/आरओबी पर सुरक्षात्मक स्क्रीन का प्रावधान, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 21,17,314/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 42,400/-, **स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 06 माह, **निविदा बन्द होने की तिथिः क्र.सं.: 1 से 5 के लियेः-** 27.03.2024, **नोटः** • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-233 से एनईआर-बीएसबी-2023-237 दिनांक 27.03.2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी.)**
**मुजाधि/डब्लू-558** **वाराणसी**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

**प्रतियोगिता** जय बजरंग पब्लिक इंटर कॉलेज में ईट राईट प्रतियोगिता और जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

# पोस्टर में आकृति और डिबेट में साक्षी ने मारी बाजी

आलापुर, अंबेडकरनगर



छात्रा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते खाद्य सुरक्षा आयुक्त व अन्य।

**अमृत विचारः** शुक्रवार को जय बजरंग पब्लिक इंटर कॉलेज सिपांह में ईट राईट प्रतियोगिता और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आठ शिक्षण संस्थानों के 97 छात्रों नें प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर रियाजुद्दीन ने कहा कि खान-पान को संतुलित करके ही जीवन को निरोगी बनाया जा सकता है। ऐसे में आहार पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथि आयुक्त खाद्य सुरक्षा श्रवण कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य लोगों को खाद्य वस्तुओं और खान-पान के प्रति जागरूक करना है। पोस्टर प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय रामनगर प्रथम की छात्रा आकृति को पहला, जय बजरंग बल विद्या मंदिर की छात्रा आंचल को दूसरा और पंडित राम अवध बाल विद्या मंदिर की छात्रा अन्नू को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। डिबेट में सरस्वती शिशु कुंज टांडा की छात्रा साक्षी को प्रथम, जय बजरंग पब्लिक इंटर कॉलेज की कीर्ति सिंह को द्वितीय और पराक्रम वर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। स्लोगन लेखन में जय बजरंग इंटर कॉलेज के श्रेयम सिंह को प्रथम, जय बजरंग पब्लिक इंटर कॉलेज की प्रिया यादव को द्वितीय और विवेकानंद शिशुकुंज टांडा की पीहू दुबे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता में जय बजरंग इंटर कॉलेज की अनुप्रिया सिंह को प्रथम, विवेकानंद शिशुकुंज टांडा की निशिता दुबे को द्वितीय और आलोक कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

यह भी रहे मौजूद : इस मौके पर शिक्षक राम अवतार, अरुण कुमार वर्मा, ओमप्रकाश यादव, सचिन मद्धेशिया, अरविंद कुमार पांडे, राजमणि, प्रभाकर मिश्र, संजय समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम के आयोजक प्रबंधक अंजनी कुमार वर्मा और प्रधानाचार्य दीपक चंदेल ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद व्यापित किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि अविनाश मिश्रा पुत्र मदन मोहन मिश्रा ग्राम हुसेनपुर खुर्द पोस्ट अन्नापुर तहसील आलापुर थाना जहांगीरगंज जिला अंबेडकर नगर मैं जहांगीरगंज अपने निजी कार्य से गया हुआ था तभी बस में मेरा बैग छूट गया जिसमें मेरे हाई स्कूल की अंक पत्र सन 2013 अनुक्रमांक 2716096 बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष अंक पत्र सन 2018 अनुक्रमांक 17472130 कहीं वास्तव में खो गया है

**सूचना**
सूचित हो कि हम अपने पुत्र जॉन मसीह तथा पुत्रवधू नेहा दयाल के चाल चलन व व्यवहार से दुखी होकर उससे सम्बंध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेनदेन से हमारा का कोई वास्ता व सरोकार न होगा। **–राकेश वयस्क पुत्र मसीह चरन, एवं शोभा वयस्क पत्नी राकेश, निवासी–133/6, देवीगंज, मजार वाली गली, पोस्ट– चकेरी एयरोड्रम, कानपुर नगर।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम TASLEEM था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD TASLEEM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MOHD TASLEEM S/O: SAHEEK AHMAD,VILL- SISORA SAHAMAT, POST- SISORA NASIR, LAKHIMPUR KHERI,UTTAR PRADESH-262804

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम EHSANUL HAK था अब मैने बदलकर अपना नाम AHSANUL HAQ रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AHSANUL HAQ S/O: ABDUL RAHMAN, R/O: BAMBHAURA POST JARWAL ROAD TEHSIL KAISERGANJ, BAHRAICH

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2015 अनुक्रमांक– 1761629 एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2017 अनुक्रमांक 1289096 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **–संजीव कुमार सरोज पुत्र सुरेश कुमार सरोज, ग्राम – धरमपुर, पोस्ट – हैंसी परजी, मानधाता, प्रतापगढ़**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि अनुक्रमांक नं0–23203930/2020 **सावन्त सिंह पुत्र चन्द्र पाल सिंह, निवासी– ग्राम हिम्मापुरवा, पो0– मोहाना, तहसील– अकबरपुर, जनपद– कानपुर देहात** की हाईस्कूल मार्कशीट में त्रुटिवश माता का नाम श्रीमती अर्चना देवी अंकित हो गया है। जबकि उनका सही नाम श्रीमती हीरा मुन्नी देवी हैं तथा अन्य समस्त प्रपत्रो में हीरा मुन्नी देवी नाम अंकित है। अतः मेरी माता का नाम हीरा मुन्नी देवी नाम अंकित किया जाय।– सावन्त सिंह द्वारा वर्ष 2021 में CBSE BOARD से 10th परीक्षा पास की थी। सावन्त सिंह प्राइवेट कैंडिडेट था जिसका रजि0 नं. 99999/01613 7072, व मार्कशीट सीरियल नं0 2310612 है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने पुत्र कृष्णा शर्मा उर्फ राज को उसके गलत आचरण के कारण अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किसी भी कृत्य या लेन–देन से हमारी व हमारे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **घनश्याम पुत्र स्व0 राम सेवक, मूल, निवासी– ग्राम तमनपुर, पो0– सहगंवा पश्चिम, गांव– महाराजगंज, रायबरेली, उ0प्र0–229311, वर्तमान– निवासी– म0नं0–67/69, कल्लू पंडित लेन, लाल कुआं, लखनऊ**

**सूचना**
यह कि मैने शास्त्रीनगर तिर्वा मे एक आवासीय प्लाट का बैनामा दिनांक 13 जुलाई 2009 में कराया था। जिसकी पुस्तक सं0– 1,खण्ड 1391, पृष्ठ–95–124, रजिस्ट्री क्रमांक 2761 वास्तव मे कही खो गया है। जिसे मिले वह संपर्क करे। **–अनीता देवी पत्नी सुनील कुमार शर्मा , निवासी–शास्त्रीनगर, तिर्वा, जनपद– कन्नौज**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 211324359 वर्ष 2021 एवं इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 2236132674 वर्ष 2023 के अंकपत्र वास्तव में खो गये हैं।– **रोहित पाल पुत्र ब्रजेश कुमार, सरस्वती इंटर कालेज मोतीझील, इटावा, आवासीय पता– मैनपुरी, रेलवे क्रासिंग के पास अड्डा जालिम इटावा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा शस्त्र लाइसेंस नंबर BML/4281 जो कि वास्तव में कहीं खो गया है। – **शिवराज सिंह पुत्र भूप सिंह, निवासी–ग्राम–बघुईया, थाना– सैफई जनपद इटावा।**

## एक नजर

### बीईओ ने स्कूल में संचालित योजनाओं की ली जानकारी

**रुपईडीह, गोंडा :** शुक्रवार को ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुसगवां का औचक निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने विद्यालयों में छात्र छात्राओं, अध्यापक अध्यापिकाओं की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन वितरण, पेयजल, बिजली, शौचालय तथा बच्चों की बैठने की व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल करते हुए प्रधानाध्यापकों से वार्षिकोत्सव व यू डायस पर छात्र-छात्राओं की फीडिंग तथा शारदा एप पर स्कूल न जाने वाले बच्चों की फीडिंग किए जाने के बारे में पूछताछ की।

### ऋण वसूली शिविर का किया गया आयोजन

**रुपईडीह, गोंडा :** इंडियन बैंक की शाखा आर्य नगर के तत्वावधान में अनेगी गांव में ऋण वसूली शिविर आयोजित किया गया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि इस वसूली शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत सात बकायेदारों से नौ लाख रुपये का बकाया वसूल किया गया। शाखा के सहायक प्रबंधक विनय कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहे।

### मुजेड़ जाने वाली सड़क जर्जर, राहगीर हो रहे घायल

**रुपईडीह, गोंडा :** मुजेह गांव से कौड़िया कस्बे को जाने वाली सड़क जर्जर हो गई है। इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस मार्ग पर यात्रा करने वाले मुजेह के गिरीश चंद्र शुक्ल, श्रीकांत, प्रभाष चंद्र, मयंकर, सोनू व बेलभरिया के विमल मिश्र ने बताया कि सड़क का निर्माण कराया जाने की मांग क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से की गई है। उनके इस मांग पर विधायक ने शीघ्र ही सड़क निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया है।

### त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव कल, तैयारी हुई पूरी

**रुपईडीह, गोंडा :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में कस्बा कौड़िया बाजार में जनता इंटर कॉलेज के निकट आगामी तीन मार्च को 88वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव आयोजित किया जाएगा। बनगाई के भाई राम गोविंद गुप्त ने बताया कि इस महोत्सव सफल बनाए जाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### करनैलगंज स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग

**करनैलगंज, गोंडा :** भाजपा के नामित सभासद मुकेश कुमार वैश्य ने कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजभूषण शरण सिंह को पत्र भेज कर करनैलगंज स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों के ठहराव की मांग की है। जिसमें बाघ एक्सप्रेस 13019 व 13020, राप्ती ट्रेन 15005, अवध आसाम एक्सप्रेस 159100 शामिल है। पत्र में कहा है कि इन दिनों घाघरा नदी पर बनी पुल में खराबी की वजह से जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं इन ट्रेनों के ठहराव से आगामी त्यौहार होली नवरात्रि व सहालग में बरेली, चंडीगढ़, दिल्ली, सीतापुर आदि शहरों से आने वाले यहां के यात्रियों को सुविधा मिल सकेगी।

# गेहूं खरीद के पहले दिन क्रय केंद्र पर रहा सन्नाटा

## आधी-अधूरी तैयारी के बीच खोले गए क्रय केंद्र, जिले में भी तैयार नहीं गेहूं की फसल, करना होगा इंतजार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मूल्य समर्थन योजना के तहत जिले में गेहूं खरीद को लेकर क्रय केंद्र स्थापित कर दिया गया है। मंडी में विभिन्न एजेंसियों के 11 क्रय केंद्र किसानों के गेहूं को खरीदने के लिए स्थापित किए गए हैं। गेहूं क्रय नीति के अनुसार इस बार गेहूं खरीद एक मार्च से शुरू करने का आदेश था जिसको लेकर केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं।

हालांकि अभी गेहूं खरीद की तैयारी आधा अधूरी है। बड़ी मुश्किल से क्रय केंद्र पर बैनर लगाए जा सके हैं। जिले में अभी गेहूं की फसल तैयार भी नहीं है।



मंडी स्थल पर लगा गेहूं क्रय केंद्र का कांटा। अमृत विचार

पहले खरीद की शुरुआत अप्रैल माह में होती थी। लेकिन इस बार 15 मार्च से गेहूं खरीद की शुरुआत का आदेश आया था। फिर तीन दिन पहले गेहूं खरीद सत्र 2024-25 की शुरुआत एक मार्च से करने को कहा गया जिसको लेकर गेहूं खरीद से जुड़े अफसरों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में क्रय केंद्र पर संसाधन जुटाए जाने लगे। किसी तरीके से केंद्र का शुरुआत कर दिया गया। खरीद के पहले दिन कोई भी किसान गेहूं बेचने के लिए सरकारी क्रय केंद्र पर नहीं आया। पहले से ही लोगों को अंदेशा था कि अभी जनपद में फसल तैयार नहीं है ऐसे में कोई आएगा नहीं। लेकिन सरकार के फरमान को लेकर गेहूं खरीद से जुड़े विभागों में हलचल रही।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने गल्ला मंडी पहुंचकर केंद्र का निरीक्षण करते हुए केंद्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस बार गेहूं खरीद के लिए 6 एजेंसी को जिम्मेदारी सौंप गई है। अब तक जनपद में 98 क्रय केंद्र अनुमोदित हो चुके हैं। मूल्य समर्थन योजना के तहत इस बार किसानों से गेहूं 2275 रुपए प्रति कुंतल के भाव से खरीदा जाएगा। गेहूं खरीद केंद्र पर केंद्र प्रभारी सुबह से पहुंचकर केंद्र पर कुर्सी बैनर आदि की व्यवस्था में जुटे रहे।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि जनपद में अब तक गेहूं खरीदने के लिए 98 क्रय केंद्र का अनुमोदन किया गया। मंडी स्थल पर स्थापित क्रय केंद्र का निरीक्षण किया गया है। मेज बैनर आदि की व्यवस्था हो गई है। लेकिन पहले दिन कोई किसान गेहूं बेचने के लिए नहीं आया। गेहूं बेचने के लिए 1300 से अधिक किसानों ने पंजीकरण कराया है।

# बंजर भूमि पर किया जा रहा अवैध निर्माण, अफसर मौन

गोंडा कार्यालय

**नाराजगी**

- तहसील तरबगंज की ग्राम पंचायत डिडसिया कला अतर सुईया का मामला

**अमृत विचार:** एक तरफ योगी सरकार भू माफियाओं पर लगातार शिकंजा कस रही है। भू माफियाओं से सरकारी जमीन खाली कराने का मिशन चल रहा है। उसके बावजूद भू माफिया हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला विकासखंड बेलसर तहसील तरबगंज के ग्राम पंचायत डिडसिया कला अतर सुईया में देखने को मिला। जहां पर बंजर की भूमि गाटा संख्या 1980 मि में गांव निवासी केदारनाथ तिवारी पुत्र स्वर्गीय आसाराम तिवारी, अमित तिवारी पुत्र जगदंबा तिवारी दबंगई के बदौलत बंजर की भूमि पर अवैध निर्माण कर रहे हैं। शिकायत के बावजूद अवैध निर्माण रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इनके सामने शासन प्रशासन नतमस्तक है। उक्त जमीन का मामला तरबगंज तहसील में चल रहा है। उसके बावजूद कई शिकायत करने के बाद शासन प्रशासन मौन है। योगी प्रशासन भूमाफिया के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है उसके बावजूद उसके ही मातहथ अधिकारी, कर्मचारी सरकार के दिशा निर्देशों की धज्जियां उड़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ नहीं छोड़ रहे हैं।

# बीमारी से तंग दो महिलाओं ने मौत को गले लगाया

## जिले के अलग-अलग स्थानों की घटना, शव पीएम के लिए भेजा

मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार:** क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों पर महिलाओं की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार रात कोतवाली क्षेत्र के भरहूँ गांव निवासी राधे श्याम ने पुलिस को सूचना दिया कि उसकी पत्नी शीला (55) ने घर में लगे पंखे के हुक में साड़ी का फंदा बनाकर लटक कर आत्महत्या कर ली है। मृतका के पति ने यह भी कहा है कि उसकी पत्नी लंबे समय से बीमारी से परेशान रहा करती थी। जिसका इलाज चल रहा था लेकिन कोई आराम न होने से काफी दिनों से अवसाद में रह रही थी जिसके चलते उसने गुरुवार की रात कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

इसी क्रम क्षेत्र के जिगना बाजार चौकी अंतर्गत ग्राम अंधियारी बाजार के रहने वाली सरिता (54) पत्नी अनिल कुमार लम्बे समय से सांस संबंधी बीमारी से परेशान रहती थी। एक सप्ताह पूर्व मुम्बई से इलाज कराके वापस गांव आयी बीते गुरुवार को तबीयत ज्यादा खराब होने पर इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने महिला को मृत्यु घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंचे जिगना चौकी प्रभारी शिव कुमार यादव मय हमराही मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि दोनों शवों को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है और अगर किसी तरह की तहरीर मिलती है तो विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### बरात जाने के लिए निकले व्यक्ति की मौत

**रुपईडीह, गोंडा :** खरगूपुर के डुड़वा पिपरा चौबे गांव निवासी बृज किशोर पांडेय (50) गांव के ही अपने रिश्तेदार चंद्र प्रकाश पांडेय के पुत्र अश्विनी कुमार पांडेय की शादी में कल बृहस्पतिवार को देर रात कौड़िया के बेलभरिया जगदीशपुर गांव निवासी दिवाकर मिश्र लहरी के घर बरात गए हुए थे। वहीं पर शुक्रवार की भोर में ज्यो ही घर जाने के लिए मोटरसाइकिल ले जाना चाहे त्यो ही उन्हें अचानक दिल का दौरा आ गया और बेहोश होकर गिर पड़े। स्वजनों ने बताया कि उपचार के लिए उन्हें तत्काल आर्य नगर के एक निजी चिकित्सालय में ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कोर्ट के आदेश का पालन न होने पर डीएम से शिकायत

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद खलिहान की भूमि से अवैध कब्जा न हटने पर जिलाधिकारी से शिकायत की गई है।

करनैलगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाहपुर निवासी साकिर हुसैन पुत्र हसन रजा ने डीएम नेहा शर्मा को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके ग्राम पंचायत में स्थित गाटा संख्या 451 जो कि खलिहान में दर्ज है जिस पर गांव के ही चौधरी व सल्लूह पुत्रगण हमीद ने अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण कर लिए हैं। जिसकी शिकायती तहसील से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों तक की गई लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर वह उच्च न्यायालय लखनऊ के शरण में गया। न्यायालय ने खलिहान भूमि को कब्जामुक्त कराने का आदेश दिया लेकिन आरोप है कि हल्का लेखपाल कब्जेदारों से सांठगांठ करके भूमि खाली कराने में आनाकानी कर रहे हैं। इस बाबत एसडीएम विशाल कुमार का कहना है कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है जानकारी कर रहे हैं।

# अन्नपूर्णा भवन का वर्चुअल लोकार्पण आज

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे लोकार्पण, जिले में निर्मित हो रहे हैं 75 अन्नपूर्णा भवन

**गोंडा कार्यालय:** जिले में बनकर तैयार अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण लोक भवन से वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को करेंगे। इसके बाद अन्नपूर्णा भवन में खाद्यान्न का वितरण शुरू हो जाएगा। जिले में 75 अन्नपूर्णा भवन बने हैं मॉडल के रूप में। जिनमें से 44 बनकर तैयार हो गए हैं। विकासखंड झंझरी के रामनगर तरहर में बना अन्नपूर्णा भवन लोकार्पण के लिए चुना गया है, यहां पर स्थानीय सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि भवन का लोकार्पण करेंगे। वर्चुअल लोकार्पण को लेकर इस अन्नपूर्णा भवन पर प्रोजेक्टर लगाया जाएगा।




जिससे गांव के लोग मुख्यमंत्री द्वारा किए जा रहे लोकार्पण को आंखों से देखेंगे। सरकार ने मॉडल के रूप में 75 गांव में कोटे की दुकान के लिए अन्नपूर्णा दुकान बनाने का निर्णय लिया था। जिन में से 44 बिल्कुल बनकर तैयार हो गई है। शेष का निर्माण कार्य जोरों पर है। मनरेगा से भवन का निर्माण किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि जनपद में 44 से अधिक अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार हो गए हैं। जिनका लोकार्पण शनिवार को मुख्यमंत्री द्वारा लोक भवन से किया जाएगा। वर्चुअल माध्यम से हो रहे लोकार्पण कार्यक्रम में जनपद के सांसद, विधायक अपने-अपने क्षेत्र के अन्नपूर्णा दुकानों का अनावरण करेंगे। इसके बाद इन गांव में खाद्यान्न का वितरण अन्नपूर्णा भवन से ही किया जाएगा।

### इन गांवों में बनकर तैयार है अन्नपूर्णा भवन

जिले के 75 गांवों में अन्नपूर्णा भवन मनरेगा योजना से बनवाया जा रहा है। इनमें 44 गांवों में अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार है। विकासखंड झंझरी के रामनगर तरहर, चकसड़ रूपईडीह के बिछूड़ी, बेलवाभान, बहली जोत, मुजेहना विकासखंड में बच्छीपुर, दिनारा, बनकटी सूर्यबली सिंह, रेतवागाड़ा, विकासखंड पंडरी कृपाल में दरियापुर हरदोई पट्टी, भटवलिया परसपुर विकासखंड के चंगेरी, दुल्हापुर तरहर, कर्नलगंज में रामगढ़, अलीपुर गोकुला, मेहर, नकहरा, हलधरमऊ में कलवारी, उमरिया, भगहरिया पूरे मितई, विकासखंड तरबगंज में धौरहरा घाट व पथार, वजीरगंज में रामपुर खरहंटा, बेलसर में पूरे डाल, गंगरौली, नवाबगंज में उमरिया, छपिया में तिरूखा बुजुर्ग, लक्ष्मी नगर ग्रांट, विकासखंड मनकापुर में महेवा नानकार, सिसवा तथा विकासखंड बभनजोत में अलाउद्दीनपुर, करोहा, मन्नीजोत, बड़ाहरा आदि जगहों पर भवन बनकर तैयार हो गया है जिसका लोकार्पण किया जाएगा।

# दो ट्रेनों का शुरू हुआ संचालन

**बभनान, गोंडा:** पूर्वोत्तर रेलवे के रेलवे स्टेशन पर रुकने वाली दो महत्वपूर्ण ट्रेनों का संचालन चालू कर दिया गया। जिसमें गोरखपुर से गोंडा के मध्य चलने वाली 05093 सवारी गाड़ी जिसका पहुंचने का समय 8:54 है। और वह अपने निर्धारित समय से पहले दिन ही सवा दो घंटे विलंब से पहुंची। इसी प्रकार अमृतसर से जयनगर के मध्य चलने वाली शहीद एक्सप्रेस 14674 डाउन अपने निर्धारित समय से बभनान 45 मिनट विलंब से पहुंची। फिर भी इन दोनों ट्रेनों के चल जाने से यात्रियों में काफी उत्साह है। लोगों का कहना है कि उन्हें इससे काफी सहूलियत भी मिली है।

# रवि अध्यक्ष, रामपाल बने महामंत्री

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** स्थानीय ब्लॉक में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज्य ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ब्लॉक इकाई करनैलगंज का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें ब्लाक अध्यक्ष पद प्रत्याशी रवि कुमार गोस्वामी को 62 मत जबकि भगवान बक्श सिंह को 25 मत मिले। रवि गोस्वामी ने 37 मतों से जीत हासिल की।

वहीं महामंत्री पद प्रत्याशी रामपाल गौतम ने निकटतम प्रतिद्वंदी राजेंद्र प्रसाद उर्फ मुन्ना को 7 मतों से हराकर विजय हुए। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद प्रत्याशी अजय कुमार वर्मा ने 45 मतों से सत्य प्रकाश सिंह को हराकर जीत हासिल की। अन्य



निर्वाचित पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार

पदों के लिए प्रत्याशी निर्विरोध रहे। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

कर्मचारियों ने विजयी हुए पदाधिकारी को फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। नव निर्वाचित ब्लाक अध्यक्ष रवि गोस्वामी ने कहा कि कर्मचारियों के मान सम्मान के साथ समझौता नहीं होने दिया जाएगा। सभी लोगों के साथ पूरी तरह से ईमानदारी बरती जाएगी। इस मौके पर भारी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भूमि बिक्री का झांसा देकर पांच लाख की धोखाधड़ी

परसपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** ग्राम खड़ौरा थाना उमरी बेगमगंज के रहने वाले खुशीराम यादव ने पुलिस को तहरीर देकर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

आरोप है कि बहुवन मदार माझा कंगड़न पुरवा के रहने वाले सुनील उसके रिश्तेदार हैं। फरवरी में उससे मिलकर अपनी परेशानी व पिता की सहमति बताकर पिता के नाम की भूमि बेचने की बात कही। जिसके तहत ढाई लाख रुपये प्रति बीघा भूमि का सौदा तय हुआ और विपक्षी ने उससे कई किश्त में पाँच लाख पैतीस हजार रुपये बताए खाते पर ऑन लाइन ट्रांसफर करवा लिया। जिसके बाद जमीन बैनामा को लेकर उसके परिवार वाले टालमटोल करते रहे और भूमि बैनामा नहीं किया। न ही उसकी रकम वापस की। रकम वापसी मांगने पर विपक्षी जानमाल की धमकी दे रहे हैं। ऐसे में पीड़ित पूरी तरह से सहमे हुए हैं।

इस बाबत परसपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जाँच शुरू कर दी गयी है। शीघ्र ही सारी स्थिति सामने आ जाएगी।

# शिक्षकों ने डिजिटलाइजेशन का किया विरोध

## शिक्षकों ने कहा-समस्याओं के निदान को लेकर गंभीर नहीं शासन, बांधी काली पट्टी

बेलसर, गोंडा

**अमृत विचार:** प्रदेश के लाखों शिक्षकों की वर्षों से लंबित समस्याओं के निदान के प्रति शासन के उदासीन रवैया, बिना सरकारी सिम व डाटा की व्यवस्था किए जबरन थोपी जा रही डिजिटलाइजेशन व्यवस्था का पूर्ण बहिष्कार जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बीआरसी पर काली पट्टी बांध कर किया।

बीआरसी बेलसर पर प्रांतीय लेखाकार राजेश कुमार शुक्ल के नेतृत्व में शिक्षकों ने अपनी बांह पर काली पट्टी बांध कर विभाग तथा शासन की जबरिया नीति के विरुद्ध



बीआरसी पर विरोध करते शिक्षक। अमृत विचार

जमकर विरोध प्रदर्शन किया तथा नारेबाजी की। प्रांतीय लेखाकार राजेश शुक्ल ने कहा अधिकारियों द्वारा पूर्ण संसाधन दिए बगैर पंजिकाओं का डिजिटलाइजेशन किए जाने का दबाव बनाया जा रहा है जो बिना हमारी सभी सामूहिक शिक्षक समस्याओं का निदान किए व सरकारी सिम के कतई स्वीकार योग्य नहीं है। इसी संदर्भ में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष योगेश त्यागी के निर्देश पर व गोंडा में अध्यक्ष अशोक पांडेय के नेतृत्व में डिजिटाइजेशन व्यवस्था के विरोध स्वरूप 01 मार्च से 05 मार्च 2024 तक सभी शिक्षक शिक्षिकाएं अपने अपने विद्यालयों में उपस्थित रहते हुए तथा अपनी बांह में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे और शिक्षकों की औचित्यपूर्ण मांगों को पूरा किये जाने तथा पूर्ण संसाधन दिए जाने तक इस व्यवस्था को वापस लिए जाने की मांग को लेकर 11 मार्च को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस मौके पर भोलानाथ यादव, जितेन्द्र पांडेय अनिल मिश्र ज्ञानेंद्र सिंह, अमित मिश्र, सुरेन्द्र दत्त राम, भरतराम विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# रिटायर्ड रेलकर्मी को दी गई विदाई, हुआ सम्मान

**गोंडा कार्यालय:** सेवानिवृत्ति सेवा क्षेत्र की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो भी व्यक्ति नौकरी में है वह सेवानिवृत अवश्य होगा। उक्त बातें रेल कर्मी के सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में कंट्रोलर रविंद्र सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि यह पल जीवन में आने पर उल्लास की अनुभूति करनी चाहिए बहुत भाग्यशाली होते हैं जिनके सेवा काल में यह अवसर आता है। रेल विभाग में डीजल लॉबी में मुख्य क्रू नियंत्रक पद पर तैनात रहे रमा शंकर मिश्रा सेवा काल से सेवानिवृत हो गए। उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन रेलवे स्टेशन के सामने स्थित क्लब में किया गया। लाबी के कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से मिश्रा के सेवाकाल के दौरान किए गए कार्यों की सराहना की। सभी लोगों ने कहा कि जिस तरीके से उन्होंने सबके साथ भाईचारा अपनाते हुए कार्य किया वह अनुकरणीय है। लाबी के कर्मचारियों ने कहा कि जिस तरीके से उन्होंने अभी तक सामाजिक जीवन दिया है उनसे अपेक्षा की जाती है कि वह समाज में अपना मूल्य योगदान देते रहेंगे। विदाई समारोह में अली अहमद, संजय मिश्रा, योगेश शर्मा, राम हरक, रोहित मिश्रा, गौरव, विजय, विकास सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

**अनदेखी** सिर्फ एक कर्मचारी की है तैनाती, नौ कर्मियों के स्वीकृत हैं पद, शासन को भेजी चिट्ठी भी बेअसर

# आवास विकास के संपत्ति विभाग में कर्मचारियों का टोटा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** बाहर से देखने में यह सरकारी कार्यालय तो बिल्कुल नहीं लगाता। आवास विकास में इसकी कॉर्नर की लोकेशन है लेकिन किसी भी तरफ कोई बोर्ड तक नहीं लगा है। कई बार कार्यालय ढूंढने वाले भटकने के बाद यहां पहुंच पाते हैं। पहुंचने पर वहां उन्हें मिलता है एक उजड़ा बिगड़ा सा ऐसा दफ्तर जहां कर्मचारियों के नाम पर एक या दो चेहरे ही नजर आते हैं।

ढाई हजार मकान-प्लाट की जिम्मेदारी ढो रहा आवास विकास का सम्पत्ति विभाग कर्मचारियों



आवास विकास विभाग का कार्यालय। अमृत विचार

से कंगाल हो चुका है। आठ कर्मचारियों के मुकाबले केवल एक कनिष्ठ कर्मचारी के कंधों पर सारा बोझ है। अपने कामों को लेकर आए फरियादी भटक रहे हैं, लेकिन काम की बारी आते आते महीनों गुजर जाते हैं। यहां एक सम्पत्ति अधिकारी, एक वरिष्ठ लेखाकार, एक कनिष्ठ लेखाकार, दो वरिष्ठ सहायक, तीन कनिष्ठ सहायक और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के स्वीकृत पद हैं। आवास विकास के इस सम्पत्ति विभाग के पास नवंबर 2023 को वरिष्ठ सहायक अशोक श्रीवास्तव के सेवानिवृत होने के बाद सिर्फ एक कनिष्ठ सहायक दिव्यांशु चौधरी की तैनाती है। जबकि चतुर्थ श्रेणी कर्मी दो दिन बाद रिटायर हो रहा है। यानी पहली मार्च से यहां सिर्फ एक ही कर्मचारी रह जाएगा। जबकि इस विभाग के पास भरतपुरी योजना के 22 सौ मकान और आवासीय भूखण्डों की जिम्मेदारी है। साथ ही फैजाबाद रोड स्थित नई परियोजना में 350 भूखंडों व 528 प्रधानमंत्री आवासों का जिम्मा है। इकलौते कर्मचारी से इतना बड़ा विभाग कैसे चलेगा, इस प्रश्न के जवाब मे जिम्मेदार अफसर खुद ही व्यथित हो गए। आवास विकास परिषद के सम्पत्ति अधिकारी मुकेश पाल बताते हैं कि आवास विकास सचिव से इस सन्दर्भ मे कई बार पत्राचार किया गया है। फिलहाल दिक्कतें हैं लेकिन आश्वासन मिला है कि जल्द ही कुछ योग्य कर्मचारियों को यहां के लिए अन्य जनपद से स्थानांतरित किया जाएगा।

# अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट फाड़ने का आरोप

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** महिला अस्पताल का एक डॉक्टर एक बार फिर चर्चा में हैं। आरोप है कि इस बार उन्होंने एक मरीज़ का अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट सिर्फ इसलिए फाड़ दिया, क्योंकि वह उनकी बताई गई मनपसंद डायग्नोस्टिक सेंटर पर नहीं गया था। हालांकि सोशल मीडिया पर इसका वीडियो जोरदार ढंग से वायरल है, लेकिन सीएमएस अब तक अनजान बने हुए हैं।

बताया जा रहा है कि घटना एक दिन पुरानी है। वायरल हो चुकी वीडियो में एक शख्स अपनी पीड़ित पत्नी के साथ कैमरे पर साफ़ आरोप लगा रहा है कि किस प्रकार जिला महिला अस्पताल की एक डाक्टर



अपनी व्यथा सुनाते पीड़ित। अमृत विचार

ने उसकी पत्नी की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट फाड़कर फेंक दी। पति-पत्नी का दोष सिर्फ इतना था कि वो लोग डॉक्टर के बताए गए डायग्नोस्टिक सेंटर पर ना जाकर दूसरे डायग्नोस्टिक सेंटर से जांच करवा आए थे। इस संदर्भ मे पूछे जाने पर महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ देवेन्द्र सिंह ने बताया कि उन्हें अब तक किसी ने लिखित शिकायत नहीं की है, शिकायत मिलने पर इसकी जांच करवा कर कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि उन्होंने यह स्वीकार भी किया कि डॉ का मरीजों के प्रति व्यवहार मधुर होना चाहिए। बताया जा रहा है कि ये महिला डॉक्टर हाल ही में बुजुर्ग भाजपा नेता और पूर्व विधायक तुलसीदास राय चंदानी से उलझ जाने के मामले में काफी चर्चा मे रह चुकी हैं।

## एक नजर

### चौराहे पर लगवाया कैमरा पुलिस की होगी नजर

**खरगूपुर, गोंडा :** अपराधियों व अपराध पर अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन दृष्टि के तहत पुलिस ने नगर पंचायत में कैमरा लगवाया। खरगूपुर थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर ऑपरेशन दृष्टि के तहत स्थानीय नगर पंचायत के गांधी चौराहे पर चार कैमरे लगवाये गये हैं जो इकौना, आर्यनगर, इटियाथोक व पृथ्वीनाथ मार्ग से आने जाने वाले अपराधियों व अपराध पर नजर रखेगा। थानाध्यक्ष सिंह ने बताया कि कस्बे में लगाया गया कैमरा काफी उपयोगी साबित होगा।क्योंकि ये पुलिस की तीसरी नेत्र है। इससे चोरी व लूट जैसी गंभीर घटनाओं को रोकने में कामयाबी तो मिलेगी ही। वहीं चौराहों पर लग रहे जाम की स्थिति से निपटने में काफी सहूलियत होगी।

### कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेसी आज सौंपेंगे ज्ञापन

**गोंडा कार्यालय :** प्रदेश में गड़बड़ कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेसी जिला मुख्यालय व तहसील स्तर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेंगे। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि आये दिन प्रदेश के विभिन्न जनपदों में हत्या, लूट बलात्कार की घटनाएं होती रहती हैं। कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है।

### मादर्क पदार्थ के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय :** पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना नगर के उप निरीक्षक बृजेश कुमार गुप्ता सूचना मिली कि गुलाब शाह तकिया कब्रिस्तान जाने वाले मार्ग पर अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 व्यक्ति खड़ा है। पुलिस ने घेराबन्दी कर आरोपी राजा बाबू उर्फ अनीश निवासी कटारिया मोहल्ला नगर कोतवाली गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नशीली गोलियां बरामद कीं।

# गोंडा सीट पर 25 साल तक रहा बाहर के लोगों का दबदबा

## 1971 में गोंडा के छत्रपों का हुआ प्रवेश, अब उठ रही मांग जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी ही भागीदारी

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के समीप आते-आते कई समीकरण बनते और बिगड़ते हैं। लेकिन इतिहास के आइने में गोंडा लोकसभा सीट पर शुरुआती दौर से लेकर अब तक 25 साल तक जिले के बाहर के प्रत्याशी मैदान मार चुके हैं। 1971 में जब गोंडा के रहने वाले छत्रप के हाथ में सीट आई तब से लड़ाई अधिकांश चुनाव में दो छत्रपों के बीच ही रही। अब मांग उठ रही है कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी उतनी उसकी भागीदारी होनी चाहिए।

1952 से लेकर 2024 तक राजनीति के कई परिदृश्य बदले। करिश्माई नेताओं की इंट्री हुई और समीकरण बदल गए। कांग्रेस को हिंदू महासभा और जनसंघ से टक्कर मिलती रही लेकिन अधिकांश समय तक कांग्रेस के हाथ में सीट रही। वर्ष 1952 में हुए पहले चुनाव में हिंदू महासभा से शकुंतला नायर चुनाव जीतीं। इसके बाद 1957 में कांग्रेस से दिनेश प्रताप सिंह, कानपुर के रहने वाले रामरतन गुप्ता 1962 में कांगेस से सांसद बने। 1967 में एक बार कांग्रेस के टिकट पर सुचेता कृपलानी को मैदान में उतारा गया और वह जीत गईं। इसके पहले 1964 में स्वतंत्र पार्टी से एन दांडेकर चुनाव जीते। लगातार जिले के बाहर के लोगों को गोंडा की जनता ने सिर आंखों पर बैठाया। वर्ष 1971 में गोंडा लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने मनकापुर राज घराने के कुंवर आनंद सिंह को मैदान में उतारा और पहले जिले के वासी चुनाव जीतने में कामयाब रहे। मूलतः सुल्तानपुर के रहने वाले सत्यदेव सिंह जनता पार्टी से 1977 में गोंडा आए और चुनाव जीतने के बाद वह यहीं बस गए। लेकिन 1980 में इस सीट पर आनंद सिंह पुनः जीतने में कामयाब रहे और वह 1989 तक लगातार कांग्रेस से सांसद चुने जाते रहे। लेकिन 1991 में परिदृश्य बदला और राममंदिर की लहर ने राजघराने के किले को भेदकर बृजभूषण शरण सिंह भाजपा से विजई हुए। लेकिन इसी बीच उनके ऊपर आरोप लगे और भाजपा ने बृजभूषण शरण सिंह की पत्नी केतकी सिंह को 1996 में मैदान में उतार दिया और वह जीतने में कामयाब रहीं। 1999 में कुंवर आनंद सिंह के बेटे कीर्तिवर्धन सिंह ने राजनीति संभाली और पिता की कसौटी पर खरा उतरे और समाजवादी पार्टी के टिकट पर सांसद बने। लेकिन 2001 में बृजभूषण शरण सिंह एक बार फिर बीजेपी का भगवाध्वज लहराने में कामयाब रहे। 2005 में बृजभूषण शरण सिंह को बलरामपुर भेज दिया गया और भाजपा से घनश्याम शुक्ला को मैदान में उतारा गया। लेकिन मतदान के दिन ही शाम को घनश्याम शुक्ला की दुर्घटना में मृत्यु हो गई। लेकिन समाजवादी पार्टी से कीर्तिवर्धन सिंह विजई हो गए। कैसरगंज सीट से कई बार रहनुमाई कर चुके सपा नेता बेनी प्रसाद वर्मा कांग्रेस में चले गए और 2009 में उन्होंने गोंडा सीट को चुना। इसमें वह जीतने में कामयाब रहे। बेनी प्रसाद वर्मा भी गोंडा जिले के बाहर के थे। उधर 2009 में बृजभूषण शरण सिंह ने भी पाला बदल लिया और समाजवादी पार्टी से बेनी की जगह कैसरगंज से मैदान में आ गए और वह वहां से भी चुनाव जीत गए। 2014 में कीर्तिवर्धन सिंह भाजपा में शामिल हो गए। इसका खामियाजा उनके पिता को उठाना पड़ा। वह प्रदेश की सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री थे और उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद 2019 में कीर्तिवर्धन सिंह पुनः भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत गए।

### परिसीमन के बाद 2009 में बदल गया क्षेत्रीय परिदृश्य

2009 के पहले गोंडा लोकसभा में करनैलगंज, कटरा बाजार, गोंडा सदर, मुजेहना, मनकापुर और सादुल्लानगर विधानसभा के क्षेत्र समाहित थे। लेकिन 2009 में गोंडा लोकसभा में कटरा बाजार, करनैलगंज व बस्ती लोकसभा क्षेत्र में शामिल डिक्सिर( अब तरबगंज) को कैसरगंज लोकसभा में जोड़ दिया गया। वहीं गोंडा लोकसभा में उतरौला और सादुल्लानगर( अब गौरा) को गोंडा में समाहित कर दिया गया। गोंडा लोकसभा क्षेत्र में 19 प्रतिशत ब्राह्मण मतदाता हैं। लेकिन 1952 से लेकर उनकी रहनुमाई नहीं हो पाई। ब्राह्मण नेता संजय पाठक, राजेश तिवारी सहित अन्य नेताओं का कहना है कि गोंडा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मणों को भी मौका मिलना चाहिए। 90 के दशक में जातीय समीकरण चलाने वाले अभियानों का हवाला देते हैं। इनका कहना है कि समाज में जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी ही भागीदारी होनी चाहिए। मांग अपनी जगह पर है पर 1952 से लेकर 2024 तक कई समीकरण व आंकलन बदले हैं। मौजूदा समय कांग्रेस अगर हांसिए पर दिख रही है तो सपा के साथ गठबंधन कर उसे जरूर खुशी मिल रही है। बसपा से अभी तक किसी लड़ने वाले का चेहरा सामने नहीं आया है जबकि सपा ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। भाजपा उधेड़बुन में लगी है। एक सप्ताह में भाजपा भी उम्मीदवार घोषित कर देगी।

# राज स्पोर्ट निंदूरा ने जीता फाइनल मुकाबला

## विकासखंड हलधरमऊ के मौलाना स्टेडियम में दस दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचारः** विकासखंड हलधरमऊ के मौलाना स्टेडियम निंदूरा में 11वां राज क्रिकेट टूर्नामेंट के तत्वावधान में चल रहा 10 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न हो गया। इसमें जिले के अलग-अलग जगहों की कुल 16 टीमों ने भाग लिया।

फाइनल मुकाबला राज स्पोर्ट निंदूरा और बालपुर की टीम के बीच हुआ। जिसमें बालपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 160 रन का लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए राज स्पोर्ट निंदूरा की टीम ने चार विकेट के नुकसान पर 166 रन से जीत हासिल कर शील्ड पर कब्जा कर लिया। निंदूरा टीम के खिलाड़ी अबू शाद को मैन ऑफ दा सीरिज दिया गया इन्होने मैच में बेहतरीन बल्लेबाजी और गेंदबाजी किया। टूर्नामेंट के आयोजक हरमैन खान ने बताया कि विजेता टीम राज स्पोर्ट निंदूरा के कप्तान आजम खान को 21 हजार व उपविजेता बालपुर टीम के कप्तान सनी सिंह को 11 हजार रुपये नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कमर खान, आशिफ बादशाह, हाफिज बदरुद्दीन खान, शहाबुद्दीन खान, डॉक्टर शहरयार खान, नबीउद्दीन पल्लू, सबील खान, सूरज, वाहेद खान, नबीउद्दीन खान प्रधान समेत कई लोग मौजूद रहे।



क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने के बाद कप ग्रहण करते खिलाड़ी। अमृत विचार

### राज्य स्तरीय वॉलीबॉल में चैंपियन बनी लखनऊ की टीम

**बभनान, गोंडा :** आचार्य नरेंद्र देव किसान पीजी कॉलेज के स्वर्ण जयंती के अवसर पर चल रहे दो दिवसीय राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। इसमें फाइनल मैच महाराणा प्रताप क्लब लखनऊ और वॉलीबॉल क्लब देवरिया के मध्य हुआ। जिसमें 2-1 से लखनऊ टीम विजेता बनी। इस समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने विजयी टीम को पुरस्कृत किया। जिसमें आयोजन सचिव डॉ अनिल कुमार तिवारी, ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा में ही है पिछड़े वर्ग के लोगों का सम्मान

इटियाथोक, गोंडा

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी वर्ग मोर्चा सामाजिक सम्मेलन मंडल इटियाथोक बाजार में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री अवध रंजीत बाबा मौजूद रहे।

उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में ही पिछड़े वर्ग का सम्मान है। इसके अलावा कोई ऐसी पार्टी नहीं है जिसमें पिछड़े वर्ग के लोगों का सम्मान होता हो। बाकी पार्टियां केवल पिछड़े वर्ग का इस्तेमाल करती हैं लेकिन सम्मान नहीं देती। एक बार आप सभी लोग 2024 में भाजपा की सरकार बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। किसी के साथ-साथ जिला उपाध्यक्ष गोंडा सूरज देवराज, जिला उपाध्यक्ष संतोष चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव, के के मौर्य, मनोज विश्वकर्मा ने अपने-अपने विचार रखे।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सियाराम विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष बहलोलपुर रक्षाराम मौर्य रामकुमार यादव राघव राम चौरसिया सहित कई अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रक में पीछे से घुसी बेकाबू बस चालक की मौत, कई लोग घायल

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** वजीरगंज थाना क्षेत्र के अयोध्या-गोंडा मार्ग पर अचलपुर के पास शुक्रवार भोर 3:40 पर रोडवेज बस चालक के बस पर नियंत्रण खो देने से ट्रक के पीछे टकरा गई, जिससे बस चालक समेत पांच सवार घायल हो गए। जिनका इलाज जिले के मेडिकल कॉलेज में हो रहा है। बस चालक की इलाज के दौरान मौत हो गयी।

अयोध्या से गोंडा जा रही गोंडा डिपो की बस थाना क्षेत्र के अचलपुर के पास अचानक अनियंत्रित होकर ट्रक की पीछे भिड़ गयी, जिससे बस चालक कमल कुमार (35)पुत्र जगतपाल निवासी खोरहंसा थाना कोतवाली देहात गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गयी।

वहीं बस यात्री ओंकार पुत्र घिराऊ, बलवंत पुत्र समयदीन, राधेश्याम पुत्र आशाराम निवासी टेपरा चौबे थाना खैरीघाट जनपद बहराइच व शत्रुघ्न पुत्र रामचंद्र निवासी नारायणपुर माझा करनैलगंज घायल हो गए। सूचना पर पहुँचे थानाध्यक्ष अभय सिंह सहयोगियों संग घायलों को अपने वाहन से सीएचसी लाया गया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।



हादसे के बाद घायलों को पुलिस जीप में बैठाते कर्मचारी। अमृत विचार

# दूल्हे ने किया शादी से इनकार पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

**नवाबगंज, गोंडा:** बेटी का विवाह सिर पर था। महिलाएं गीत गा रही थीं। तैयारियां चल रही थीं। लेकिन दहेज की मांग पूरी न होते देख महज सात दिन पहले दुल्हे ने शादी करने से मना कर दिया। लड़की के पिता की तहरीर पर पुलिस द्वारा एक महिला समेत तीन लोगों के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली लड़की की शादी भोपतपुर गांव के निवासी राजेन्द्र निषाद के बेटे बसंत कुमार के साथ छह माह पूर्व तय हुई थी और सगाई की रस्म भी कर दी गई थी। आठ मार्च को शादी का दिन भी तय कर दिया गया। शादी की सारी व्यवस्थाएं पूरी करने के साथ रिश्तेदारों व क्षेत्र में शादी का कार्ड को बांट दिया गया था। बीते बुधवार को लड़के के पिता द्वारा दहेज में दो लाख रुपए अतिरिक्त तथा एक कार की मांग रखी गई। जिसे वह पूरा कर पाने में असमर्थता जताई तो शादी करने से इंकार कर दिया। जब लड़के के घर जाकर परिवार वालों से बात करने की कोशिश की गई उन लोगों ने उसे तथा उसकी लड़की को भला बुरा कहते हुए भगा दिया। आरोप है कि सगाई के बाद से बसन्त निरन्तर लड़की से मोबाइल पर बात करता था तथा उससे मिलता जुलता भी था।

# सालाना उर्स में पेश की कव्वाली

खरगूपुर, गोंडा

**अमृत विचारः** बाबा शहीद मर्द रहमतुल्लाह अलैहि का सालाना उर्स उल्लास पूर्ण माहौल में मनाया गया। बाहर से आए गायकों ने कव्वाली प्रस्तुत की। स्थानीय कस्बे में आयोजित उक्त कार्यक्रम में बरेली के आसिफ साबरी तथा कानपुर के चांद रजा द्वारा जवाबी कव्वाली प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय कस्बा सहित आसपास के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। दोनों पार्टी द्वारा प्रस्तुत कव्वाली कार्यक्रम का श्रोताओं ने खूब सराहना की। कव्वाली के पूर्व जलसा ए ईद मिलादुन्नबी का कार्यक्रम हुआ। जिसमें वक्ताओं ने हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के बताएं रास्ते पर अमल करते हुए एक बनो नेक बनो का संदेश दिया।बाबा शहीद मर्द के मजार पर अक़ीदतमंदों ने चादर चढ़ा कर मन्नत पूरा होने की कामना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शमसुद्दीन अंसारी, मोहम्मद नईम खान, मिस्टर खान, वारिस अली, आशीष यादव, शाहिद आलम, मुन्नू, अहमद अली, रफीक अहमद, सत्तार अहमद, शेर मोहम्मद आदि लोग शामिल रहे।



सालाना उर्स के दौरान कव्वाली प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

# कोटा चयन प्रक्रिया में धांधली का आरोप

करनैलगंज, गोंडा

**नाराजगी**

- करनैलगंज की ग्राम पंचायत भंभुआ में रिक्त कोटे की दुकान के लिए हुई खुली बैठक

**अमृत विचारः** विकास खंड करनैलगंज के ग्राम पंचायत भंभुआ में रिक्त चल रहे राशन कोटे की दुकान के लिए आयोजित खुली बैठक में मनमानी व धांधली को लेकर गांव की स्वयं सहायता समूह ने एसडीएम व जिला पूर्ति अधिकारी से शिकायत की है।

ग्राम पंचायत भंभुआ में संचालित वूमेन इंपावेमेंट स्वयं सहायता समूह ने अधिकारियों को दिए पत्र में कहा है कि उक्त ग्राम पंचायत में रिक्त चल रहे उचित दर विक्रेता के चयन के लिए 29 फरवरी को बिना ग्राम वासियों को सूचित किये खुली बैठक आयोजित की गई। जिसमें महिला स्वयं सहायता समूह के आवेदन को निरस्त कर राजनीतिक दबाव में मनमानी तरीके से कोटे का चयन किया गया है। जोकि नियम विरुद्ध है। चयन प्रक्रिया को निरस्त करते हुए पुनः खुली बैठक आयोजित कर स्वयं सहायता समूह को सम्मालित किये जाने की मांग की गई है।

# राजकीय नलकूप खराब, किसान परेशान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** इटियाथोक बिकासखंड में सरकारी नलकूपों की स्थिति बदहाल है। कहीं नलकूपों के उपकरण गायब हैं, कही नालियां टूटी और चोक पड़ी हैं। किसानों को फ़सल सिंचाई के संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की समस्या को लेकर नलकूप विभाग गंभीर नहीं है।

वर्तमान में किसान गेहूं आदि की सिंचाई के लिए भटक रहे हैं। उन्हें समय से सरयू नहर से पानी नहीं मिल रहा है। राजकीय नलकूप तकनीकी खामियों से खराब हैं। ऐसे में किसानों को भारी दिक्कत पेश आ रही है। इसका सीधा असर फसल उत्पादन पर पड़ेगा। राजकीय नलकूप खराब होने से स्थानीय किसान निजी पम्प से महंगी सिचाई करने को मजबूर है। इटियाथोक बिकासखंड क्षेत्र में 69 राजकीय नलकूप स्थापित है।

किसानों की माने तो इनमे से अधिकतर खराब पड़े है। क्षेत्र अंतर्गत अयाह चौराहे का 20 जीजी राजकीय नलकूप कई वर्षो से खराब है। विभाग ने पूर्व में से फेल घोषित कर दिया है। इस नलकूप की नालियां टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई है। अब यहाँ के तमाम किसान सिंचाई को लेकर परेशान रहते है। अयाह के इस नलकूप से सैकड़ो किसान पूर्व मे फसल की सिंचाई करते थे जो अब काफी परेशान है। स्थानीय किसान कामरेड रघुनाथ प्रसाद पांडेय ने बताया कि यह पांच साल से खराब है, इसकी शिकायत उन्होंने अबतक कई जगह की किन्तु इसे अभीतक दुरुस्त नहीं किया गया।

किसान दुर्गा प्रसाद ने कहा कि सैकड़ों किसान फसल सिंचाई को लेकर यहाँ काफी चिंतित है। बताया कि इस नलकूप से आसपास में करीब 20 एकड़ फसल की सिंचाई होती थी जो अब नहीं हो पा रही है। बिहारी तिवारी, दयाशंकर, भवानी, चंद्रशेखर, संतोष, अकबर, राधेश्याम, राजनरायन, जगदम्बा आदि दर्जनों किसानों ने कहा कि गेहूं की सिंचाई करनी है जो नलकूप खराब होने से बाधित है।



राजकीय नलकूप की खराब मोटर।

# कार्यकर्ताओं ने सांसद का मनाया जन्म दिन

मसकनवा, गोंडा

- मसकनवा कस्बे में बैठक कर कार्यकर्ताओं ने सुनीं आम लोगों की समस्याएं

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सांसद कीर्तिवर्धन सिंह राजा भैया के जन्मदिन पर फल और मिठाई बांटा। मसकनवा कस्बा के फार्म हाउस पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैठक पर आम लोगों की समस्याओं को सुना। डायरी और राम लला का चित्र वितरित किया गया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश शुक्ल ने कहा कि हमारे सांसद अत्यंत सरल और सहज है। जिले में मेडिकल कॉलेज, फोर लेन सड़क, इंजीनियरिंग कालेज, ट्रेनों का ठहराव, रेलवे स्टेशनों का सौंदर्यीकरण, क्षेत्र में गांव गांव में सड़कों का निर्माण दर्जनों विकास कार्य सांसद राजा भैया की देन है। उन्होंने यहां काफी विकास कार्य करवाए हैं।

विधायक प्रतिनिधि नीरज पटेल, दिनेश शुक्ल, भूपेश मिश्रा, जगन्नाथ चतुर्वेदी, जितेन्द्र पाण्डेय, राम जी श्रीवास्तव, सोनू पाण्डेय, सच्चिदानंद पांडेय, दयाशंकर पांडेय, वेद प्रकाश शुक्ल, शिवपूजन आदि मौजूद रहे।

**आस्था** पंडरी कृपाल ग्राम सभा की काली माता मंदिर पर श्री नवचंडी महायज्ञ और संगीतमयी रामकथा

# पहले दिन कलशयात्रा निकाली, जयकारे भी लगे

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** श्री नवचंडी महायज्ञ व संगीतमय रामकथा का आयोजन पंडरी कृपाल ग्राम सभा के काली माता मंदिर पर जय मां काली सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिन गांव की महिला व पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा यज्ञ साल से शुरू हुई जो सुभाग पुर स्थित च्यवन मुनि आश्रम के पोखर से जल भरकर वापस आई। यज्ञ का आयोजन विगत कई वर्षों से किया जा रहा है। अयोध्या से आए संतों द्वारा यज्ञशाला में पूजा अर्चना किया जा रहा है। यज्ञ धीश की भूमिका में आचार्य श्याम प्रकाश त्रिपाठी तथा कथा व बाल विकास लक्ष्मी शुक्ला द्वारा कथा का रसपान नित्य शाम को कराया जाएगा। नौ चण्डी यज्ञ के मुख्य यजमान श्री साई ग्रामीण गैस वितरक एजेंसी के संचालक प्रेम कुमार मिश्रा पप्पू लंबरदार हैं। कथा का समापन नौ मार्च को भंडारे के साथ होगा। कलशयात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। पोखरा से ले गए जल को यज्ञशाला में स्थापित किया गया है। इस दौरान राधा मोहन मिश्रा, ईश्वर शरण शुक्ल, चंद्रमोहन मिश्रा, बबलू शुक्ला, विमल, रामू, अनुराग मिश्रा, श्याम मिश्रा, मंसाराम, नवीन कुमार मिश्रा, शिवम आदि मौजूद रहे।



कलश में जल भरने के लिए तैयार महिलाएं। अमृत विचार

### धूमधाम से निकाली गई कलश शोभायात्रा

**कटरा बाजार, गोंडा :** शुक्रवार को थाना क्षेत्र कटरा बाजार अंतर्गत मथुरा गाँव में शतचंडी यज्ञ व राम कथा आयोजन से पूर्व धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। पूरे रास्ते भक्तगण जयश्रीराम के नारे लगाते रहे। यज्ञ व कथा के आयोजक नंदू पाठक ने बताया की कलश यात्रा मथुरा गांव के सम्मय माता स्थान से प्रारंभ होकर नारायणपुर कला, रायपुर होते हुए गाजे बाजे के साथ जल लाने के लिए सरयू नदी भग्गड़वा बाजार तक जाएगी। उन्होंने बताया कि राम कथा वृंदावन धाम के आचार्य नारायण कृष्ण दीक्षित जी कहेंगे। कलश यात्रा में नंदू पाठक, संदीप महाराज, राजेंद्र, विष्णु शरण शास्त्री, रुद्रपाल सिंह, शिवा सिंह तुलसीराम, रामस्वरूप, केशवराम सहित सैकड़ो की संख्या में भक्त शामिल रहे। सुरक्षा की दृष्टि से चौकी इंचार्ज माधोपुर प्रमोद कुमार सिंह, कांस्टेबल अभिषेक प्रजापति आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# अभिलेख जमा करने के बाद सिलेंडर न देने के केस में गैस एजेंसी से मांगा जवाब

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** बभनजोत ब्लाक के कई उपभोक्ताओं ने शिकायत किया था कि उज्जवला योजना के लिए अभिलेख जमा किया गया। लेकिन उन लोगों को सिलेंडर आदि सामान अभी तक नहीं मिल पाया है। जिला पूर्ति अधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते नोटिस जारी की है। जिले में आवेदन के बाद भी उपभोक्ताओं को सिलेंडर, रेगुलेटर, पाइप, गैस पासबुक, वाउचर आदि नहीं मिल पाया है। विकासखंड बभनजोत के सीतारामपुर ग्रांट रजाई भारी में स्थित निक्की इंडियन गैस सर्विस के खिलाफ कई लोगो ने शिकायत की है कि उन लोगों को जरूरी अभिलेख जमा करने के बाद भी उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर नहीं मिल पाया है। जब वह लोग एजेंसी पर जाते हैं तो उनको वहां से भगा दिया जाता है। बभनजोत के तेंदुआ रानी के रहने वाले रोली, भूट्न अनीता, शाहजहां, शोभावती, सुंदरी, कृष्णावती, करीम सहित अन्य लोगों ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिला पूर्ति अधिकारी की ओर से पहले भी संबंधित गैस एजेंसी को पत्र भेज कर जवाब मांगा गया था लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। एजेंसी द्वारा मनमानी का आलम यह है कि वह अफसर की भी नहीं सुन रहे है अब पूर्ति विभाग की ओर से दोबारा पत्र भेजा गया है, चेतावनी भी दी गई है यदि जवाब नहीं आता है तो कार्रवाई भी की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि बभनजोत ब्लॉक स्थित निक्की इंडियन गैस सर्विस पर कई लोगों ने कागजात जमा होने के बाद भी सिलेंडर रेगुलेटर पाइप न दिए जाने की शिकायत की है। पूर्व में भी जवाब मांगा गया था लेकिन अभी तक कोई जवाब में नहीं आया है । वही प्रकरण की जांच कर रहे क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि संबंधित गैस एजेंसी को पुनः नोटिस भेजे जा रही है यदि जवाब नहीं मिलेगा तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पयागपुर: वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मोहा मन

पयागपुर, बहराइच


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बच्चों के अन्दर असीम प्रतिभाएं होती हैं, आवश्यकता है उन्हें प्रदर्शन का अवसर मिले, जी हाँ ऐसा ही उम्दा प्रदर्शन बच्चों का प्राथमिक विद्यालय गंगाजोत में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में देखने को मिला। वार्षिकोत्सव में नौनिहालों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोह लिया।

पयागपुर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय गंगाजोत में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान निर्मला देवी ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया। ततपश्चात विद्यालय की छात्रा माही, क्षमा, दिव्यांशी, हर्षिता द्वारा 'हे शारदे माँ, हे शारदे माँ"सरस्वती वंदना' व मन की बीड़ा से गुंजित करे आज मन'के बोल के साथ स्वागत गीत प्रस्तुत कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया गया। छात्र रमन, गोविंद, आकाश विकास द्वारा 'जलवा जलवा, नन्हा मुन्ना राही हूँ देश गीत और अनपढ़ किसान, चतुर पंडित मूर्ख नौकर' , एकांकी प्रस्तुत की गई जिसकी लोगों ने जमकर सराहना की। वार्षिकोत्सव में बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक कार्यक्रमों को देख लोग मंत्रमुग्ध रहे। कक्षा 3 की छात्रा साक्षी द्वारा प्रस्तुत गीत 'हे अम्मा हमहुँ पढाय दा, हम करबै नौकरिया' पर जमकर तालियाँ बजी। ग्राम प्रधान निर्मला देवी ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें पुरस्कृत कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार, बब्बन मिश्रा, अभयशंकर, पुजारी, थानेदार तिवारी, उदयप्रताप, रंगिल, ननके, शिक्षिका विनीता, रेनू मिश्रा, सहित विद्यालय के बच्चे एवं अभिभावक गण मौजूद रहे।

# एंबुलेंस पायलट को सड़क सुरक्षा के दिए सुझाव

बहराइच


एंबुलेंस चालकों के प्रशिक्षण में सीएमओ का स्वागत करते जिला प्रबंधक।

**अमृत विचार :** शहर लखनऊ रोड स्थित कार्यालय में एंबुलेंस कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। सीएमओ और जिला प्रबंधक ने बेहतर सेवा के बारे में जानकारी दी।

एंबुलेंस सेवा की गुणत्ता को और बेहतर बनाने के लिए ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेस के द्वारा जिले में एक दिवसीय प्रशिक्षण जो चार जिलों को बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, बाराबंकी) पायलट को शामिल करके चलाया जा रहा है लगभग 10 से 12 दिन का कार्यक्रम है। जिसमें सड़क सुरक्षा एवं वाहन रखरखाव और मरीजों को सुरक्षित अस्पताल तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया जा रहा है शिविर मे सीएमओ राजेश गौतम सर और हेल्थ ऑफिसर बृजेश सिंह सर ने प्रशिक्षण का दौरा किया और सभी पायलट को जीवन बचाने के उचित परामर्श दिए। सभी जिलों में ट्रेंनिग का आयोजन संस्था द्वारा किया गया है। एंबुलेंस में तैनात पायलेट के द्वारा मरीज को बेहतर से बेहतर सेवा मिले इसके लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में एंबुलेंस सेवा के सभी चालक उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया सतगुरु साईं नाथ का स्थापना दिवस

**मोतीपुर, बहराइच :** मिहींपुरवा नगर में स्थित श्री राम जानकी मंदिर में हर वर्ष की बात इस वर्ष भी सतगुरु श्री साईं नाथ का दसवां स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम सतगुरु साईनाथ की पालकी को फूल मालाओं से सजाकर लोगों द्वारा नगर भ्रमण कराया गया। श्री जय मां अंबे जागरण मंच के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान मिहींपुरवा अरविंद मदेशिया उर्फ बबलू ने बताया कि पालकी भ्रमण के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर राम आशीष सोनी समेत अन्य मौजूद रहे।

# चार दिन से लापता युवक का फंदे से लटकता मिला शव

## भाई और पिता ने हत्या का लगाया आरोप

मिहीपुरवा, बहराइच

**अमृत विचार :** जंगल से सटे ग्राम पंचायत अड़गोड़वा ग्राम निवासी एक युवक का शुक्रवार सुबह फंदे से लटकता शव मिला। युवक से एक युवती को लेकर गांव में विवाद हुआ था। इसके बाद से वह चार दिन से घर नहीं गया था। परिवार के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अडगोड़वा के मजरा सियापुरवा गांव में 25 फरवरी को नृत्य कार्यक्रम था। नृत्य कार्यक्रम देखने के लिए गांव निवासी सुनील कुमार (33) पुत्र बालकराम गया था। नाच देखने के बाद वह वापस अपने घर आ रहा था। गांव निवासी एक युवती के कहने पर उसके परिवार के लोगों ने सुनील को रोक लिया था। कुछ कहासुनी हुई। इसके बाद वह घर आए। 26 फरवरी से सुनील लापता हो गया। शुक्रवार सुबह उसका शव गांव में फंदे से लटकता मिला। जिस पर परिवार में चीख पुकार मच गई। परिवार के लोग रोने लगे। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने फंदे से युवक का शव उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सही स्थिति का पता चल सकेगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### कल पयागपुर में था मृतक

मृतक सुनील के भाई अखिलेश ने बताया कि 25 फरवरी को गांव निवासी युवती के कहने पर उसके परिवार के लोगों ने भाई का उत्पीड़न किया था। कल पयागपुर निवासी बिल्लू नामक व्यक्ति ने बात कराई थी। इसके बाद शुक्रवार को उसका शव फंदे से लटकता मिला। भाई के साथ पिता और बाबा ने हत्या का आरोप लगाया है।

# बाइक में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दो मित्रों की मौत

**हादसा**

- घायल जिला अस्पताल से लखनऊ हुआ रेफर

बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के नानपारा बहराइच मार्ग पर देर शाम को बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दो मित्रों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल हुआ है। उसे पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया।

कोतवाली नानपारा क्षेत्र के मोहल्ला कल्लन खां कसाई टोला निवासी अरमान पुत्र हशीम अपने मित्र शूएब (25) और शीबू (27) बाइक से जिला मुख्यालय आए थे। इसके बाद तीनों दोस्त शुक्रवार को शाम सात बजे बाइक से पुनः अपने घर जा रहे थे। राम गांव थाना क्षेत्र के बहराइच नानपारा मार्ग पर झांसा बनवारी गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके चलते शूएब और शादाब की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अरमान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजवाया। यहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने मौके पर पहुंच कर जाम खुलवाया। इसके बाद मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# धरने पर बैठे भीम आर्मी के सदस्य

कैसरगंज, बहराइच


कैसरगंज में धरना देते भीम आर्मी के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कैसरगंज सीओ कार्यालय में शुक्रवार को भीम आर्मी के सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए धरना शुरू कर दिया है। इसके बाद सभी बहराइच लखनऊ मार्ग पर धरना देने लगे। जिसके चलते जाम लग गया। सभी का कहना है कि बालिका की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में पुलिस अन्य आरोपियों को बचा रही है।

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी छह वर्ष बालिका की उसके पड़ोसी ने दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी थी। एक सप्ताह पूर्व हुए घटना के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि अन्य लोग अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर हैं। इसको लेकर शुक्रवार को सीओ कार्यालय में भीम आर्मी के एसके राज गुरु जी और सुरेश पासवान की अगुवाई में सभी ने नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सभी का कहना है कि पुलिस अन्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। जबकि आरोपी तीन लोगों शामिल थे। ऐसे में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तारी करे। सीओ कार्यालय के बाद सभी लखनऊ बहराइच मार्ग पर धरना देने लगे।

धरने के दौरान दोनों जनपद से आने और जाने vae वाहनों की कतार लग गई। धरने में एसडीएम पंकज कुमार दीक्षित और सीओ रूपेश गौड़ पुलिस टीम के साथ पहुंचे। सभी ने समझा बूझकर धरना समाप्त करवाया। सभी ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर दिया। जिसमें बताया कि दलित हत्या व उत्पीड़न के घटनाक्रम के अपराधियों के गिरफ्तारी दो दिन के अंदर हो, मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, आरोपियों के मकान ध्वस्त किए जाएं, मृतक के बच्चों की पढ़ाई का खर्चा मुफ्त में दिलाई जाए, मृतक के परिवार को रहने हेतु आवास की व्यवस्था कराई जाए, मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए आर्थिक सहायता तत्काल के साथ अभियोग की विवेचना किसी दूसरे क्षेत्राधिकार से कराई जाए।

प्रदर्शन, धरने व जाम के मौके पर माधवराव एडवोकेट, साहब अहमद एडवोकेट, मुलायम सिंह यादव, जितेंद्र वर्मा, एडवोकेट आदि के साथ हजारों की संख्या में भीम आर्मी कार्यकर्ता मौजूद रहे

## एक नजर

### विद्युत पोल टूटने से मजदूर गिरा ,घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** बलरामपुर-इकौना मार्ग पर भिनगा बाईपास के निकट विद्युत पोल पर लगी केबिल को ठीक करने के लिए चढ़ते समय विद्युत पोल टूटने से मजदूर नीचे गिर गया। घायल मजदूर को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने घायल की गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। थाना इकौना देहात क्षेत्र भिनगा बाईपास मोड पर विद्युत केबिल को ठीक करने के लिए पोल पर चढ़कर जनपद सीतापुर निवासी मजदूर मिथुन पुत्र जंगा ग्राम खजुरा थाना सकरन जिला सीतापुरचढ़ रहा था। इसी बीच पोल सहित केबिल टूट कर नीचे गिर गया। जिससे मजदूर को गंभीर चोटे आई। साथी मजदूरो ने घायल मजदूर को एंबुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने घायल मजदूर मिथुन की हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक इकौना राकेश कुमार सिंह ने हमराही टीम के साथ इकौना भिनगा बाइपास चौराहा के पास कस्बा व थाना इकौना से महेश कुमार पुत्र छट्ठीराम निवासी चमारन पुरवा दा0 पूरेदीनामगढ को गिरफ्तार किया। बता दें कि गजाधर पुरवा की एक महिला ने 27 फरवरी को आरोपी के विरुद्ध थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था।

## रूपईडीहा में किड्स कराटे केंद्र की हुई शुरुआत

**रूपईडीहा, बहराइच :** नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर उमा शंकर वैश्य ने किड्स कराते & फिटनेस एकेडमी का फीता काटकर शुरू किया। डॉ वैश्य ने कहा बच्चों में शरीर एवं बुद्धि विकास के लिए व्यायाम बहुत ही आवश्यक है। मोदी द्वारा राष्ट्र हित में फिट इंडिया मूवमेंट का चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य आसान जीवन शैली से लेकर दिन-प्रतिदिन के जीवन के शारीरिक रूप से सक्रिय तरीके से व्यवहार में परिवर्तन करना है। हमें उत्प्रेरक की भूमिका निभानी होगी। इसके लिए मोहम्मद आलमीन अंसारी बधाई के पात्र है। स्कूलों में पढ़ने वाले किशोर छात्र छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए जूडो कराटे सीखने हेतु किड्स फिटनेस एकेडमी द्वारा टंडन मिल रूपईडीहा में संचालित किया गया है।

# नदी से बरामद हुईं लकड़ियों को एसएसबी ने किया जब्त

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार:** सशस्त्र सीमा बल ने नदी में बह रही लकड़ियों को जब्त किया। कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला नेतृत्व में पार्टी कमांडर मदन लाल के साथ टीम गश्त के लिए रवाना हुई। पता चला कि नदी के रास्ते नेपाल की ओर से बहती हुई लकड़ियां आ रही हैं। इसकेके आधार पर पार्टी कमांडर मदन लाल द्वारा 'ई' समवाय के प्रभारी के साथ उक्त सूचना को साझा कर गश्ती दल बुलाया गया । दोनों टीमें करमोना घाट भादा नदी रवाना हुईं। ई-समवाय की गश्त पार्टी जब सीमा स्तम्भ संख्या - 671/1 के पास पहुंची तो वहां कुछ भी हरकत नजर नहीं आयी। गश्त टीम ने नदी किनारे - किनारे जाँच पड़ताल करते हुए 'ए' समवाय लौकाही के गश्ती दल के साथ संपर्क किया एवं ई समवाय के दूसरी गश्त कमांडर उप निरीक्षक सामान्य करमचंद के द्वारा बताया गया की नदी से अधिक मात्रा में लकड़ी बहकर सीमा स्तम्भ 672/1 से 500 मीटर की दूरी पर नदी के किनारे पर है। पार्टी कमांडर मदन लाल मौके पर पहुंचे तो पता चला कि सेमहल और गूलर की लकड़ी पानी में तैर रही है। जवानों लकड़ी को नदी से बाहर निकाला एवं इसकी सूचना अपने मुख्यालय एवं वन विभाग ककरहा रेंज को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लकड़ी की माप ली गयी तथा मौके पर जब्ती सूची बनाकर ककरहा फारेस्ट रेंज प्रभारी को सुपुर्द किया गया। जब्त लकड़ियों के बारे में रेंज अधिकारी ने बताया कि अभी इसका कोई स्वामित्व नहीं मिला है जांच की जा रही है। वही इस तरह नेपाल से भारत नदी के सहारे आ रही लकड़ियों के विषय में संदिग्ध होता है कि कहीं अवैध तरीके से नेपाल में काटकर लकड़ियां भारत लाकर तो नहीं बेची जा रही एसएसबी के द्वारा इस तरह की सतर्कता बहुत ही महत्वपूर्ण है ।

# श्रावस्ती: पॉलिटेक्निक रोजगार मेला शुरू

श्रावस्ती


रोजगार मेले की शुरूआत करते जिलाध्यतक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी।

**अमृत विचार :** उप्र कौशल विकास मिशन व दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) योजनान्तर्गत कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में तथागत पॉलिटेक्निक सिरसिया में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी ने फीता काटकर शुरूआत की।

इस दौरान मेले में कुल 07 कम्पनी 1- वेल्सपन इण्डिया लि, 2- क्वीस कार्प लि.दिल्ली, 3- फ्पिल कार्ट 4- जोमेटो लि, 5- ब्राईट फ्यूचर एण्ड आयुवैदिक प्रा. लि, 6- एलआईसी लि.7- हेवल्स इण्डिया प्रालि इत्यादि कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार किया गया। जिसमें कुल 264 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 108 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार मुहैया कराने हेतु प्रतिबद्ध है। इसके लिए समय समय पर रोजगार मेले का आयोजन कर उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा है। जिससे वे स्वावलंबी बन सके। इस अवसर पर तथागत पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य सियाराम, जिला सेवायोजन अधिकारी सचिन चौधरी, आरईसीटी के डायेरेक्टर सन्दीप यादव, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन, अष्टभुजा सिंह इत्यादि संबंधित अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शटरिंग गिरने से मजदूर घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** कस्बा इकौना के मोहल्ला कबीर नगर में छत की शटरिंग खोलते समय मजदूर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मजदूर को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने बहराइच अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा इकौना मोहल्ला कबीर नगर निवासी गुड्डू पुत्र मिठाई लाल सोनी के घर के निर्माण में छत में लगा शटरिंग खोलते समय थाना इकौना ग्राम मोहम्मदपुर राजा निवासी मजदूर संतोष कुमार पुत्र विजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सक ने घायल की हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय बहराइच के लिए रेफर कर दिया।

## वर्ग पहेली-359

**बाएं से दाएं**

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी, संकटार्बुद।
5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न, ख़ानदानी, अभिजात।, 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।
6. 1. बांस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है, टिकठी, शवयान 2. अंतशय्या, रत्थी, रक्षी।
7. 1. तृषालु, तृषा से युक्त, जिसमें कामना हो 2. प्यासा, पिपासु।
8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएं लाता है, 1. आगे या सामने की ओर, जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य, जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से, जैसे- अभिभाषण, अधोवायु

**ऊपर से नीचे**

1. मुंह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।
2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर), उद्धार।
3. धनुष।
4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई, बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है
6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहां उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है, किनारा, सिरा 2. वह स्थान जहां से कोई वस्तु मुड़ती है, मोड़ 3. विवर, छेद।



### वर्ग पहेली - 358 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ध | ग | ड़ी | | | 2 गों |
| रा | | | 3 ज़ो | | द |
| लुं | | 4 फ़ॉ | र | मू | ला |
| ठि | | | दा | | |
| त | | 5 अ | र | का | न |
| | | ज़ा | | | |
| 6 लं | घ | न | ट | | |

## सुडोकू-76

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 7 | | | | | 2 | |
| | 3 | 6 | | | 5 | 8 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | | 6 |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | 1 | | | | 7 | 9 | |
| | | | 1 | | | 2 | | 8 |
| 5 | | | 3 | | 7 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 6 | 5 | |
| | 6 | | | | | 3 | 4 | |

### सुडोकू - 75 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 07 .53 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 14 .42 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष:** आज बहुत महत्वपूर्ण कार्यों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। दूसरों पर आपको ज्यादा निर्भर नहीं रहना चाहिए। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। अपने काम के प्रति उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं।

**वृष:** आज आपके ऊपर काम का दबाव कम रहेगा। आपके सभी काम सफल होंगे। व्यवसाय में कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहेगा। संतान के प्रति विश्वास बनाये रखें।

**मिथुन:** आज योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पाएंगे। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। उधार धन के लेन-देन से आपको बचना चाहिए। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें।

**कर्क:** आज सेहत का ध्यान रखें क्योंकि सर्दी और कफ की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में काफी सक्रिय रहेंगे। भोजन में शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। आपकी बुद्धि और ज्ञान की प्रशंसा होगी। नए व्यवसाय में आपका मन लगेगा।

**सिंह:** आज मूंदकर भरोसा करते हैं हो सकता है वही आपको धोखा दे दें। बदहज़मी और गैस से बचने के लिए पौष्टिक भोजन का सेवन करें। व्यावसायिक तनाव को घर पर न आने दें। नया वाहन खरीद रहे हैं तो उसके विषय में पूरी जानकारी ले लें।

**कन्या:** आज राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर होंगे। युवाओं को नए करियर के अवसर मिलेंगे।

**तुला:** आज फाइनेन्स संबंधी कार्यों को लेकर परेशानी होगी। महत्वपूर्ण पेपर्स को संभाल कर रखें। रिश्तेदारों से आपको मिलना पड़ सकता है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर चिंतित रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। जीवन में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। वैवाहिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी। आपके सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे।

**धनु:** आज किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। लैपटॉप और कम्प्यूटर में खराबी आ सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप दूसरों की सेवा में मन लगाएंगे। गलत खान-पान के कारण सेहत खराब हो सकती है।

**मकर:** आज अटके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव रहेगा। पुराने संपर्कों का लाभ आप उठाएंगे। आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दोस्तों के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे।

**कुंभ:** आज आपके किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। आपको पहले किए गए कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। बहुप्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। आवश्यक कार्य समय से पूरे हो जायेंगे। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे।

**मीन:** आज पुराना लोन चुका सकते हैं। बिना मांगे किसी को राय न दें। परिजन आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। आपका दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा कर सकेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुआरी सुबह : 09 .26
अनाड़ी शाम : 04 .29

SONY PIX
सीजे 7 सुबह : 10 .33
इट रात : 09 .00

SONY MAX
झुंड सुबह : 11 .34
डायल 100 रात : 07 .55

ZEE CINEMA
करन अर्जुन दोपहर : 01 .30
ए टेबल फार टू रात : 10 .00

colors CINEPLEX
जुगजुग जियो सुबह : 09 .37
हैलो ब्रदर रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात-07 .55 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

## एक नजर

### रोडवेज डम्पर भिड़ंत मामले में मुकदमा

**बहराइच :** बाराबंकी जिले के नगर कोतवाली के गढ़ी छटेहना निवासी राम कुमार सिंह पुत्र कुशहर सिंह जो रोडवेज बस चालक के पद पर तैनात है। उनकी तहरीर पर डम्पर चालक के विरूद्ध रांग साइड से 27 फरवरी की रात लगभग 11 :15 बजे कैसरगंज थाने के ऐनी हंतसी टोल प्लाजा के पास लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मार घायल करने की धाराओं में केस दर्ज कराया है ।

### कोटे का खाधान्न वितरण के दौरान मारपीट

**बहराइच :** रूपईडीहा थाने के परगहवा के मजरे मदरिया में 15 फरवरी को मिथलेश कुमारी पत्नी राम बहोरी पाठक कोटे का खाधान्न वितरण करा रही थी। इसी दौरान पुरानी रंजिश में हमलावरों अतुल वर्मा, उसकी पत्नी सुमन वर्मा, योगेश व सुमन देवी पत्नी गोपीनाथ ने हमला कर मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। थाने लाए जाने पर पुलिस ने मेडिकल को भेज दिया। एफआईआर दर्ज नही की। काफी जद्दोजहद पर दो सप्ताह बाद मारपीट की मामूली धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत

**मोतीपुर, बहराइच :** सर्वोदय महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा मिहींपुरवा नगर पंचायत क्षेत्र वार्ड नंबर 15 तमोलिनपुरवा में स्थित प्राथमिक विद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का शुरूआत की। शिविर शुभारंभ अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक परमहंस मदेशिया, प्राचार्य डॉ .संजय श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष छोटेलाल गुप्ता, वार्ड के सभासद राजेश चौरसिया के द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। शिविर के कार्यक्रमाधिकारी डॉ .नम्रता श्रीवास्तव पूर्व कार्यक्रमाधिकारी लल्लन कुमार, राजेश चंद्र श्रीवास्तव जैनेंद्र कुमार, सुनील कुमार, जगदीश सिंह, प्राथमिक विद्यालय की प्रधान शिक्षिका सरिता उपस्थित रहे।सभी ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा जागरूकता स्वास्थ्य सुरक्षा, डिजिटल, जागरूकता, पर्यावरण सुरक्षा इत्यादि के बारे में बताया।

### नीलगायों ने नष्ट की गेहूं की फसल

**पयागपुर, बहराइच :** नील गायों के आतंक से किसान परेशान हैं। सैकड़ों बीघे लहलहाती गेहूँ की खड़ी फसल को नील गायों के झुंड ने तहस नहस कर दिया। पयागपुर विकास अंतर्गत ग्राम पंचायत पूरे काली मिश्र, लच्छन पुरवा में गुरुवार की रात्रि में आये नीलगायों के झुंड ने किसानों की सैकड़ों बीघे गेहूं की फसल को तहस नहस कर दिया। शुक्रवार सुबह खेत की बर्बाद हो चुकी फसलों का मंजर देख किसानों के चेहरे मुरझा गये।

# नंदा इंस्टीट्यूट के खिलाफ सड़क पर उतरे छात्र

बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के नानपारा मार्ग पर स्थित नंदा इंस्टीट्यूट के छात्रों ने शुक्रवार को नानपारा बहराइच राजमार्ग जाम कर दिया। सभी का कहना है कि विद्यालय प्रबंधन की ओर से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। छात्रों से मोटी रकम की वसूली कर फर्जी डिग्री पकड़ा दी गई है। इसको लेकर सीआरओ ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए हैं।

जिले के रामगांव थाना क्षेत्र में सोहरवा गांव के पास नंदा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कालेज का संचालन होता है। यहां बीएससी नर्सिंग, डी फार्मा, जीएनएम समेत अन्य मेडिकल की पढ़ाई होती है। जिसमें सैकड़ों छात्र और छात्राएं कोर्स कर रहे हैं। यहां प्रवेश लेने वाले छात्रों को अलग अलग विश्व विद्यालय का डिग्री, रिजल्ट, एडमिशन और परीक्षा दिया जा रहा है। जब यहां के डिग्री धारक कहीं अंकपत्र लेकर जाते हैं तो वह फर्जी बताकर वापस कर दिया जाता है। छात्रों ने बताया कि उनके साथ मोटी रकम लेकर धोखा किया गया है। इसको लेकर छात्रों के एक टीम ने सीआरओ को ज्ञापन दिया। जबकि सैकड़ों छात्रों ने स्कूल के सामने नानपारा बहराइच मार्ग जाम कर दिया। इससे वाहनों की कतार लग गई। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा, चौकी इंचार्ज समेत अन्य पुलिस कर्मी पहुंचे। सभी धरना प्रदर्शन कर रहे छात्रों को समझाया। इस पर छात्रा शांत हुए। लगभग आधे घंटे तक धरना प्रदर्शन चलता रहा।


कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देते छात्र। अमृत विचार


बहराइच मार्ग पर सड़क जाम करते छात्र। अमृत विचार

### तीन सदस्यीय टीम गठित

फर्जीवाड़ा का आरोप लगाने वाले छात्र शुक्रवार को डीएम ऑफिस पहुंचे। यहां पर सभी ने शिकायती पत्र दिया। जिस पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेंद्र पाल सिंह ने एसडीएम, डीआईओएस और समाज कल्याण अधिकारी की अगुवाई में टीम गठित की है। साथ ही सीओ को साथ में ले जाकर जांच के बाद रिपोर्ट तलब की है। इसकी समय सीमा तीन दिन रखी है।

### कॉलेज की छवि कर रहे धूमिल

नानपारा बहराइच मार्ग पर तैयबजोत में नंदा इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल का संचालन होता है। इस विद्यालय में गरीब छात्रों को कम खर्च में पढ़ाई दी जाती है। फीस बकाया होने पर कॉलेज नो ड्यूज दे सकता है। लेकिन कालेज की छवि को धूमिल करने के लिए आरोप लगाए जा रहे हैं। स्कूल में सभी कार्य बेहतर मानक अनुसार हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर इरफान पुत्र सैयद के द्वारा फर्जी सूचना डाली गई, जिसके चलते धरना हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम द्वारा जांच के बाद सारा मामला सामने आ जाएगा।

–दिनेश वर्मा, चेयरमैन

# किसानों को 48 घंटे में भेजा जा रहा भुगतान

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मण्डल जरवल के ग्राम बसहिया पाते में किसान चौपाल का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि भारतीय किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के मीडिया प्रभारी अतुल कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि लोकतंत्र सेनानी प्रमोद कुमार गुप्ता के द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर मल्यार्पण कर चौपाल एवं यात्रा का शुरूआत की।

चौपाल को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अतुल कुमार सिंह ने कहा कि योगी मोदी की सरकार किसानों के हित के लिए प्रतिबद्ध है किसानों के कल्याण के लिए किसान सम्मान निधि, किसान बीमा, दुर्घटना योजना सहित दर्जनों योजना संचालित है। उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2024-25 में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,275 प्रति कुंतल निर्धारित किया है। विशिष्ट अतिथि के द्वारा ट्रैक्टर, चारा मशीन और हल सहित अन्य कृषि उपकरणों पर रोली चंदन एव फूल अर्पित कर पूजन किया गया। अतिथियों का स्वागत भारतीय किसान मोर्चा मण्डल जरवल के अध्यक्ष ओम चन्द वर्मा ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार गुप्ता ने केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर घर -घर सघन सम्पर्क किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भाजपा जरवल पवन वर्मा एवं संचालन मंडल महामंत्री प्रदीप जायसवाल के द्वारा किया गया।

# 2700 वाहनों का बकाया है 12.50 करोड़ रुपये टैक्स

## 605 वाहन स्वामियों को जारी हुई आरसी, बकाया को जारी किया नोटिस

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले में संचालित 2700 से अधिक वाहनों का टैक्स सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में जमा नहीं हो सका है। जबकि मार्च माह समापन को है। इसको देखते हुए एआरटीओ की ओर से वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किया गया है। सभी को एक सप्ताह में टैक्स जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिले में विभिन्न चार पहिया बड़े और छोटे वाहन का संचालन होता है। इसका टैक्स सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में जमा होता है। लेकिन इस बार काफी संख्या में लोगों ने अपने वाहन का टैक्स नहीं जमा किया है। इससे सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि जिले के 2700 वाहन स्वामियों ने टैक्स नहीं जमा किया है। जबकि उनको मोबाइल पर मैसेज भेजकर जानकारी भी समय समय पर दी गई है। साथ ही सभी को मार्च के पहले से दूसरे सप्ताह में टैक्स जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके द्वारा वाहन का टैक्स नहीं जमा किया जायेगा, उसके विरुद्ध फाइन लगाया जाएगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले के 605 वाहन स्वामियों को आरसी भी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि सरकार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। लोगों को वाहन का टैक्स हर हाल में समय से जमा करना होगा।


कार्यालय में अभिलेखों की जांच करते एआरटीओ। अमृत विचार

### बीते वर्ष 3337 को जारी हुआ था नोटिस

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि बीते सत्र में भी कई वाहन मालिकों ने टैक्स नहीं जमा किया था। जिस पर जिले के 3337 वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किया गया था। जबकि 461 वाहन स्वामियों को आरसी जारी की गई थी। इसके बाद सभी ने टैक्स जमा किया था।

### 1.85 लाख की हुई थी वसूली

जिले में वाहन मालिकों से जो टैक्स मिलता है। इसके द्वारा सरकार के राजस्व को बढ़ाया जाता है। बीते सत्र में एक करोड़ 85 लाख की वसूली की गई थी। इसके अलावा अन्य राजस्व को बढ़ावा दिया गया था।

–राजीव कुमार, एआरटीओ

### मांगलिक कार्यक्रम में आए युवक को हमलावरों ने पीटा, भर्ती

**बहराइच, अमृत विचार :** मांगलिक भोज के दौरान एक दर्जन से अधिक हमलावरों ने लाठी डंडों से हमला कर भोजन कर रहे युवक को घायल कर दिया। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए। हमले में घायल बेहोश युवक को कोतवाली लाए जाने पर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। युवक के सिर मे गंभीर चोटे आई है। देहात कोतवाली के रायपुर राजा मोहल्ले मे गुरूवार रात मांगलिक कार्यक्रम चल रहा था। रात लगभग 11 बजे ननिहाल में आए इसी मोहल्ले निवासी 30 वर्षीय कामता प्रसाद पुत्र राम बहादुर पर घर में घुसकर हमलावरों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर हमलावर फरार हो गए। पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज को भेज दिया है। कोतवाल वीके मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्यवाई की जाएगी।

# डिजिटलाइजेशन के विरोध में शैक्षिक महासंघ का प्रदर्शन

बौंडी, बहराइच

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ फखरपुर ने ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश मिश्रा के नेतृत्व में परिषदीय विद्यालयों में पंजिकाओं के डिजिटललाइजेशन के विरोध में प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने बीएसए को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्रा को दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिथलेश मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में वर्षो से लंबित 22 सूत्रीय शिक्षक समस्याओं के निराकरण हेतु कई बार सभी विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों एवं विद्यालयों की पांच गांव की डिजिटलाइजेशन करने में आ रही व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए महानिदेशक सचिव बेसिक शिक्षा परिषद अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों को मांग पत्र दिया गया। लेकिन शिक्षकों की किसी भी समस्या का समाधान विभाग द्वारा नहीं किया गया। विभागीय उदासीनता स्पष्ट रूप से दिख रही है। ऐसे में समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है, तब तक समस्त शिक्षक शिक्षिका डिजिटलाइजेशन करने के पक्ष में बिल्कुल नहीं है। ऐसे में सरकार का ध्यान केंद्रित कर समस्याओं का निराकरण करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए डिजिटलाइजेशन का विरोध करते हुए पूर्व में की गई मांगों का समर्थन किया। इस दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक संरक्षक बालकृष्ण मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाश्वत कलहंश, महामंत्री उमेश कुमार, संगठन मंत्री प्रेम कुमार अवस्थी, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष ऋषि श्रीवास्तव, प्रदीप तिवारी, अनुभव मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, योगेश कुमार, एवम् समस्त पदाधिकारी एवम् शिक्षक मौजूद रहे।



प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

# शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र नवाबगंज के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों का चार दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी बाबागंज में आयोजित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदर्भदाता एआरपी सुनील कुमार, विपिन सिंह, राकेश मौर्या, निर्मल शुक्ला एवं केआरपीअमित कुमार द्वारा प्रतिभागियों को आधार शिला क्रियान्वयन संदर्शिका आधारित भाषा–गणित शिक्षण की वार्षिक, साप्ताहिक व दैनिक कार्ययोजना की जानकारी दी गई। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणितीय कौशल विकास विषयक इस प्रशिक्षण के दौरान वर्तमान शैक्षिक सत्र की शैक्षिक रणनीतियों, कक्षा 4 व 5 में एफ .एल . एन निर्देशिका आधारित शिक्षण कार्य के साथ–साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2022 की भी जानकारी दी गई। इस दौरान प्रतिभागियों को समूह कार्य एवं गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण को रोचक बनाने के तौर तरीके भी सिखाए गए। प्रशिक्षण के अंतिम दिन राज्य संदर्भदाता समूह के सदस्य एसआरजी सुधीर मल्होत्रा द्वारा प्रशिक्षण सत्र का अवलोकन कर प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के संबंध में फीडबैक प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है की सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का सम्यक प्रयोग करते हुए अपने विद्यालय, ब्लॉक और जनपद को निपुण बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## सार-संक्षेप

### जुमे की नमाज पर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**रिसिया, बहराइच :** रिसिया पुलिस ने जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को परखा और जायजा लिया, साथ ही पुलिस काफी चौकस रही। नगर पंचायत में जगह जगह पुलिस तैनात रही। रिसिया नगर में जुमें की नमाज के समय प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह अपने पुलिस बल के साथ वार्डमोहम्मद नगर में स्थित मदीना मस्जिद की सुरक्षा व्यवस्था को देखा, परखा, और आवश्यक निर्देश भी पुलिस कर्मियों को दिए, प्रभारी निरीक्षक नमाज के दौरान मस्जिद के निकट मौजूद रहे है। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के लोग बिना भय के अपना काम करें।


सुरक्षा में तैनात पुलिस। अमृत विचार

### पीआरडी जवानों ने बराबर ड्यूटी लगाने की उठाई आवाज


डीएम को ज्ञापन देने पहुंचे पीआरडी जवान। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले पीआरडी जवानों ने शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन के बाद डीएम को ज्ञापन सौंपा। सभी ने निरंतर ड्यूटी लगवाए जाने की मांग की। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में तैनात होमगार्ड जवान शुक्रवार डीएम कार्यालय पहुंचे। सभी ने ड्यूटी लगाने में भेदभाव करने का आरोप लगाया। पीआरडी जवान गोवर्धन, राम सुंदर, राम राज, अरविंद, फतेह बहादुर, जितेंद्र, बाल मुकुंद समेत अन्य डीएम कार्यालय पहुंचे। सभी ने कहा कि विभाग के अधिकारी ड्यूटी लगाने में भेदभाव करते हैं। सभी ने कहा कि किसी को एक माह तो किसी को दो माह ड्यूटी में लगाया जा रहा है। जबकि कुछ को छह से आठ माह ड्यूटी दिया जा रहा है। इससे अन्य पीआरडी जवान अपने को ठगा महसूस करते हैं। सभी ने एक समान ड्यूटी लगाने की मांग को लेकर डीएम को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को दिया। इस दौरान राज किशोर, सुख देव, रंगीले, महेश कुमार, राम कुमार चौहान, प्रेम नारायण, नंद कुमार वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### पीएम शहरी आवासों की हुई जांच

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के नगर पंचायत जरवल में शुक्रवार को बहराइच और लखनऊ के अधिकारियों की संयुक्त टीम पहुंची। टीम ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थीयो से योजना के फीडबैक एवं लाभार्थी के आवासो का स्थली सत्यापन कर आवासो की गुणवत्ता परखी। नगर पंचायत जरवल के सभागार में नगरीय विकास अभिकरण डूडा बहराइच द्वारा सोशल ऑडिट एवं जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभान्वित लाभार्थियों से क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केंद्र लखनऊ के सहायक अभियंता महेश कुमार जायसवाल व सोशल ऑडिट सलाहकार शिवम तिवारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से वार्ता किया तथा आवास योजना से जुड़े तमाम जानकारियां लाभार्थियों के साथ साझा किया व लाभार्थियों के अभिलेखों की जांच किया। तत्पश्चात आवास योजना का लाभ पाये कई लाभार्थीयों के घर पहुंचकर उनके आवास का भी जांच किया साथ ही आवास निर्माण के गुणवत्ता को भी परखा। इस दौरान नगर चेयरमैन तस्लीमबानो ,परियोजना अधिकारी डूडा प्रतिमा सिंह, अधिशासी अधिकारी खुशबू यादव, सीएलटीसी पीयूष मिश्रा, डीसी सुब्रत पांडेय, चेयरमैन प्रतिनिधि इंतिज़ार अहमद उर्फ मिथुन एवं समस्त सभासद सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।


जरवल नगर में जांच करती टीम।

### मतदाता दिवस के उपलक्ष में जागरूकता कार्यक्रम

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** मतदाता दिवस के उपलक्ष में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों में जागरूकता पैदा करने का संदेश दिया गया। विकासखंड कैसरगंज के ग्राम पंचायत गोडहिया नंबर 3 के मजरा जगन्नाथ महतो पुरवा के प्रांगण में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया लोगों में यह संदेश दिया गया कि लोग मतदान के प्रति जागरूक हो और एक अच्छे हिंदुस्तान के संविधान का निर्माण करने के लिए अपने सांसद और प्रधानमंत्री चुने, खंड विकास कैसरगंज अधिकारी सत्य प्रकाश पांडे ने बताया कि ग्राम पंचायत के उपस्थित पुरुष और महिलाओं के मतदाताओं से अपील की गई है कि वह अधिक से अधिक संख्या में अपना वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवाकर भारत के एक अच्छे जागरूक मतदाता बने तहसीलदार कैसरगंज अजय कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि युवा राष्ट्र के निर्माता है युवा सबसे पहले आगे बढ़–चढ़कर हिस्सा ले हमारे देश का भविष्य युवाओं पर ही निर्भर है। इस मौके एडीओ एमआई राजेश कुमार, ग्राम प्रधान गोडहिया नम्बर 3चंदन ग्राम पंचायत सचिवअंकुर श्रीवास्तव सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

# नानपारा पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

बहराइच

**अमृत विचार:** नानपारा कोतवाली की पुलिस ने दो शातिर चोरों को चोरी के समान के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद सामान को पुलिस ने सीज कर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। नानपारा कोतवाली क्षेत्र में शातिर चोर हाईटेक तरीके से चोरी को अंजाम दे रहे थे। कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन रोड दुबली गंज निवासी गौरव कुमार बंसल और नूर आलम पुत्र कुरकुट निवासी बेलदारन टोला के यहां से कई बैटरी चोरी हो गई थी। चोरी के लिए कर कर का भी उपयोग करते थे। पुलिस ने केस दर्ज कर अभियुक्त की तलाश शुरू की प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि पुलिस टीम ने जांच के दौरान चोरों का पता लगाया। इसके बाद पुलिस टीम ने लखनऊ के सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र के खेड़ा निवासी फहीम खान पुत्र वसीम और आशियाना थाना क्षेत्र के रिक्शा कॉलोनी निवासी संजू दीक्षित उर्फ भैया पुत्र ब्रिज किशोर को चोरी के बैटरी29000 नगदी और एक इंडिगो कर के साथ गिरफ्तार किया। सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया जबकि बरामद सामान को सीज कर दिया गया है।

### महिला समेत चार पर विभिन्न धाराओं में केस

**बहराइच, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत करेहना निवासी एक महिला ने भूमि बिक्री को पेशगी रकम ले ली। अवशेष धन दिए जाने पर बैनामा नही किया। उलटे फर्जी केस मे फंसाए जाने की धमकी मिली है। पीड़िता ने एक महिला सहित चार को नामजद कर अमानत में ख्यानत व धमकी की धाराओं में केस दर्ज कराया है। हरदी थाने के करेहना के मजरे मुरलीपुरवा गांव निवासनी आरती देवी पत्नी बालकराम ने 31 अक्तूबर 2023 को इसी थाने के बैकुन्ठा के मजरे सिसैय्या निवासनी कंचना देवी पत्नी तीरथ राम को भूमि खरीदने को 6, 69,150 रुपये दिए। इकरारनामा हुआ कि अवशेष 1,18,350 रुपये महसी तहसील पर बैनामा किए जाने पर देना तय हुआ। आरती देवी ने भूमि पर कब्जा लेकर जुताई बुआई भी शुरू कर दी। अब जब बैनामा करने को कहा जाता है। तो कंचना देवी फर्जी मुकदमे मे फंसाने की धमकी देती है।

# राज्य कर विभाग की टीम ने जीता टी 20 मैच

बहराइच

**अमृत विचार :** शहर के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में वाणिज्य विभाग के स्थापना दिवस पर क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। राज्य कर विभाग की टीम ने मैच जीत लिया।

वाणिज्य कर विभाग के 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर इन्दिरा गाँधी स्पोर्टस स्टेडियम में बृहस्पतिवार को अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं व्यापारियों के मध्य टी-20 क्रिकेट मैत्री मैच का आयोजन किया गया। उपायुक्त योगेश द्विवेदी की कप्तानी में राज्य कर विभाग की टीम जीएसटी-11 ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 बिकेट के नुकसान पर 141 रन बनाया। जवाब में अधिवक्ताओं एवं व्यापारियों की टीम द्वारा निर्धारित 20 ओवर में 8 बिकेट के नुकसान पर 130 रन ही बना पायी। इस प्रकार सहायक आयुक्त प्रशान्त खेवारिया के आलराउण्डर प्रदर्शन से राज्य कर विभाग की टीम ने टी-20 क्रिकेट मैत्री मैच में 11 रन से विजय प्राप्त किया। जीएसटी-11 के ओर से सर्वाधिक विकेट सहायक आयुक्त प्रशान्त खेवारिया व सहायक आयुक्त मधुसूदन सिंह ने 02-02 विकेट लिए तथा अधिवक्ताओं एवं व्यापारियों की टीम की तरफ से सगीर मैकरानी ने 03 विकेट व सादिक खान ने 02 विकेट लिया।


प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

सख्ती | डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति व पोषण समिति की बैठक

# सीएचसी मोतीपुर के अधीक्षक और बीसीपीएम का वेतन रोका

बहराइच

**अमृत विचार :** जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय तथा जिला स्तरीय पोषण समिति व कुपोषण मुक्त गांवों की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। समीक्षा बैठक में डीएम के निर्देश पर सीएचसी अधीक्षक समेत 26 कर्मचारियों का वेतन रोकने की कार्यवाई के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर द्वारा संचालित स्वास्थ्य गतिविधियों व कम्युनिटी हेल्थ आफिसर्स की समयबद्ध उपस्थिति की समीक्षा के दौरान प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश गौतम द्वारा बताया गया कि उपस्थिति की जांच में अनुपस्थित पाये गये सभी 25 सीएचओ का एक दिन का मानदेय काटने की कार्यवाई की गई है। डीएम ने निर्देश दिया कि हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर को शासन की मन्शानुरूप संचालित लोगों को चिकित्सकीय सुविधाएं प्रदान की जाये तथा कार्मिकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए भविष्य में आकस्मिक जांच की जाए।

सिकिल सेल इनीमिया जांच कार्य की समीक्षा के दौरान लक्ष्य 10 हज़ार के सापेक्ष मात्र 2334 लोगों की जांच किये जाने पर डीएम ने नाराज़गी जताते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी मिहींपुरवा व बीसीपीएम का अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। डीएम ने निर्देश दिया कि नियमित टीकाकरण में बीते माह जनवरी के मुकाबले माह फरवरी में कम प्रगति वाले एमओआईसी के विरूद्ध कार्यवाही की जाए। मार्च माह की समीक्षा में 84 प्रतिशत से कम टीकाकरण कराने वाले एमओआईसी के विरूद्ध अनिवार्य रूप से कार्यवाही की जायेगी। जिला पोषण समिति/कन्वर्जेन्स समिति की बैठक के दौरान डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी इण्डीकेटर्स में अगले माह तक सुधार लाना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों के स्थानान्तरण हेतु शासन को संस्तुति पत्र प्रेषित कर दिया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, एसडीएम सदर प्रिंस वर्मा व नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, डीसी मनरेगा केडी गोस्वामी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर सहित गोद लिए गये गावों के नोडल अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।


स्वास्थ्य समिति की बैठक को संबोधित करती डीएम। अमृत विचार

### वित्तीय साक्षरता सप्ताह का समापन

**बहराइच :** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 26 फरवरी से 01 मार्च तक संचालित वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अन्तर्गत इण्डियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान( आरसेटी) बहराइच द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एलडीएम जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षणार्थियां को रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की थीम 'करो सही शुरूआत बनो वित्तीय स्मार्ट' के अर्न्तगत बचत एवं कंपाउंडिंग की शक्ति–बैंकिंग आवश्यकताएं तथा डिजिटल एवं साइबर स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न स्कीमों प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा बचत करने के तरीके एवं बचत के महत्व इत्यादि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इस मौके पर संस्थान की निदेशक रीति कुमारी, वेद प्रकाश शुक्ला, संस्थान के स्टाफ एवं 60 प्रशिक्षणार्थियों ने सहभागिता प्रदान की।

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्म-नियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारा हितैषी और आत्मा ही हमारा शत्रु है।

## संपादकीय

# रूस में फंसे भारतीय

रूस में फंसे करीब 20 भारतीय नागरिकों को वापस लाने की कोशिश की जा रही है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि एक भारतीय एजेंट द्वारा रूसी सेना के लिए 'सेना सुरक्षा सहायक' के रूप में भर्ती किए जाने के बाद अनुमानित 20 लोग अभी भी रूस में फंसे हुए हैं। बताया जाता है कि इन लोगों को यूक्रेन में लड़ने के लिए भेजा गया है। इन सभी को अच्छी नौकरी के बहाने रूस बुलाया गया था। हर एक से तीन लाख रुपये तक लिए गए। ये तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात राज्यों से बताए गए हैं। उनमें से कुछ को यूक्रेन के खिलाफ रूस की ओर से युद्ध लड़ने के लिए मजबूर किया गया है। कुछ ने भर्ती के समय वादा की गई राशि का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत की है जिससे उन्हें मदद के लिए सरकार के पास पहुंचने के लिए मजबूर होना पड़ा है। विदेश मंत्रालय इस मामले पर भारत और रूस के अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में है।

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बारे में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत की स्थिति स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि भारत इस मुद्दे का समाधान चर्चा, कूटनीति और निरंतर संपर्क के माध्यम से चाहता है। गौरतलब है कि दो साल पहले रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। अब तक उसके हजारों सैनिक मारे जा चुके हैं। युद्ध थमने के फिलहाल कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं, बल्कि हाल के दिनों में रूस ने हमले और तेज कर दिए हैं। विश्लेषक कहते हैं कि भारत से भर्ती किए गए ये लोग रूस के दुनियाभर से सैनिक भर्ती करने के अभियान का हिस्सा भर हैं अन्य कई देशों के लोगों को रूसी सेना में भर्ती करके यूक्रेन में मोर्चे पर भेजा गया है। इससे पहले बहुत से नेपाली लोगों के रूस जाकर यूक्रेन में लड़ने की भी खबरें आई थीं। अब भारत सरकार इन लोगों को लेकर चिंतित नजर आ रही है। भारत कोशिश कर रहा है कि उन्हें रूसी सेना की सेवा से मुक्ति देकर वापस भेज दिया जाए। सरकार को संघर्षरत देशों में जाने वालों के लिए अपनी प्रक्रियाओं की समीक्षा करनी चाहिए। 'उत्प्रवास जांच आवश्यक' देशों की सूची को अद्यतन करना चाहिए ताकि ऐसे काम के लिए विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों के अनुबंधों की अधिक गहनता से जांच की जा सके, उन्हें बेहतर सलाह दी जा सके और सुरक्षा भी प्रदान की जा सके। साथ ही सरकार को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले के नेटवर्क की भी जांच करनी चाहिए, जो काम की प्रकृति को पूरी तरह से बताए बिना विदेश में नौकरी चाहने वाले भारतीयों से मोटी रकम वसूलते हैं।

# 'भौतिक संस्कृति' ने बदल दी लोगों की जीवनशैली



रणबीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

सर्वेक्षण के दौरान एक भी परिवार ऐसा नहीं मिला होगा जिसने आहार पर खर्च को स्वच्छा से कम किया, बल्कि घर में उपभोग की जाने वाले कुल खाद्य सामग्री में शामिल बाहर मिलने वाले जो आइटम्स शामिल हुए, ऐसा परिवर्तन उक्त रिपोर्ट में दृष्टिगोचर है।

नेशनल सैंपल सर्वे आर्गेनाइजेशन हर पांच वर्ष के अंतराल से 'हाउस-होल्ड कंजम्प्शन ऍक्स्पेंडीचर सर्वे' करता है। इस बार के 69 राउंड में संगठन के सर्वेयर्स ने अपनी कार्यनीति (मेथडॉलॉजी) में बदलाव लाकर आंकड़े एकत्र किए हैं जिससे पिछली और इस बार के निष्कर्षों की गुणवत्ता में बढ़ोतरी हुई। चूंकि 69 वें दौर के सर्वेक्षण को 11 साल के अंतराल से पेश किया गया इसलिए जाहिराना दौर से दोनों सर्वेक्षणों में अनेक मदों में अधिक मात्रात्मक बदलाव दिख रहा है। अंतराल होने से फायदा और निहितार्थ, दोनों नजर आए हैं, जो कि रोचक भी हैं और ऐसा गांभीर्य लिए हैं, जो व्यक्तियों, परिवारों, उत्पादकों, स्वास्थ्य डिलीवरी और मेडिकल रिसर्च तंत्र, व्यवसायिक और व्यापारिक तंत्र जैसे कि अस्पताल, मार्केटिंग प्रोफेशनल्स, बैंक, उपभोक्ताओं और नीति निर्माताओं को सोचने पर मजबूर करेगा। रिपोर्ट में हर पन्ने पर पर्याप्त संकेत हैं कि भारत के लोगों की जीवन शैली बदल गई है। न देहात अछूता है, न शहरी लोग। देहात के लोग शहरी लोगों की जीवनशैली की नकल तेजी से कर रहे हैं। पलायन की स्थिति यह है भारत की आबादी का अधिकांश अब शहरों में रहने लगा है।

समझने का नुक्ता यह कि गांव में ऑनलाइन आर्डर पहुंचाने का तंत्र मौजूद नहीं है जैसे कि ऑनलाइन रेडी-फूड, कंज्यूमर ड्यूरेबल आइटम्स और शहर के लोगों के लिए फूडग्रेंस, बशर्ते कि वे अधिक मात्रा में स्टोर करने लिए घर में रखना चाहते हैं। आमदनी के हिसाब से सबसे जरूरी मदों के लिए ही विवेक के आसरे पैसा पहले खर्च किया जाता है। औसत आमदनी वाला एक परिवार सबसे पहले रोटी का जुगाड़ करेगा, फिर कपड़ा, घर या झुग्गी, दूध, दवा, काम-पर आने जाने के लिए किराया-भाड़ा, बिजली, पानी पर खर्च करेगा। तत्पश्चात आकस्मिक सामाजिक रीति-रिवाज पर खर्चा होता है। फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड खरीदने पर और शिक्षा पर बाद में। उपभोग व्यय पर जारी की गई उक्त रिपोर्ट में यह दर्ज नहीं है कि किस तरतीब से विभिन्न आय-वर्ग के परिवारों में खर्चा किया जाता है। ऐसा लिखा है कि परिवारों में खाद्य सामग्री में जिन वस्तुओं पर खर्चा किया जाता है, प्रतिशत में उनके अनुपात की तरतीब क्या है। अंकों में व्यक्त प्रतिशत से गणितीय रूप से मात्रात्मक भाव तो प्रकट होता है और आनुपातिक रूप से खर्चों को प्रकट करते समय मद भी बताया गए हैं, परंतु इससे खर्च-मदों के बारे में वैज्ञानिक आंकलन अनुसार 'प्रभाव' की डिटेल्स मालूम नहीं होती हैं, अनुमान भर लगाया जा सकता है। जैसे कि मौसम के अनुसार फल और सब्जियों की खरीदारी पोषक मान के हिसाब से नहीं की जाती, भाव और जेब देखकर भी नहीं, बल्कि अधिकतर परिवार के लोगों के स्वाद के हिसाब से ही की जाती है। पीले रंग का कद्दू या पेठा, लौकी, तोरी फाइबर युक्त और अधिक पोषक सब्जियां हैं, लेकिन लोग भिंडी, शिमला मिर्च या बैंगन लेना चाहेंगे। पीले रंग के कद्दू में विटामिन-बी अथवा राइबोफ्लेविन की अधिक मात्रा मौजूद रहती है और यह अपेक्षाकृत सस्ता भी पड़ता है, जबकि दूसरी सब्जियों का भाव तेज होता है। रईसों के मुकाबले में यह आश्चर्यजनक लगता है, क्योंकि ये लोग डायटीशियन्स रखते हैं और इनकी राय से उन्हें कद्दू खाना पड़े तो चूं भी नहीं करेंगे।

> समझने का नुक्ता यह है कि गांव में ऑनलाइन आर्डर पहुंचाने का तंत्र मौजूद नहीं है जैसे कि ऑनलाइन रेडी-फूड, कंज्यूमर ड्यूरेबल आइटम्स और शहर के लोगों के लिए फूडग्रेंस, बशर्ते कि वे अधिक मात्रा में स्टोर करने लिए घर में रखना चाहते हैं।

उपभोग व्यय की रिपोर्ट से अधिक चिंताजनक सूत्र यह है कि दस सालों में देहात और शहर में और दोनों ही स्थानों पर रहने वाले लोग जब भी घर से बाहर ड्यूटी पर जाने के लिए या दूर यात्रा पर निकलते हैं तो घर पर बने हुए भोजन को बांधकर नहीं ले जाते, बल्कि रास्ते में दूकानों और स्टेशनों से इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड फूड के पैकेट्स खरीदना सुविधाजनक मानते हैं। इनमें जीरो फाइबर, कॉमन साल्ट की बनिस्पत मोनोसोडियम ग्लूटामेट (एक तरह का नमक) का प्रयोग, सैचुरेटेड फैट होने से ये अधिक ऊर्जा देने वाले खाद्य होते हैं। विगत में पूरी, सरसों के तेल में बनाया हुआ करेला, आलू की सूखी सब्जी जिसमें मेथी के दाने और करी पत्ता मिला होता था। गेहूं के मोटे पिसे हुए आटे या बाजरे की मोटी रोटियों को मसलकर देसी घी में बनाया हुआ चूरमा लेकर जाते थे। अब इसे पिछड़ापन और गंवई व्यवहार मानते हैं। गरीब लोग चने का आटा मिली मिस्सी रोटी, प्याज, अचार और गुड़ साथ लेकर चलते थे और इसे ही यात्रा के दौरान खा लिया करते। अधिक पैसे वाले लोग सूजी में मेवा मिलाकर, देसी घी में भूनकर लड्डू बनाकर ले जाया करते। पोषक मान के हिसाब से पारंपरिक खाद्य उत्पाद, फास्ट-फूड से कहीं श्रेष्ठ रहे हैं। इन दस सालों में खाद्य सामग्री में दालों और अनाज, खासतौर से मोटे अनाजों, पर होने वाले वाले खर्च के घटने का अर्थ यह नहीं है कि लोग भूखे रहते हैं, इनका कम प्रयोग करते हैं या कुछ परिवारों में दाल की खपत कम या बंद कर दी गई है, बल्कि यह कि आमदनी बढ़ने से वैकल्पिक रीति से तैयार मंहगी आइटम्स पर अधिक पैसा खर्च होता है या आनुपातिक रूप में अधिक। सर्वेक्षण के दौरान एक भी परिवार ऐसा नहीं मिला होगा जिसने आहार पर खर्च को स्वच्छा से कम किया, बल्कि घर में उपभोग की जाने वाले कुल खाद्य सामग्री में शामिल बाहर मिलने वाले जो आइटम्स शामिल हुए, ऐसा परिवर्तन उक्त रिपोर्ट में दृष्टिगोचर है।

रिपोर्ट तो एक स्टेटिस्टिकल स्टेटमेंट है जिसकी स्ट्रक्चर में इसके 'पश्चात' या 'पार्श्व-प्रभाव' और संबद्ध विभिन्न पक्षों पर व्याख्या करने की गुंजाइश नहीं होती। मसलन, फास्ट फूड इंडस्ट्री इससे अवश्य यह संकेत लेगी कि भविष्य में उनके लिए कोई संकट नहीं है, क्योंकि ट्रेंड यह बताता है कि फास्ट फूड की कंजम्प्शन देश के लोगों में बढ़ रही है। इसी तरह मध्य और उच्च आय वर्ग के (रईस नहीं) परिवारों में आमदनी बढ़ने से या एकाधिक लोगों के कमाऊ हो जाने से संयुक्त रूप से नेट-इनकम बढ़ गई है जिससे वे अच्छा घर बनाने और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स खरीदने की स्थिति में हैं। अब तो उच्च-मध्य वर्गीय परिवारों में घर के हर कमरे में टीवी, ज्यादातर के पास लैपटॉप्स, कार, महंगे वस्त्र और घुमक्कड़ी लायक खूब पैसे होते हैं। बढ़ी हुई आमदनी में से खर्च लायक धनराशि अधिक हो जाने से लोग खुद को जिस शाहखर्च अंदाज में खुद को अभिव्यक्त करते हैं, यह उक्त रिपोर्ट से साफ जाहिर होता है। 'पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण' की ताजा रिपोर्ट से भारत में इंडस्ट्रियल उत्पाद बनाने या लाकर बेचने वाली देसी-विदेशी कंपनियों, हमारे स्वास्थ्य शोधतंत्र, स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यावरण और लोगों की सेहत पर क्या और कैसा असर पड़ेगा, उक्त रिपोर्ट में दर्ज संकेतकों की व्याख्या करने से देश के लोगों और व्यवस्था एवं बाजार को किस-किस तरह की चुनौतियों से दो-चार होना होगा, यह अभी से ही स्पष्ट है। सबसे अधिक प्रभावित होने वाला वर्ग बच्चे और युवा होंगे। वे परिवार खासतौर से जिनमें 'नॉलेज बेस' औसत से भी कम है। नेशनल हेल्थ इंटेलिजेंस ब्यूरो की और आईसीएमआर की वे रिपोर्ट्स जरूर देख लेनी चाहिए जिनमें देश की पॉपुलेशन में नॉन-इन्फेक्शियस और मेटाबोलिक डिसऑर्डर्स और हृदयवाहिकीय विकार से पीड़ितों की मौजूदा संख्या के ब्यौरे के अलावा संभावित पीड़ितों की संख्या की भविष्यवाणी की गई है। जाहिर है अधिकांश रोगकारक जीवनशैलीगत हैं और इनमें से भी फास्ट फूड ही चिह्नित किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक सर्वे में शामिल परिवारों को बीस श्रेणियों में बांटा गया था और आंकलन के बाद मालूम हुआ कि गांव में रहने वाले एक व्यक्ति का मासिक खर्चा सन् 2010 में अगर रु.1373 था तो वह अब रु.3773 हो गया है। शहर में रहने वाले परिवार सन् 2011 में प्रतिव्यक्ति अगर रु.3773 खर्च रहे थे तो अब 6459 खर्च रहे हैं। यह दोगुना से भी अधिक हुआ। मान लिया आमदनी बढ़ी है, लेकिन यह नहीं कह सकते कि गरीबी कम हुई है, क्योंकि गरीबी तय करने की स्टेटिस्टिकल एनालिसिस जैसी कवायद में यह सिर्फ 0.5 प्रतिशत ही कम हुई है अर्थात् रुपये में सिर्फ पचास पैसे। यह 'स्टैटिस्टिकली सिग्निफिकेंट' भी प्रतीत नहीं होता। रिपोर्ट से पैदा हुई उलझने या 'इम्प्लीकेशंस' और निहितार्थ के दूरगामी अर्थ को समझने से चिंता अधिक पैदा हुई है। संतुष्ट भाव कम, लेकिन रिपोर्ट पढ़कर समझने से एक बात स्पष्ट हुई कि आंदोलनरत किसान वास्तव में ही अभावग्रस्त है।

## प्रसंगवश

# बड़े-बड़े बीबियों से लड़े

> कबीरदास ने शादी तो की थी, पर नारी को 'विकार' मानकर छोड़ दिया। तुलसीदास को पत्नी की फटकार ने भक्त और महाकवि बना दिया। जमदग्नि ऋषि ने शक की बिना पर पत्नी रेणुका का सिर बेटे परशुराम से कटवा दिया था। लगता है, ये झगड़े आदि काल से हैं।

सृष्टि का विकास दांपत्य जीवन से ही हो पाता है जिसके मूल में कहीं न कहीं प्रेम की अनिवार्यता होती है। फिर भी ऐसा पाया जाता है कि आपस में झगड़े भी होते हैं। जब ये झगड़े बड़े जोड़ों के बीच हों तो इतिहास के पन्नों पर दर्ज हो जाते हैं। यहां देखते हैं कि कुछ महान विभूतियों के पत्नी से कलह प्रसंग कैसे रहे? अमेरिका के एक अच्छे माने जाने वाले राष्ट्रपति थे अब्राहम लिंकन। उनकी शादी 'मेरी टाड' से बेमन ही हुई थी। वे जानते थे कि यह शादी विनाशकारी होगी, लेकिन मेरी की जिद के चलते विवाह हो गया। बीबी का जीवन कलह पूर्ण रहा। हाथापाई भी होती थी। वे लिंकन का सार्वजनिक अपमान भी करती थीं। यहां तक कि राष्ट्रपति बहुधा रात को अपने कार्यालय में ही सो जाते थे।

पुस्तक 'लिंकन स मेलनकली' (लिकन का विषाद) में उनके अवसादमय वैयक्तिक जीवन के किस्से उल्लिखित हैं। महात्मा गांधी का कस्तूरबा जी से बाल विवाह हुआ था। उस समय गांधीजी केवल यह जानते थे कि शादी में अच्छे कपड़े पहने जाते हैं। उम्र बढ़ी प्रेम तो बढ़ा, किंतु कलह भी बहुधा हुई। एक बार तो गांधी जी ने बा को एक विदेशी मेहमान की 'टायलट' साफ करने का दुरूह आदेश दे डाला। पत्नी ने विरोध किया। झगड़ा बढ़ा। गांधीजी पत्नी को हाथ पकड़ कर घर के बाहर निकाले दे रहे थे। बा भी जोर-जोर से चिल्ला रहीं थीं, 'शर्म करो। तुम्हें लज्जा नहीं आती। लोग क्या कहेंगे?' अंततः गांधीजी रुक गए और बाद में पश्चाताप किया। दोनों रोये। महात्मा जी ने अपनी आत्मकथा में इस घटना का उल्लेख किया है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

रोमन बादशाह जूलियस सीजर ने अपनी पत्नी 'पोम्पिया' को बेकसूर होते हुए तलाक दिया। सीजर जब वहां के मुख्य पादरी चुने गए तो पत्नी ने महिलाओं की विशाल दावत आयोजित की। उसमें 'पब्लियस क्लोडियस प्लूचर' नामक एक धूर्त छद्म वेष में घुस आया और पाम्पिया से बातें करने लगा। बस इतने पर सीजर ने पाम्पिया को इस आधार पर तलाक दे दिया कि, "सीजर की पत्नी संदेहों से परे होनी चाहिए"। बाद में और अब तक अंग्रेजी का यह वाक्य एक मुहावरा बन गया है। रोमन सामंत और योद्धा ब्रूटस ने पत्नी 'क्लाउडिया' को सिर्फ इसलिए तलाक दिया, क्योंकि उसे 'पोर्शिया' पसंद आ गई थी। हालांकि बात पोर्शिया से भी नहीं बनी। महाभारत सीरियल के श्रीकृष्ण (नीतीश भारद्वाज) के पौराणिक जीवन में भले ही उन पर तमाम गोपियां लट्टू रहती थीं, किंतु व्यक्तिगत जीवन में बीबियों से आजिज हैं। पहली पत्नी मोनिषा पाटिल से झगड़ा करके तलाक हो चुका, दूसरी आईएएस अफसर स्मिता से अदालतों में मुकदमें चल रहे हैं। नीतीश ने भोपाल कोतवाली में मानसिक प्रताड़ना की एफआईआर लिखवाई है।

कबीरदास ने शादी तो की थी, पर नारी को 'विकार' मानकर छोड़ दिया। तुलसीदास को पत्नी की फटकार ने भक्त और महाकवि बना दिया। जमदग्नि ऋषि ने शक की बिना पर पत्नी रेणुका का सिर बेटे परशुराम से कटवा दिया था। लगता है, ये झगड़े आदि काल से हैं। संसार के सृजक ब्रह्मा बाबा से भी उनकी पहली पत्नी सावित्री नाराज होकर छिटक गईं थीं और उन्हें शाप दे दिया था जिससे वे आज तक सिवाय पुष्कर के कहीं नहीं पूजे जाते हैं। अंग्रेजों ने तो बीच का रास्ता निकालकर एक मुहावरा बना लिया है "बिकरिंग्स ऑफ लव आर दि रिन्यूवल्स ऑफ लव" यानी "प्यार की झड़पें प्यार का नवीनीकरण" होती हैं। लड़ाइयां होती तो हमारे घर में भी थीं, किंतु हम उनका उल्लेख नहीं कर रहे, क्योंकि हम इतिहास पुरुष नहीं हैं और छिपाना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि हम हर बार हार जाते थे।

# भिन्नताओं के बीच साथ जीने की कला है संस्कृति

आज संस्कृति एक संवेदनशील विषय है। चारों तरफ संस्कृति एक रणभूमि बनी हुई है। हमें इस विषय के महत्व को समझना चाहिए। मेरी दृष्टि में भारतीय संस्कृति को समझने में दो बड़ी बाधाएं हैं उच्छेदवाद और शुद्धतावाद। हम जब अपनी हजारों साल की परंपराओं को पूरी तरह नकारते हैं या संस्कृति की एकरेखीय शुद्धतावादी-श्रेष्ठतावादी धारणा रखते हैं तो ये दोनों चीजें ही सांस्कृतिक उन्मूलन की ओर ले जाती हैं, बल्कि ले जा रही हैं। ये प्रवृत्तियां हमें हमारी जीवंत साझी विरासत से विच्छिन्न कर देती हैं।

सामासिक संस्कृति का अर्थ है दो या दो से अधिक संस्कृतियों के मिलने से बनी एक नई संस्कृति। भारतीय संस्कृति को सामासिक संस्कृति इसलिए कहा जाता है कि हजारों साल से इस देश में आर्य-द्रविड़ जातियों के अलावा कई जातियां रही हैं और आपस में संवाद करती रही हैं। यह कई प्रादेशिक भाषाओं, कई धर्मों, कई विश्वासों और स्थानीय संस्कृतियों का देश है। इस देश की संस्कृति के चार स्वाभाविक गुण हैंः निरंतरता, परंपरा की पुनर्रचनात्मकता, मिश्रणशीलता और नवोन्मेष। हमारे देश में संस्कृति प्राचीन काल में बन चुकी या सैकड़ों साल पहले ही सुनिर्धारित की जा चुकी चीज नहीं है। संस्कृति में सुधार और नवोन्मेष होते रहे हैं, वह अतीत की कैदी नहीं है।

सामासिक संस्कृति में 'मुख्य धारा' नाम की कोई चीज नहीं होती, 'मेन स्ट्रीम' एक प्रभुत्ववादी और विघटनकारी धारणा है। बहुत सी संस्कृतियां आपस में संवाद करती हैं, अपनी विशिष्टता की रक्षा करती हैं और 'साझा जीवन-साझी संस्कृति' का भी निर्माण करती हैं। हमारा समय दोहरी दुर्घटना का साक्षी हैः संस्कृति में राजनीति घुसती जा रही है और राजनीति से संस्कृति निकलती जा रही है। इधर वसुधैव कुटुंबकम की बात बहुत हो रही है, पर इसके लिए जैसी मनोभूमि की जरूरत इस श्लोक में बताई गई है, उससे हम कोसों दूर हैं। इसका पूरा श्लोक है (सुधार कर पढ़ें): अयम निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्/ उदारचरितानाम तु वसुधैव कुटुंबकम्। अर्थात् निज और पर की गणना करने वाले छोटे चित्त के व्यक्ति हैं, जो उदार चरित्र का है, उसी के लिए यह वसुधा एक कुटुंब की तरह है। आज वसुधैव कुटुंबकम् की बात ज्यादा वे करते हैं, जो पड़ोसी से ही झगड़ा करते हैं या अपने ही भाई से लड़ते हैं या कलीग/बंधु को ही नीचा दिखाने में लगे रहते हैं।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

> संस्कृति को देखने की तीन दृष्टियां हैं: सत्ता के दृष्टिकोण से पुराने और आधुनिक शास्त्रों के दृष्टिकोण से और लोक के दृष्टिकोण से।

तुलसी ने यही कहा था, 'मैं अरु मोर तोर तैं माया'। माखनलाल चतुर्वेदी एक राष्ट्रवादी कवि थे। वे कहते हैंः जब चांद मुझे नहलाता है/सूरज रोशनी पिन्हाता है/ क्यों दीपक लेकर कहते हो/ यह तेरा है यह मेरा है। संस्कृति का कोई अर्थ बताने के लिए कहे तो एक वाक्य में कहा जा सकता है, जो कुछ मन को विशाल बनाए और छोटे चित्त से बाहर निकाले, वह संस्कृति है। कुछ हमारे सौंदर्यबोध, विचारशक्ति और सृजनात्मकता में उत्थान लाए, वह संस्कृति है। आज संस्कृति-संस्कृति के शोर में संस्कृति ही वस्तुतः नदारद है। आज यह समझना जरूरी है कि अंग्रेजी राज ने 'भिन्नता' की अपनी औपनिवेशिक राजनीति द्वारा भारत की सांस्कृतिक समझ को किस तरह विभाजित और प्रदूषित कर दिया। आज भी उस राजनीति के नए-नए बौद्धिक संस्करण बन रहे हैं और 'खंड खंड पाखंड' छाया है। यह सब भारत के स्वभाव के विरुद्ध है।

संस्कृति को देखने की तीन दृष्टियां हैंः सत्ता के दृष्टिकोण से पुराने और आधुनिक शास्त्रों के दृष्टिकोण से और लोक के दृष्टिकोण से। कुम्भनदास ने कहा था, 'संतन को कहा सीकरी सो काम'। लोक के साहित्य के भीतर से ही 'ढाई आखर प्रेम का' की धारणा आई। जायसी पदमावत में कहते हैं, 'बहुत पढ़े पर नेह न जाना। रैदास कहते हैं, 'मन चंगा तो कठौती में गंगा'। तुलसी कहते हैं, 'पर पीड़ा सम नहिं अधमाई'। जिस संस्कृति में ये भावनाएं नहीं हैं, उसे संस्कृति कैसे कहा जाए? भारत भिन्नताओं से भरा देश है, पर इन भिन्नताओं को शत्रुता तक पहुंचाया जाए, यह जरूरी नहीं है। इसलिए भारत जैसे देश में संस्कृति भिन्नताओं के बीच साथ जीने की कला है। आज संस्कृति धार्मिक रूप से भी पॉप नाच- गानों और बाह्य आडंबर की भौतिक वस्तुओं में सीमित हो गई है या राजनीतिक चिन्हों में। यह बाहर से अमेरिकी आधुनिकता और भीतर से अतीत की कूपमंडूकता की जुगलबंदी है।

## सोशल फोरम

# खुला आसमान चुनौती तो लाता है

आप जहां फिट हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि आप सही जगह पर हैं। हममें से ज्यादातर लोग जहां फिट बैठ जाते हैं, उसी जगह को अपने लिए बनी हुई जगह मान लेते हैं, जबकि आपकी खूबियां आपकी बनावट की सरहद में बंधी हुई नहीं हैं। मेरा एक दोस्त था, उसकी म्यूजिक पर जबरदस्त पकड़ थी।



हफीज किदवई
लेखक

वह कितने ही तरह के इंस्ट्रूमेंट्स पर अपने हाथ और समझ का हुनर रखता। यही नहीं लौकी और कद्दू के सूखे हुए कवर से वह गजब का संगीत पैदा करता। हमने तो उसे सेठे-बांस-नरकुल से उपजे संगीत में झूमते हुए देखा था। उसने संगीत में पढ़ाई भी की मगर अचानक उसके पिता, जो सरकारी अध्यापक थे, गुजर गए।

घर में कई भाइयों के बीच उसे बड़े होने की वजह से अनुकंपा में वह नौकरी मिल गई। मैं भी उस वक्त था, जब यह फैसला चल रहा था कि नौकरी कौन करे। मेरा दोस्त नौकरी करने के लिए पूरे मन से तैयार था। जबकि हमें लगता था कि उसके अंदर जो संगीत है, उसे एक खुला आसमान चाहिए और खुला आसमान चुनौती तो लाता है, लेकिन मेरा दोस्त वह चुनौती लेने को तैयार नहीं था। बहुत साल बाद हम उसके स्कूल गए। वह हिंदी का अध्यापक था और साथ में स्कूल की सभी एक्टिविटी में शामिल रहता था। बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए तैयारियों में मदद करता। मुझसे बात करता हुआ, अपने कलम से मेज को बजाते हुए कह रहा था।

भाई, हम तो यहां फिट हो गए। सुबह से शाम तक बच्चे, फिर घर परिवार और क्या ही चाहिए! वह बोल रहा था और मेरी नजर में नौशाद दौड़ रहे थे। वह नौशाद जिन्हें उनके वालिद एक सुकून भरी जिंदगी में फिट ही तो कर रहे थे। बड़े घर से होने के बावजूद, तमाम पाबंदियों को तोड़कर नौशाद ने कहीं भी फिट होना ही तो नहीं चुना और घर के दरवाजे से मुंह मोड़कर संगीत का एक संसार रच दिया।

हो सकता है मेरा दोस्त नौशाद न बन पाता, मगर उस रास्ते पर चलता हुआ बिखर जाता। अब वह सिमटा हुआ है और उस जगह फिट है, जो जगह शायद उसके लिए नहीं थी। हम सब अक्सर वहीं फिट हो जाते हैं, जहां हमारा आकार तो आ जाता है, मगर विचार मर जाता है।

-फेसबुक वॉल से

# जनसंख्या और संसाधन के अंतर्संबंध

भारत में जनसंख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है और हर छोटा-बड़ा गांव, कस्बा, शहर इसमें सहभागी बन रहा है। जनसंख्या का सही आकड़ा तो भारत की राष्ट्रीय जनगणना के बाद ही प्राप्त हो सकेगा। प्रथम स्थान पर आना अच्छी बात सम्मान जनक है, पर जनसंख्या के मामले में भारत का प्रथम स्थान पर आना किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं माना जा सकता। क्योंकि भारत जैसे राष्ट्र के लिए अपने शत-प्रतिशत नागरिकों को अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, अच्छा रोजगार, अच्छा वातावरण, अच्छा रोटी-कपड़ा-मकान उपलब्ध कराना, अच्छी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करना उस समय भी मुश्किल था जब भारत जनसंख्या में चीन से पीछे था और आज जब भारत चीन से जनसंख्या में आगे है तो कितना मुश्किल होने वाला है?

अनुमान लगाया सकते हैं। कारण स्पष्ट हैं, जिस अनुपात में जनसंख्या बढ़ रही है, उस अनुपात में संसाधन नहीं बढ़ रहे हैं। अपितु या तो कम हो रहे हैं या दूषित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारत का क्षेत्रफल सीमित है, साथ ही उपलब्ध जल, जंगल, जमीन तथा नॉन-रिन्यूएबल संसाधन भी सीमित हैं। रिन्यूएबल संसाधनों का शतप्रतिशत रिन्यूएबल भी नहीं हो पा रहा है। भविष्य में जलवायु तथा विकास के लिए आवश्यक अन्य परिस्थितियों तथा वस्तुओं के हमेशा अनुकूल रहने की कोई गारंटी भी नहीं है। ऐसे में केन्द्र की सरकार तथा राज्यों की सरकारों का विवेक पूर्ण धारीय विकास करना, संसाधनों के उपयोग में मितव्ययिता बरतना, गांव, कस्बों, शहरों, मेट्रोपोलिटन शहरों में बढ़ते जनसंख्या के दबाव को ध्यान में रखते हुए आम-आदमी की आवश्यकताओं और पर्यावरण को ध्यान में रखकर विकास करना पहले भी कठिन था, वर्तमान में भी कठिन हो रहा है और भविष्य में भी कठिन रहने वाला है। विकास की बात करते समय, योजना बनाते समय, उन्हें क्रियान्वित करते समय ऐसे देखने में आता है कि चुनी हुई सरकारें और जनप्रतिनिधि गण अपने पसंद के स्थानों, शहरों, राज्यों को ध्यान में रखकर विकास की बात करते हैं और काम करते हैं। इससे विकास तो होता है, पर कहीं कम और कहीं अधिक। जबकि होना यह चाहिए कि स्थान विशेष की वर्तमान और भविष्य की जनसंख्या के आकड़ों तथा आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाबद्ध तरीके से विकास होना चाहिए।



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

> भारत की विकास गति को तीव्रता प्रदान करने के लिए, विकसित राष्ट्र बनाने के लिए, श्रेष्ठ अर्थव्यवस्था प्राप्त कर उसे स्थायित्व प्रदान करने के लिए सर्वमान्य जनसंख्या नीति की आवश्यकता है, वो भी ऐसी हो जिससे सामाजिक ताने-बाने का संतुलन न बिगड़ता हो।

भारत की विकास गति को तीव्रता प्रदान करने के लिए, विकसित राष्ट्र बनाने के लिए, श्रेष्ठ अर्थव्यवस्था प्राप्त कर उसे स्थायित्व प्रदान करने के लिए सर्वमान्य जनसंख्या नीति की आवश्यकता है, वो भी ऐसी हो जिससे सामाजिक ताने-बाने का संतुलन न बिगड़ता हो। यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि भारत में बदलते संस्कार और संस्कृति जिसमें एकल परिवार संयुक्त परिवार का स्थान ले रहे हैं, परिवार की संपत्ति बंटवारे का दंश झेल रही हैं। अवसर सीमित होते जा रहे हैं, महंगाई बढ़ रही है, रहन-सहन, खान-पान, शिक्षा- स्वास्थ्य का खर्च उठाना सामान्य परिवार के लिए मुश्किल होता जा रहा हैं। इतना ही नहीं अध्ययन के निष्कर्ष इस ओर इशारा कर रहे हैं कि उचित लालन-पालन, देख-रेख, शिक्षा-दीक्षा के अभाव में बच्चों के बिगड़ने की संभावनाएं अधिक हैं और कोई भी दंपति अपने बच्चों का भविष्य बिगड़ते हुए नहीं देखना चाहती है। ऐसे में बच्चें को जन्म देने पर गहन चिंतन और मनन के बाद ही निर्णय लेना चाहिए तभी परिवार और देश के हित संभव है।

# देह और आत्मा

आज सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। आज विश्व बाजार के चैनल चौबीसों घंटे उपभोग और उपभोग का संदेश दिखा-सुना रहे हैं कि जीवन का प्रयोजन है-उपभोग और उपभोग।

विश्व बाजार की नजर में आदमी आदमी नहीं, उपभोक्ता है-कंज्यूमर। उसकी नजर में विराट प्रकृति उपभोग्य सामग्री है। विश्व बाजा रकी नजर में-उपभोग आनंद है और यह आनंद एक सौदा है, जिसे बाजार में खरीदा और बेचा जा सकता है। ये चैनल चौबीसों घंटे बता रहे हैं कि आनंद स्थूल है और तोल से बिकता है। कमती पैसा कमती आनंद और अधिक पैसा अधिक आनंद। ये बता रहे हैं कि देह सुख और इंद्रिय आनंद ही जीवन का पुरुषार्थ है, जीवन का प्रयोजन है। जब मैंने अपनी शोध रिपोर्ट डाक्टर कपिला वात्स्यायन को भेजी थी, तब उन्होंने मुझे जो पत्र लिखा था, उसकी एक पंक्ति भारतीय संस्कृति ही नहीं, विश्वसंस्कृति के अध्येताओं के लिए भी विचारणीय है-आज आधुनिक सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देनाम नुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। आत्मा की अवधारणा जीवन की व्यापकता की अवधारणा है, जीवन की निरंतरता की अवधारणा है, सर्व की अवधारणा है। आत्मा का सिद्धांत, सभी में व्यापक साम्यभावना की अवधारणा है। अवधारणाएं समष्टिजीवन की प्रेरणा होती हैं।

> आत्मा की अवधारणा जीवन की व्यापकता की अवधारणा है, जीवन की निरंतरता की अवधारणा है, सर्व की अवधारणा है। आत्मा का सिद्धांत, सभी में व्यापक साम्यभावना की अवधारणा है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

## एक नजर

### एक परीक्षार्थी के लिए लगाए गए दर्जन भर अधिकारी व कर्मचारी

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। भदैंया क्षेत्र के नरहरपुर गांव में स्थित जंजीरा दास शंभू नाथ सिंह इंटर कॉलेज में बोर्ड की परीक्षाएं संचालित हो रही है। शुक्रवार को प्रथम पाली में हाई स्कूल उर्दू विषय के परीक्षा में एक परीक्षार्थी ने परीक्षा दी। जिसमें दर्जन भर से अधिक शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी ड्यूटी पर रहे। केंद्र व्यवस्थापक, सह केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, एक रिसीवर, दो कक्ष निरीक्षक, तीन कालेज सचल दल एवं एक एसआई, आधा दर्जन पुलिसकर्मी तैनात रहे।

### चेकिंग में अभिलेख न दिखाने पर थमाई नोटिस

सुलतानपुर, अमृत विचार : सीएमओ ने टीम गठित कर दो मेडिकल स्टोर की जांच कराई। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा अभिलेख नहीं दिखाए जाने पर नोटिस जारी कर साक्ष्य मांगा है। गुरुवार को सीएमओ ने उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी व वरिष्ठ सहायक की टीम गठित की। टीम द्वारा सुपर मार्केट स्तिथ न्यू मेडिकल स्टोर, या वारिस नूर क्लिनिक डिहवा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संचालक पंजीकरण अभिलेख नहीं दिखा सकें। जिस तरह सीएमओ ने नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के अन्दर साक्ष्य प्रस्तुत करने को निर्देशित किया है।

### ओजोन क्षय पर व्याख्यान आज

सुलतानपुर, अमृत विचार। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में शनिवार को एकल व्याख्यान का आयोजन किया गया है। बाबू धनंजय सिंह स्मृति व्याख्यानमाला के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ आलोक कुमार ओजोन क्षय एवं उसका प्रभाव विषय पर अपना व्याख्यान देंगे।

# मानवाधिकार उल्लंघन के मामले में थानाध्यक्ष समेत नौ लोगों को नोटिस

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के अहदा गांव में मानवाधिकारों का उल्लंघन, मारपीट, हमला और जबरदस्ती भूमि कब्जा करने के मामले में मानवाधिकार की विशेष कोर्ट के न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने थानाध्यक्ष समेत नौ लोगों पर नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। अहदा निवासी ओमप्रकाश यादव ने अधिवक्ता विवेक श्रीवास्तव के जरिए शुक्रवार को विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल की है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि बीती 19 जनवरी को गांव के लक्ष्मीकांत पांडेय परिवार के आठ सदस्यों के साथ जबरदस्ती भूमि पर कब्जा करने लगे। जिसकी शिकायत पुलिस से कई बार की गई लेकिन थानाध्यक्ष ने कोई मदद नही की न ही विपक्षियों पर कार्रवाई की। यह भी आरोप है कि एसओ ने आरोपियों की मदद करते हुए बिना जांच किए पीड़ित और घरवालों पर दो दिन में तीन मुकदमे भी दर्ज कर दिए जबकि पीड़ित पक्ष के कई लोग घटना के समय दूसरे प्रदेशों में थे। कोर्ट ने याचिका एडमिट करते हुए थानाध्यक्ष ज्ञानचंद्र शुक्ला समेत सभी आरोपियों पर नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। मामले में अगली सुनवाई 12 मार्च को होगी।

### गुंगवाछ हत्याकांड की नहीं हो सकी सुनवाई

अमेठी के गुंगवाछ मौजा के राजापुर में दो साल पूर्व चार लोगों की सनसनीखेज हत्या के मामले में बचाव पक्ष के मौका लेने के कारण शुक्रवार को साक्ष्य की कार्रवाई नहीं हो सकी।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा और संतोष पांडेय ने अलग अलग कारणों से कोर्ट से मौका देने को मांग की। न्यायाधीश अंकुर शर्मा ने मामले की सुनवाई 11 मार्च को फिर नियत की है। संपत्ति विवाद में 15 मार्च 2022 को गुंगवाछ में सनसनीखेज घटना में संकठा यादव, हनुमान प्रसाद, अमरेश यादव और नइका देवी की हत्या कर दी गई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे। चर्चित मामले में पीड़ित अमरजीत ने रामदुलारे यादव, अखिलेश, बृजेश व छोटू उर्फ अभिषेक, प्रधान आशा तिवारी, प्रधानपति रामशंकर तिवारी और प्रधान पुत्र नितिन तिवारी पर केस दर्ज कराया था जिसमें चार्जशीट दाखिल हुई।



जिला एवं सत्र न्यायालय का मुख्य द्वार। अमृत विचार

### धम्मौर के दरोगा कोर्ट में तलब

सुलतानपुर : कोर्ट में भ्रामक रिपोर्ट भेजने पर एसीजेएम साइमा सिद्दीकी जर्रार आलम ने कड़ा रूख अपनाते हुए धम्मौर थाने के उपनिरीक्षक श्रवण कुमार को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में तलब किया है। धम्मौर थाना क्षेत्र के लौहर पश्चिम गांव निवासी अनीता यादव ने गांव के ही गोविंद प्रसाद, शिवराम, संदीप, सीतापती, मालती व साधना के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए कोर्ट में अर्जी दी है। आरोप लगाया है कि 14 जनवरी को आरोपियों ने उन्हे गाली दी और सामान उठा ले गए थे। अधिवक्ता प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि दरोगा ने विपक्षी के अनुचित दबाव में कोर्ट में अधूरी रिपोर्ट भेज दी है। कोर्ट ने भ्रामक रिपोर्ट भेजने के लिए मामले में दरोगा को 18 मार्च को तलब किया है।

### पूर्व खेल मंत्री के मामले में हुई गवाही

संवाददाता, सुलतानपुर : पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले मोतिगरपुर के तत्कालीन एफआईआर लेखक कांस्टेबल जलपान सिंह की गवाही एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने दर्ज किया। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने कांस्टेबल से जिरह की। कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य के लिए सुनवाई हेतु 11 मार्च की तारीख नियत की है। मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है। पूर्व विधायक ओपी सिंह समेत कई अज्ञात लोगों पर मोतिगरपुर थाने के उप निरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान 12 जनवरी को पूर्व विधायक अपने समर्थकों के साथ ढेमा बाजार में चुनावी सभा की और उसका वीडियो वायरल किया। इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी अधिनियम का उल्लंघन मानते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कराया था।

### किशोरी के अपहरण के दोषी को तीन साल की जेल

विधि संवाददाता, सुलतानपुर : करौंदीकला थाना क्षेत्र के एक गांव में चार साल पूर्व 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी के अपहरण करने के दोषी इन्द्रजीत को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने शुक्रवार को तीन साल कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने पीड़िता के क्षतिपूर्ति के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण की सहायता लेने का निर्देश भी दिया है। एडीजीसी रवींद्र प्रताप सिंह के मुताबिक किशोरी का आरोपी ने सात जनवरी 2019 को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया था। पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट में अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये आठ गवाहो के साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने मुकदमे का फैसला चार साल 11 माह 16 दिन में कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया।

## आरोपियों ने किया सरेंडर, मिली जमानत

सुलतानपुर, अमृत विचारः अमेठी जिले के थाना क्षेत्र जामो के पूरे सुब्बा पांडेय का पुरवा में तीन साल पूर्व रंजिशन घर में घुसकर हमला, गाली गलौज और नुकसानी करने के दो आरोपियों मुन्नालाल और अर्जुन ने हाईकोर्ट के निर्देश पर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायाधीश त्रिभुवन नाथ पासवान ने आरोपियों की अंतरिम जमानत मंजूर कर रिहाई के आदेश दिए हैं। आरोपियों की नियमित जमानत पर सुनवाई छह मार्च को होगी। आरोपियों के वकील शेख नजर अहमद ने बताया 9 फरवरी 2021 की घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई थी। गांव निवासी मोतीलाल ने सेहन के सामने निर्माण के विवाद को लेकर रंजिशन केस दर्ज कराया था। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर क्रास केस दर्ज कराया है।

# साड़ी के सहारे पंखे से लटका मिला किशोरी का शव

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** गुरुवार की रात बंधुआकला थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी की घर के अंदर साड़ी के सहारे पंखे से लटकी मिली। परिजन किशोरी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

मामला बंधुआकला थाना क्षेत्र के खोखीपुर ग्राम पंचायत के पूरे मेंड़ई का पुरवा से जुड़ा है। गांव निवासी लक्ष्मी (15) पुत्री राजेंद्र घर के अंदर कमरे की सिटकिनी बंद करके पंखे के सहारे साड़ी से झूल गई। आननफानन में परिजनों ने किशोरी को कमरे का दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला। गंभीर हालत में किशोरी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां मौजूद चिकित्सक ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक ने शव को मर्चरी में रखवाते हुए पुलिस को सूचना दी। मृतका के पिता ने बताया कि शाम को पड़ोसी से कुछ विवाद हुआ था, जिसके बाद किशोरी घर के अंदर जाकर झूल गई। चिकित्सक की सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्रीराम पांडेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही हैं।

# संगठन मजबूत कर जिताएंगे प्रत्याशी

- कांग्रेस के समन्वयक बनाए गए सुरेश प्रताप सिंह 'मुन्ना' ने पत्रकारों से की बातचीत

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को शहर के एक निजी गेस्ट हाउस में लोकसभा कोऑर्डिनेटर बनकर पहुंचे अमेठी जनपद के रामगंज के निवासी सुरेश प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना त्रिशुंडी ने पत्रकारों के साथ वार्ता में लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी का एजेंडा रखा।

इस दौरान उन्होंने कहा कि बंटवारे में ये सीट इंडिया गठबंधन के समाजवादी साथियों को सौंपी गई है। प्रत्याशी का ऐलान होने के पूर्व कांग्रेस को बूथ स्तर पर इंडिया गठबंधन को सशक्त बनाने का उनका अभियान शुरू हो चुका है। पांचों विधानसभाओं के हर न्याय पंचायत हर बूथ पर कांग्रेस के सिपाही तैनात किए गए हैं। यही नहीं इंडिया गठबंधन में शामिल होने वाले सभी दलों के कार्यकर्ताओं के सामंजस्य से बूथों पर वालंटियर तैयार किए जाएंगे। आगामी पखवाड़े में हम अपने वालंटियर के जरिए भारतीय जनता पार्टी की विफलता और कांग्रेस पार्टी की देश जोड़ने की सभी योजनाओं को घर-घर पहुंचा देंगे। सपाईयों के साथ बैठक कर उनके प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांगेंगे। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह, जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, पीसीसी सदस्य वरुण मिश्रा आदि मौजूद रहे।



प्रेसवार्ता करते लोकसभा कोआर्डिनेटर बनाए गए सुरेश प्रताप सिंह।

# एलपीजी वाहन को टक्कर मार पलटी बोलेरो, नौ लोग घायल

- हादसे में दो की हालत गंभीर, रेफर किए गए लखनऊ

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सुलतानपुर-वाराणसी हाइवे पर स्थित कोतवाली देहात के बगल ईंट भट्ठे के पास शुक्रवार को अनियंत्रित बोलेरो वाहन एलपीजी गैस लदे टैंपो को टक्कर मारकर पलट गयी। जिसकी चपेट में आकर पीआरडी जवान सहित नौ लोग घायल हो गये।

सुलतानपुर-वाराणसी हाइवे पर शुक्रवार की सुबह साढे. 10 बजे कोतवाली देहात के बगल स्थित ईंट भट्ठा के सामने वाराणसी की ओर जा रही बोलेरो वाहन सामने से आ रही एलपीजी गैस लदे टैंपो को टक्कर मारकर सड़क किनारे गड्ढे मे पलट गयी। जिसमें बोलेरो पर बैठे दंपती व चार अन्य घायल हो गये तथा टैंपो चालक व साइकिल सवार पीआरडी जवान भी घायल हो गया है। लंभुआ कस्बा निवासी राजकुमार जायसवाल कैटरिंग का काम करते हैं। वह अपने परिवार के साथ गुरुवार को अमेठी जिले में कहीं रिश्तेदारी गये थे। सुबह वह बोलेरो से वापस घर लौट रहे थे कि कोतवाली देहात थाने के पहले हाईवे पर उनका वाहन अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे एलपीजी गैस सिलेंडर लदे थ्री व्हीलर से टकराकर पलट गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टैंपो के परखच्चे उड़ गये और गैस सिलिंडर दूर खेत में जा गिरे। तेज आवाज सुनकर खेत में काम कर रहे मजदूर व राहगीर पहुंचे तथा घायलों को वाहन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवागमन बहाल कराया है। बोलेरो सवार घायलों की पहचान राजकुमार (32), उनकी पत्नी रीता (30) तथा बेटी निधि व दो बच्चे आयुष व पिंकी के रूप में हुई है। वाहन में बैठे एक अन्य युवक राहुल भी घायल हो गया है। वहीं गैस वाहन के चालक सुरजीत सिंह ड्यूटी पर जा रहे साइकिल सवार पीआरडी जवान विजय शंकर निवासी शंकरपुर को भी गंभीरर चोटे आईं हैं।


एलपीजी वाहन की ठोकर से पलटा सिलिंडर से लदा ई-रिक्शा। अमृत विचार

### सिलेंडर फटता तो होता बड़ा हादसा

भदैंया स्थित मनराजी गैस एजेंसी के गैस सप्लाई वाहन में सुरक्षा के कोई इंतजाम व अग्निशमन यंत्र के इंतजाम नहीं मौजूद मिले हैं। दुर्घटना के बाद टैंपो पर लदे 12 गैस सिलिंडर खेत में दूर जा गिरे जिनके फटने व आग लगने पर बड़ी घटना घट सकती थी। मनराजी गैस एजेंसी भदैया के वाहन में अग्निशमन यंत्र भी नहीं मौजूद मिला है। यही नहीं गैस सप्लाई के थ्री व्हीलर वाहन को बिना डाला बनाए ही गैस सिलेडर सप्लाई की जा रही थी। जिसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। दुर्घटना मे टैंपो पर लदे एलपीजी सिलिंडर दूर दूर तक जा गिरे, जिसके बाद मौके पर अफरा तफरी मच गयी। देहात कोतवाल श्याम सुंदर ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेज कर हाइवे पर आवागमन बहाल कराया गया है।

## महिलाओं की पिटाई के मामले में पांच पर केस

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** महिलाओं को मारने पीटने के मामले में कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कस्बे के विवेकानंद नगर में बुधवार की रात खुशबू गुप्ता मां गीता देवी के साथ अपनी दुकान पर बैठी थी। आरोप है कि तभी विपक्षीगण एक राय होकर उनकी दुकान पर गए और मारने पीटने लगे। दुकान का सारा सामान सड़क पर फेंक दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने कस्बे के ही शशि गुप्ता उर्फ डिंपल, चंदन गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, अंकित गुप्ता एवं दीपक गुप्ता विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### आग से जली स्कूटी, चाय और पान की दुकान, केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : गुरुवार की देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। नींद से जागे ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तब तक स्कूटी, चाय व पान की दुकान जलकर खाक हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रात में ही तहरीर ले अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कुड़वार थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी आंचल अग्रहरि की घर के नीचे खडी स्कूटी शुक्रवार की रात करीब साढ़े बारह बजे जलने लगी। हल्ला गुहार पर पहुंचे बाजारवासियो ने स्कूटी बुझाया। तब तक पड़ोस में चाय की दुकान चलाने वाले सुरेश की दुकान, बबलू के पान की गुमटी को आग ने आगोश मे ले लिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। पीड़ितों की माने तो आग से करीब एक लाख का नुकसान हुआ है। वहीं आग की जानकारी पर पहुंचे कुड़वार थानाध्यक्ष ने तहरीर लेते हुए अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।


अग्निकांड में जली स्कूटी व छप्पर की दुकान।

### गाली-गलौज देने से मना करने पर पीटा, केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : गुरुवार की रात घर पर बैठे व्यक्ति को कुछ लोग गाली गलौज देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोग घर में घुसकर पिटाई कर धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित ने रात में ही पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। चांदा थाना क्षेत्र के आनापुर नारायणपुर निवासी संजय ने पुलिस को तहरीर दी है। उसने बताया कि गुरुवार की रात करीब नौ बजे वह घर पर बैठा था। इसी बीच गांव के मगधू, अच्छेलाल व सच्छेलाल घर आकर गाली गलौज देने लगे। आरोप है उक्त लोग गाली गलौज देने से मना करने पर हमलावर हो गए तो वह घर में घुस गया। आरोप है कि उक्त लोग घर में घुसकर लाठी डंडों से पीटने लगे। हल्ला मचाया तो बीच बचाव में उसकी चाची माधुरी आई उक्त लोग उनकी पिटाई कर धमकी देते हुए चले जाते गए। चांदा थानाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने को प्रशिक्षित किए गए शिक्षक

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : ब्लॉक संसाधन केंद्र पर दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की एक गोष्ठी आयोजित की गई। खंड शिक्षा अधिकारी शिखा मिश्रा ने दिव्यांग बच्चों के लिए सरकार की दूरदर्शी योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि अब सभी स्कूल के प्रधानाध्यापक दिव्यांग बच्चों को पढ़ने के लिए प्रशिक्षित कर दिए गए हैं। अब सामान्य बच्चों की तरह दिव्यांग बच्चे भी नियमित शिक्षण कार्य कर सकेंगे। आए हुए सभी अभिभावकों को समेकित शिक्षा की सुविधाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य टीम ने 30 बच्चों का नेत्र परीक्षण कर चश्मा वितरित किया। गोष्ठी में दिव्यांग रिसोर्स पर्सन दिलीप कुमार, नेत्र विशेषज्ञ डॉ अरविंद, विशेष शिक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी एवं जयप्रकाश वर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रणविजय सिंह मौजूद रहे।

### ताला तोड़ पंचायत भवन से उठा ले गए कंप्यूटर, इनवर्टर

अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार : स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत टिकरी में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अंकित सिंह ने थाने पर तहरीर दी है। ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह प्रधान प्रतिनिधि ने फोन पर बताया कि पंचायत भवन का ताला टूटा हुआ है। पंचायत भवन पहुंच कर देखा तो अज्ञात चोरो ने कम्प्यूटर कक्ष का ताला तोड़ उसमे रखा इनवर्टर बैट्री, सीसीटीवी, डीवीआर, कंप्यूटर व अभिलेख उठा लें गए थे। जिसकी जानकारी बीडीओ अखण्डनगर को भी दी गई है। वही पुलिस से विधिक कार्यवाही की मांग की है।

## दौड़ में सुषमा तो शाटपुट में राजनाथ को मिला प्रथम स्थान

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** स्थानीय संत तुलसीदास पीजी कॉलेज में दो दिवसीय कर्मयोगी पंडित राम किशोर त्रिपाठी वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई।

शुक्रवार को आयोजित वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की 200 मीटर की दौड़ में सुषमा पाल को प्रथम, प्रतिभा तिवारी द्वितीय एवं खुशी पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाटपुट में राजनाथ सिंह ने प्रथम, अभिषेक यादव ने द्वितीय तथा अजीत निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में वीणा गुप्ता ने प्रथम, शुभ्रा पांडे ने द्वितीय तथा मोनिका यादव को तृतीय स्थान मिला। इसके पूर्व पुलिस प्रशिक्षण संस्थान के एसपी बृजेश कुमार मिश्र ने खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने खेलकूद को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे खिलाड़ियों में प्रेम बंधुत्व की भावना का जागरण होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को शपथ दिलाई और मार्च पास्ट की सलामी ली। प्रबंधक सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि खेलकूद व्यक्तित्व के विकास के लिए आवश्यक होते हैं। प्राचार्य प्रो. आरएन सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के परिवेश में एकेडमिक विकास के साथ-साथ खेलकूद भी उसका भी अभिन्न हिस्सा है।

## सदर में होगा 19 सड़कों का लोकार्पण

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** शुक्रवार को सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने पूर्वांचल विकास निधि त्वरित योजना के तहत 19 इंटरलॉकिंग सड़कों का शिलान्यास तहसील परिसर में किया। सदर विधानसभा के जयसिंहपुर, दोस्तपुर, मोतिगरपुर व कूरेभार में 1 करोड़ 24 लाख की लागत से इन सड़कों का निर्माण होगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इन इंटरलाकिंग सड़को के निर्माण हो जाने से जनता को राहत मिलेगी। वहीं बिरईपुर में बनी सड़क का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी धर्मदेव शुक्ला, ब्लाक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ला, ब्लाक प्रमुख चंदर सिंह, महामंत्री रत्नेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू उपाध्याय, आदि मौजूद रहे।

# प्री प्राइमरी से मजबूत करें शिक्षा का स्तर

- हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम में बोले सदर विधायक

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र जयसिंहपुर में निपुण भारत कार्यक्रम के अंतर्गत हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल से प्रशिक्षित अध्यापक, नोडल शिक्षक संकुल व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति, प्री प्राइमरी में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों, बुनियादी शिक्षा में बच्चों को दी जा रही सुविधाएं, समुदाय अभिभावकों की सहभागिता सहित अन्य बिंदुओं पर नोडल शिक्षकों के द्वारा विस्तृत चर्चा की गई।


हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में पहुंचे विधायक राज प्रसाद उपाध्याय।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि के रुप में ब्लाक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ला ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विधायक ने कहा कि सरकार बच्चों की शिक्षा का स्तर प्री प्राइमरी में ही मजबूत करना चाहती है। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री प्राइमरी की शिक्षा का स्तर मजबूत करने को कहा है। उत्सव का उद्देश्य आंगनबाड़ी के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस मौके पर बीईओ शिव शंकर मिश्रा, सीडीपीओ राजेंद्र, महामंत्री रत्नेश तिवारी, गुड्डू उपाध्याय, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा व दीपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**कवायद** बीते वर्ष महकमे ने 1 अप्रैल से शुरू की थी गेहूं की खरीद, क्रय केंद्रों पर डंप पड़ा है पिछली फसल का खरीदा गया धान

# अभी गेहूं की फसल तैयार नहीं और खुल गए 61 सरकारी क्रय केंद्र

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गेहूं की बालियां अभी पकी नहीं है, महकमा क्रय केंद्र खोल गेहूं खरीदने में लग गया है। खरीदे गए धान अभी भी क्रय केंद्रों पर डंप पड़े हुए हैं। फिर भी शासन के निर्देश पर महकमा 61 क्रय केंद्र खोल गेहूं खरीद में जुट गया है।

बीते वर्ष महकमा गेहूं की खरीद 1 अप्रैल से शुरु की थी। गेहूं की अधिक खरीद न होने के चलते इस वर्ष शासन ने 15 मार्च से गेहूं खरीद का निर्णय लिया था, लेकिन शासन के निर्देश पर गेहूं खरीद 1 मार्च से ही शुरु कर दिया गया है। गेहूं खरीद के लिए महकमे ने तैयारी पूरी करते हुए शुक्रवार से गेहूं की खरीद के लिए केंद्र भी खोल दिया। क्रय केंद्रों पर खरीद के सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ क्रय केंद्रों पर केंद्र प्रभारियों की भी तैनाती कर दी गई है।

वहीं, अगर गेहूं की फसलों को देखा जाय तो कुछ फसलों में अभी सिर्फ बाली ही आई है। पिछड़ी हुई फसल में अभी गेहूं की बाली भी नहीं आई है। फिर भी महकमा शासन के निर्देश पर गेहूं क्रय केंद्र खोल किसानों की राह देख रहा है।


खेतों में पकने के करीब गेहूं की फसल। अमृत विचार

> शासन से अभी गेहूं खरीद का लक्ष्य नहीं मिला है। 61 क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद शुरू कर दी गई है। फिलहाल आज कोई खरीद नहीं हुई है। -**संजय कुमार पांडेय**, डिप्टी आरएमओ सुलतानपुर

### किसानों से गेहूं खरीद की तैयारी शुरू

गेहूं खरीद के लिए अभी तक महकमे द्वारा खाद्य विभाग के 23, पीसीएफ के 30, एफसीआई के 3, मंडी परिषद के 1, नैफेड के 4 क्रय केंद्रों से किसानों के गेहूं खरीद की तैयारी शुरू की गई है।

### किसानों के साथ बटाईदार भी बेच सकेंगे गेहूं

बीते वर्ष कम खरीद होने के चलते इस बार किसानों के साथ साथ बटाईदार भी अपनी फसलों को बेच सकेंगे। किसान के रजिस्ट्रेशन के साथ ही उसी रजिस्ट्रेशन नंबर पर ओटीपी के माध्यम से बटाईदार का भी वेरिफिकेशन हो जाएगा। जिसके बाद बटाईदार भी अपनी गेहूं की फसल सरकारी क्रय केंद्रों पर बेच सकेंगे।

### समर्थन मूल्य के साथ लोडिंग चार्ज भी मिलेगा

बीते वर्ष के समर्थन मूल्य में 150 रुपए की बढ़ोत्तरी करते हुए इस बर्ष 2,275 रुपए प्रति कुंतल रखा गया है। वहीं, क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने आए किसानों को 20 रुपए प्रति क्विंटल लेबर चार्ज देना पड़ता था। इस बार भी किसानों को 20 प्रति कुंतल लेबर चार्ज तो देना पड़ेगा। लेकिन जब बेची गई फसल का पैसा पीएमएमएस के माध्यम से खाते में आयेगा तो प्रति कुंतल समर्थन मूल्य में 20 रुपए लेबर चार्ज भी जुड़ा होगा। समर्थन मूल्य 2,275 रुपए है, लेकिन किसान के खाते में 2,295 रुपए प्रति कुंतल आयेगा।


### कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर लपटा, वि०ख० मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक- 01.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शाहपुर लपटा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक-02.03.2024 से 07.03.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत शाहपुर लपटा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक-08.03.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जगत बहादुर के घर से राम प्रकाश के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 7,84,253.49 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |

नोट- शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0- शाहपुर लपटा
वि0ख0 मोतिगरपुर,
जनपद सुलतानपुर

ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा0पं0- शाहपुर लपटा
वि0ख0 मोतिगरपुर,
जनपद सुलतानपुर

**एक नजर**

### पुलिस की सेवाओं व सहायता के बारे में दी जानकारी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न स्कूल चौराहे एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक व एलईडी वैन के माध्यम से यू0पी0-112 की योजनाओं के बारे में जनता को जागरूक किया गया। यूपी-112 पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न स्कूल चौराहे एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक व एलईडी वैन के माध्यम से योजनाओं एवं उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदान की जा रहीं आकस्मिक सेवाओं जैसे पुलिस, फायर सर्विस, मेडिकल आदि के बारे में लोगों को जागरूक किया। बेलौहा बाजार, तिलौली बाजार, लोटन तथा पथरा बाजार इत्यादि स्थानो पर आमजन को जानकारी दी गई।

### ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकास खण्ड जोगिया के 49 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जिलाधिकारी से मिलकर ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकृति देने की मांग की। जिलाधिकारी की गैरमौजूदगी में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने प्रशासनिक अधिकारी को अपना ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन लेते हुए प्रशासनिक अधिकारी ने जल्द ही मामले के संदर्भ में जिलाधिकारी को अवगत कराने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि विकास खण्ड जोगिया ब्लाक प्रमुख सावित्री देवी हैं। इस विकास खण्ड में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की संख्या 66 है। जिसमें 49 सदस्यों ने 11 बिन्दुओं पर ब्लाक प्रमुख सावित्री देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग करने सम्बन्धी ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये है।

# भारत-नेपाल की एकता का मूल आधार है साझा अध्यात्म-संस्कृति

## भारत-नेपाल सांस्कृतिक अंतर्संबंधों की विकास यात्रा : अतीत से वर्तमान तक विषयक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार शुरू

गोरखपुर

**अमृत विचार।** भारत और नेपाल की एकता का मूल आधार दोनों देशों की साझा अध्यात्म-संस्कृति है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, महात्मा बुद्ध और शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ भारत-नेपाल एकता के मूल सूत्र हैं। यह बातें नेपाल के पूर्व गृह राज्यमंत्री देवेंद्र राज कंडेल ने कही। शुक्रवार को वह महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में आयोजित 'भारत-नेपाल सांस्कृतिक अंतर्संबंधों की विकास यात्रा : अतीत से वर्तमान तक' विषयक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय और महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के संयुक्त तत्वावधान में हो रहे इस सेमिनार में श्री कंडेल ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और धर्म के लिए राजनीति छोड़ने भी पड़े तो छोड़ देना चाहिए। 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद श्रीरामलला की जन्मभूमि अयोध्या में बने भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई तो उसे नेपाल में भी पर्व के रूप में मनाया गया। श्रीराम व सीता के चलते भारत नेपाल के आवागमन की परंपरा आज तक चली आ रही है। आज भी बिना पासपोर्ट और वीजा के लोग भारत और नेपाल की सीमाओं को पार करते हैं। यह हमारे आपसी मजबूत संबंधों को दर्शाता है। उन्होंने नेपाल पर गुरु गोरखनाथ के प्रभाव की चर्चा करते हुए बताया कि नाथ संप्रदाय के नेपाल में कई जगह-जगह भव्य मंदिर हैं। उन्होंने सांस्कृतिक अंतर्संबंधों की और मजबूती के लिए दोनों देशों के शासन-प्रशासन को व्यावहारिक विचारों को अपनाने पर जोर दिया। कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हम लोगों की वार्ता हुई है, जल्द ही गोरखपुर से नेपाल के लिए भी पर्यटक बसें चलाई जाएंगी। कार्यक्रम का उद्घाअन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों ने भारत नेपाल के अंतर्संबंधों पर आधारित स्मारिका का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर आयोजन के संयोजकद्वय डॉ. पद्मजा सिंह और डॉ. सुबोध कुमार मिश्र, प्रो. कीर्ति पांडेय,डॉ. सुधाकर लाल श्रीवास्तव, डॉ. रामवन्त गुप्ता, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. उग्रसेन सिंह, डॉ. शैलेंद्र उपाध्याय, डॉ. नीरज सिंह, डॉ नीलांबुज, नेपाल से आए विद्वतजन प्रो. नरेंद्र कुमार श्रेष्ठ, डॉ. सागर न्यौपाने, भीम पराजुली, प्रो. सुधन कुमार पौडेल, प्रो. राजराम सुवेदी, श्रीकृष्ण अनिरुद्ध गौतम, प्रो. सुबोध शुक्ला, नारायण प्रसाद ढकाल, राजन कार्की, बाजिरा, बाल बहादुर पांडेय, डॉ. शिवकांत दूबे, कृष्ण हुमागाई, सुभेन्द्र यादव व विनय मिश्र सहित दोनों देशों के दर्जनों प्रतिभागी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में मौजूद भारत और नेपाल के प्रतिनिधि। अमृत विचार

**हिन्दुत्व को बढ़ावा व सम्मान देने से बढ़ेगी और घनिष्ठता**

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय, लुम्बिनी, नेपाल के कुलपति प्रो. सुबरन लाल बज्राचार्य ने कहा कि भारत और नेपाल, दोनों देशों में अन्योन्याश्रित संबंध हैं। दोनों के सह अस्तित्व से यह संबंध ऊंचाई को प्राप्त करते हैं। इस पारस्परिक संबंध का आधार हिंदुत्व है। हिंदुत्व का सम्मान करने व बढ़ावा देने से निश्चित रूप में नेपाल और भारत के संबंधों में घनिष्ठता और मधुरता आएगी। सांस्कृतिक आयाम ही हमारे लिए सबसे शक्तिशाली हथियार है। कहा कि भारत-नेपाल के बीच खुली सीमा हमारे मजबूत संबंधों को दर्शाती है। भारत और नेपाल में कई जातीय समूह भी शामिल हैं। भारत-नेपाल संबंध में तभी घनिष्ठता आ सकती है जब हम धर्म संप्रदाय को ध्यान में रखते हुए हिंदुत्व को बढ़ावा दें। राजनीतिक कारणों से एक दूसरे के लिए उग्र होना बंद करना होगा।

### भारत और नेपाल का डीएनए एक है : प्रो. नंद बहादुर

सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित मध्य पश्चिम विश्वविद्यालय, सुर्खेत, नेपाल के उप कुलपति प्रो. नंद बहादुर सिंह ने कहा कि भारत और नेपाल का डीएनए एक है इसलिए दोनों के आपसी संबंध प्रगाढ़ हैं। दोनों देशों का मूल एक है। हमारे चार प्रमुख स्रोत हैं। धर्म, संस्कृति, भाषा व सभ्यता जो दोनों देशों में एक समान है।

### हमारे संकल्प में भी भारत का जिक्र है : प्रो. भागवत

विशिष्ट अतिथि वाल्मीकि विद्यापीठ, काठमांडू, नेपाल के प्राचार्य प्रो. भागवत ढकाल ने कहा कि हमारे संकल्प में भी भारत का जिक्र है। राम त्रेता युग के थे, वाल्मीकि भी त्रेता युग के हैं। नेपाल के लोग वाल्मीकि की जन्मस्थली नेपाल ही मानते हैं। चारों वेदों का निष्कर्ष भी दोनों देशों को एक ही बताते हैं। बुद्ध की जो ख्याति हुई वह नेपाल में हुई। हमारे पठन-पाठन की सामग्री, साहित्य में भी हमारे नियम समान है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बढ़ेगी समरसता : पुष्पा भुषाल

विशिष्ट अतिथि पुष्पा भुषाल ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से दोनों देशों में समरसता बढ़ेगी। इस पर नेपाल सरकार ने अपने कदम आगे बढ़ाएं हैं। हम यहां का रहन-सहन, संस्कृति, राजनीतिक ऊर्जा सहित अन्य सभी चीज़े लेकर नेपाल गए और उसका नियमित रूप से हम निर्वहन करते हैं। जब यहां राम उत्सव मनाया जा रहा था, ठीक उसी समय नेपाल सरकार ने भी खुशहाली उत्सव के रूप में मनाया।

### नेपाली मुद्रा भी संबंधों में प्रगाढ़ता का एक प्रमाण

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने कहा कि भारत इस वर्ष अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मना रहा है। जो हाल ही में 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित किया गया था। भारत-नेपाल संबंधों में लुंबिनी से बोध गया तक आता है। नेपाल में जो नेपाली मुद्रा में गुरु गोरखनाथ का सम्मान है वह भी कहीं न कहीं नेपाल और भारत की मधुरता को दर्शाता है। गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में हर वर्ष लगने वाली खिचड़ी मेले में भी नेपाल के लोगों का जो झुकाव है। वह हमारे संबंधों को और मजबूत बना देता है।

### भारत और नेपाल दोनों देशों का मूल एक : प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव

महाराणा प्रताप महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि भारत और नेपाल दोनों देशों का मूल एक है। गोरखनाथ, मत्स्येन्द्रनाथ से जो रिश्ता है उससे हम भाई हुए। 2014 के बाद भारत बदला है जिससे नेपाल और भारत के संबंध में और भी मधुरता आई है। ऐसी गोष्ठी का आयोजन हर वर्ष होना चाहिए। इसका आयोजन एक वर्ष नेपाल में तो अगले वर्ष भारत में में होना आवश्यक है। इससे दोनों देश एक दूसरे को अतीत से लेकर भविष्य तक समझ पाएंगे।

# निजी अस्पताल में प्रसव बाद महिला की मौत

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** लोटन कोतवाली क्षेत्र के सोहांस रोड स्थित निजी हास्पिटल में प्रसव के बाद महिला की मौत हो गई है। पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अस्पताल कर्मियों की लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

लोटन क्षेत्र के ग्राम एकडेंगवा के टोला मैनहिया निवासी अर्जुन ने तहरीर दी है कि उसकी पत्नी अंजनी को शुक्रवार सुबह प्रसव पीड़ा हुई। परिजन उसे लेकर बनियाडीह प्रसव केंद्र पहुंचे जहां उपचार के बाद नार्मल डिलीवरी हुई। ब्लीडिंग होने के कारण उसे रेफर कर दिया गया। आरोप है कि गांव की आशा के पति ने परिजन को बहला फुसलाकर लोटन के एक हास्पिटल ले गए और जहां पत्नी अंजनी (22) की मौत हो गई। अस्पताल कर्मियो ने उसे ब्लड की कमी बताकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जबकि उसकी पत्नी की मौत उसी निजी अस्पताल में हो चुकी थी।

प्रसव केंद्र बनियाडीह के एएनएम तारा राय का कहना है कि केंद्र पर गुरुवार सुबह को अंजनी को लेकर आए, गर्भ में जुड़वा बच्चे थे। प्रसव के दौरान एक बच्चा मृत पैदा हुआ और एक जीवित। मृतक बच्चे को परिजनों ने दफना दिया था। ब्लड ज्यादा गिर रहा था। इसी कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया। निजी हास्पिटल के संचालक अतीक अहमद का कहना है कि बनियाडीह प्रसव केंद्र से आशा के पति व महिला के परिजन अस्पताल ले आये जहां ब्लड नहीं रुकने से वह कमजोर हो गई थी। महिला की प्राथमिक उपचार के बाद उसको यहां से भेज दिया गया था। सीएचसी लोटन के अधीक्षक एके चौधरी का कहना है कि मामला अगर सही पाया गया तो अस्पताल पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

> इस संदर्भ में वादी पक्ष से मामले में तहरीर मिली है। प्रकरण की सघनता से जांच की जा रही है। जांच के दौरान जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी
>
> **-विजय शंकर सिंह,** प्रभारी कोतवाली, लोटन

### डीपीओ ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) आनंद प्रकाश श्रीवास्तव ने शुक्रवार को कार्यालय समेत बाल विकास परियोजना कार्यालयों में तैनात पटल सहायकों के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक से अनुपस्थित 11 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सभी से विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति संबंधी रिपोर्ट का गहनता से जांच-पड़ताल की।

# कार्यकर्ता हर मतदान बूथ करें मजबूत

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** कपिलवस्तु विधानसभा के सेमरा हुसेन वकस मंडल अध्यक्ष जगदीश जायसवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को बूथ अध्यक्ष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता अभिषेक पाल ने कहा कि आप लोगों की जिम्मदारियों के बल पर ही इस बार प्रधानमंत्री ने सदन में कहा कि अबकी बार 400 पार।

बूथ अध्यक्षों का जिक्र करते हुए सांसद पुत्र ने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत के क्रम में मुझे चुनाव जिताने का कार्य तथा चुनाव लड़ाने का कार्य आप लोगों ने किया है और इस बार आप लोग इतना मेहनत करें कि हर बूथ पर केवल कमल खिले। अभिषेक पाल ने कहा की हमेशा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते है मेरा बूथ सबसे मजबूत बूथ जीतो चुनाव जीतो यह सब सारी जिम्मेदारी बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के ऊपर ही होती है और मेरा बूथ अध्यक्ष बूथ की मजबूत कड़ी है अभिषेक पाल ने उक्त अवसर पर मंडल अध्यक्ष सहित मंडल के सभी पदाधिकारी तथा सभी बूथ अध्यक्ष को कंबल देकर सम्मान किया सेमरा हुसैन बकसमें रामदेव गुप्ता दूखीराम लोधी विपत लोधी सभासद राजाराम सभासद सतीश रस्तोगी ग्राम प्रधान महारिया हनुमान दूसरा कार्यक्रम करौदां मसीना के में दुर्गेश श्रीवास्तव धर्मेंद्र कुमार गौड़ गणेश लोधी रेखा गुप्ता रवि जायसवाल राहुल तिवारी अजय पाल विजय गौड़ मुरारी सिंह दिलीप सिंह रिंकू पाल मनोज बाबा सबलू साहनी सहित सभी बूथ अध्यक्ष गण पदाधिकारी, तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गाड़ियों का संचालन रहेगा प्रभावित



गोरखपुर

**अमृत विचार।** उत्तर रेलवे के वाराणसी जं. स्टेशन पर इंजीनियरिंग कार्य के लिए ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक दिये जाने के फलस्वरूप गाड़ियों का नियंत्रण एवं निरस्तीकरण होगा। 6 मार्च को 14008 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल सद्भावना एक्सप्रेस वाराणसी जं. में 40 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। 8 मार्च को 14007 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस सद्भावना एक्सप्रेस वाराणसी सिटी स्टेशन में 45 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

8 मार्च को 03649/03650 बक्सर-बनारस-बक्सर मेमू गाड़ी और 05475/05476 बनारस-प्रयागराज रामबाग-बनारस अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। इसके अलावा 2 मार्च को चलने वाली 13508 गोरखपुर-आसनसोल एक्सप्रेस गोरखपुर से 120 रि-शिड्यूल कर 20.50 बजे के स्थान पर 22.50 बजे गोरखपुर स्टेशन से चलाई जायेगी। यह जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी है।

### बिलासपुर रोड स्टेशन पर ट्रेनों को प्रायोगिक ठहराव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिए एक्सप्रेस गाड़ियों का प्रायोगिक आधार पर ठहराव इज्जतनगर मंडल के बिलासपुर रोड स्टेशन पर प्रदान किया जायेगा। जिसके तहत 12039 काठगोदाम-नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस, 12040 नई दिल्ली-काठगोदाम जनशताब्दी एक्सप्रेस, 12091 देहरादून-काठगोदाम जनशताब्दी एक्सप्रेस, 12092 काठगोदाम-देहरादून जनशताब्दी एक्सप्रेस को बिलासपुर रोड स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव दिया जाएगा।

### अमृतसर-लालकुआ के बीच चलेगी एक्सप्रेस ट्रेन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 15015/15016 लालकुआं-अमृतसर-लालकुआं एक्सप्रेस का संचालन 5 मार्च से प्रत्येक मंगलवार को लालकुआं से तथा 6 मार्च से प्रत्येक बुधवार को अमृतसर से चलाई जाएगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के 05, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 तथा वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

### मेहसी स्टेशन पर ट्रेनों का प्रायोगिक ठहराव

गोरखपुर। रेलवे प्रशासन ने यात्री जनता की सुविधा के लिए एक्सप्रेस गाड़ियों का प्रायोगिक आधार पर ठहराव पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के मेहसी स्टेशन पर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस, 15654 जम्मूतवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस, 15001 मुजफ्फरपुर-देहरादून एक्सप्रेस, 15002 देहरादून-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, 15051 कोलकाता-गोरखपुर एक्सप्रेस, 15052 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस, 14015 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस, 14016 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस, 15267 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस, 15268 रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस को मेहसी स्टेशन पर दो मिनट का प्रायोगिक ठहराव दिया जाएगा।



कलेक्ट्रेट सभागार में व्यय अनुवीक्षण समिति से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

# 100 मिनट के अंदर चुनाव से संबंधित शिकायत का कराना होगा निस्तारण

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के क्रम में व्यय अनुवीक्षण समिति से संबधित प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। जिसमें अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा नीलोत्तम चौबे, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी आमोद शंकर शुक्ल उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में इलेक्शन सीजर मैनेजमेन्ट सिस्टम ई.एस.एम.एस. के बारे में जानकारी दी गयी। सीविजिल एप के माध्यम से जन शिकायतो के निस्तारण के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी गयी कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के शुचितापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के लिए गठित विभिन्न टीमो को अधिसूचना की अवधि में पालन किये जाने के लिए निर्देश दिया गया। एफएसटी टीमे अधिसूचना जारी होने के बाद कार्य करेंगी तथा एसएसटी टीमे जनपद स्तर पर अधिसूचना जारी होने के बाद प्रभावी होंगी। सीविजिल एप पर चुनाव से संबंधित कोई भी नागरिक शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायत का निस्तारण 100 मिनट के अन्दर करना होगा। सभी टीम द्वारा अपने मोबाइल का लोकेशन आन रखेंगी तथा सक्रिय रहकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्य करेंगी। इलेक्शन सीजर मैनेजमेन्ट सिस्टम ई.एस.एम.एस. के माध्यम से निर्वाचन प्रभावित करने वाली सामग्री, पैसा, साड़ी, शराब आदि सीज किया जायेगा। सीज करने की कार्यवाही इलेक्शन सीजर मैनेजमेन्ट सिस्टम ई.एस.एम.एस. के माध्यम से किया जायेगा। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला बचत अधिकारी अजय कुमार गुप्ता, अपर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी वीरेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

**सार-संक्षेप**

### निर्माणाधीन कल्याण मंडपम का किया निरीक्षण

**गोरखपुर, अमृत विचार।** खोराबार में शादी विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए निर्माणाधीन कल्याण मंडपम का नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य अभियंता संजय चौहान, सी एंड डीएस के अवर अभियंता ओपी यादव आदि उपस्थित थे। नगर आयुक्त ने ओपी यादव को ग्राउंड फ्लोर पर बनाए जाने वाले किचन को शिफ्ट करके हॉल को और बड़ा बनाने, ऊपर के फ्लोर पर बनने वाले सूट को कम कर कमरो की संख्या बढ़ाने एवं कल्याण मण्डप के सामने पेड़ पौधे लगाने का निर्देश दिया। इसके बाद नगर आयुक्त द्वारा एकला बंधा पर लेगेसी वेस्ट के निस्तारण कार्य एवं निर्माणाधीन पशु शवदाह गृह का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कर रही फर्म को 12 मार्च तक एकला बांध पर समस्त कूड़े के निस्तारण कराने का निर्देश दिया। साथ ही निर्माणाधीन पशु शवदाह गृह के चारों तरफ बाउंड्रीवाल एवं बंधे से शवदाह गृह तक सड़क आदि के निर्माण हेतु मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय मुख्य अभियंता संजय चौहान, सहायक अभियंता एनडी पांडेय, अवर अभियंता अवनीश भारती, सूरज शर्मा व अन्य उपस्थित थे।

### महापौर ने पिंक शौचालय का किया उद्घाटन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत नेहरू पार्क लाल डिग्गी में महिलाओं के लिए पांच सीटेड पिंक शौचालय का उद्घाटन किया। महापौर ने इसे माताओं/बहनों के लिए समर्पित किया और आशा की कि इसी तरह के पिंक शौचालय अन्य चौराहों में भी बनाए जाएं ताकि महिलाएं को सहूलियत मिल सकें तथा क्षेत्र का पूर्ण रूप से विकास हो सके। महापौर ने यह भी कहा कि वे नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने हेतु निरंतर प्रयास करता रहता हूँ और महानगरवासी भी महानगर को स्वच्छ, सुन्दर और स्वस्थ्य बनाने में योगदान दें। उस अवसर पर पार्षद बिजेन्द्र अग्रहरी, सहायक अभियंता/जोनल अधिकारी नर्वदेश्वर पाण्डेय, अवर अभियंता रंजीत, सूजर शर्मा, और क्षेत्र की सम्मानित जनता उपस्थित रही। शौचालय में प्रवेश पार्क के दोनों ओर से होगा, जो वहां की महिलाओं के लिए सुविधाजनक होगा।



शुक्रवार को निर्माणाधीन गोद्धोईया नाले का निरीक्षण करतीं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी। अमृत विचार

### नाला निर्माण में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

**गोरखपुर, अमृत विचार।** गोद्धोईया नाले पर चल रहे निर्माण कार्यों का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने निरीक्षण किया। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि समय रहते नाले का निर्माण कार्य पूरा कराएं। निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। गोद्धोईया नाले का निर्माण मार्च 2025 तक पूरा होना है। कार्यों व गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नाले के इंटरसेप्शन, डायवर्जन और ट्रीटमेंट प्लांट का काम भी इसी के साथ खत्म हो जाना चाहिए। गोड़धोइया नाले के दोनों तरफ इंटरसेप्ट सीवर लाइन डाली जाएगी। इस सीवर लाइन को एसटीपी से जोड़ा जाएगा। नाला निर्माण के साथ ही सीवर लाइन भी डाली जाएगी। इससे 17 वार्डों के 2.20 लाख लोगों को फायदा होगा। अलग-अलग इंटरसेप्ट सीवर लाइन से इन वार्डों के गंदे पानी को एसटीपी में लाकर साफ कर दिया जाएगा। इसके बाद पानी राप्ती नदी में छोड़ा जाएगा। पहले फेज में गोड़धोइया नाले के दोनों तरफ इंटरसेप्ट सीवरलाइन बिछाने के काम को पूरा किया जाना है। बताया कि इस मद में 474 करोड़ रुपये की स्वीकृत हो चुकी है। दरअसल, 9.7 किलोमीटर लंबे नाले का निर्माण काम शुरू हो गया है।

**सराहनीय**

**वायस रिकार्डर के साथ सीसीटीवी की निगरानी में हो रही पढ़ाई, जल शोधन प्लांट की की गई है स्थापना**

# कान्वेंट स्कूलों को टक्कर दे रहा राजकीय इंटर कॉलेज

सुनील मिश्रा, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सरकारी विद्यालयों का कायाकल्प कर गुणवत्तायुक्त शिक्षा तथा बेहतर माहौल तैयार करने के क्रम में जिला मुख्यालय स्थित राजकीय इंटर कालेज नौगढ़ किसी कान्वेंट स्कूल से कम नहीं है। यहां वायस रिकार्डर के साथ सीसीटीवी की निगरानी में पढ़ाई हो रही है। दो विज्ञान संग्राहलयों के संचालन के साथ ही स्मार्ट क्लास समेत बच्चों को कम्प्यूटर और ब्यूटीशियन की शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में जीआईसी पहला विद्यालय होगा, जहां जल शोधन प्लांट की स्थापना की गई है।




वर्ष 2017 से कक्षा छह से 12 कक्षा तक के लिए संचालित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज नौगढ़ की स्थिति शुरूआती दौर में बेहतर नहीं रही। एक तरफ जहां छात्रों की संख्या कम, कार्यवाहक प्रधानाचार्य के भरोसे स्कूल संचालित हो रहा था, वहीं दूसरी तरफ शिक्षकों और बच्चों के लिए आवश्यकतानुसार सुविधाएं भी नगण्य थी। धीरे-धीरे समय बढ़ता गया तो विद्यालय की दशा में भी सुधरती दिखाई दे रही है। बीते 21 अक्तूबर 2023 को लोक सेवा आयोग से पीईएस में चयनित दयाशंकर यादव की प्रधानाचार्य के रूप में हुई। इनकी तैनाती के साथ ही विद्यालय की दशा और दिशा बदलने में तेजी आ गई। मौजूदा समय में विद्यालय में वायस रिकार्डर के साथ पांच सीसी कैमरे लगाए गए हैं। इसकी मानीटिरंग प्रधानाचार्य कक्ष से होती रहती है। स्कूल में प्रवेश करते हुए तैनात प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के बारे में पूरी जानकारी के लिए हमारे शिक्षक नाम बोर्ड मिलेगा। खेलकूद के लिए पर्याप्त मैदान की व्यवस्था है। शुद्ध पानी के लिए आरओ लगाया गया है। इतना ही नहीं यहां जल शोधन प्लांट भी लगाई गई है। दो विज्ञान संग्रहालय संचालित है। मौजूदा समय में बच्चों की संख्या 699 है, जबकि इससे पहले संख्या कम थी ही, अभिभावक यहां नामांकन ही नहीं कराना चाहते थे। अब जुगाड़ लगाना पड़ता है।

### अभ्युदय कोचिंग सेंटर का भी संचालन

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित हो रहे अभ्युदय कोचिंग सेंटर का संचालन भी जीआईसी नौगढ़ के भवन में हो रही है। इसका लाभ यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्रा भी ले रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पढ़ाई निशुल्क मिल रही है।

> राजकीय इंटर कॉलेज नौगढ़ में कार्यभार ग्रहण करने के बाद से आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रयासरत हूं। सभी शिक्षकों के सहयोग से शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए लगा रहता हूं। भविष्य में और बेहतर माहौल देने का प्रयास करेंगे।
>
> **- दयाशंकर यादव,** प्रधानाचार्य

### बच्चों की संख्या बढ़ने से बन रहा एसीआर

राजकीय इंटर कॉलेज नौगढ़ में प्रत्येक शैक्षिक सत्र में बच्चों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एक अतिरिक्त कक्षा कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है। एक अप्रैल से कक्षा कक्ष का संचालन शुरू होने की उम्मीद है।

### पेपर लीक का जल्द हो सकता है खुलासा

**सिद्धार्थनगर, अमृत बिचार। उप्र** पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 के पेपर लीक मामले में सिद्धार्थनगर पुलिस, एसटीएफ और सर्विलांस विभाग की संयुक्त टीम जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा कर सकती है। सूत्रों के अनुसार मामले की जांच कर रही पुलिस की स्पेशल यूनिट के हाथ कई अहम सुराग लगे हैं। पुलिस अब तक जिले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस अब जांच कर रही है कि पेपर कहां से और कैसे लीक हुआ और किसने लीक किया। सूत्रों के अनुसार मामले में सफेदपोश के संलिप्त होने के संकेत भी मिले हैं। टीम बिहार और बिहार बॉर्डर से लगे यूपी के कुछ जनपदों में छापेमारी और जांच पड़ताल कर रही है।

# परीक्षा में सेंध लगाने वाले अन्तर्राज्यीय सॉल्वर गैंग का सदस्य गिरफ्तार

## पुलिस भर्ती मामला : कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम को मिली कामयाबी

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद ब्रजेन्द्र प्रसाद पटेल तथा प्रभारी निरीक्षक एसओजी सर्वेश राय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम में विवेचना के दौरान प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त गौतम कुमार पुत्र शिवकुमार प्रसाद निवासी ग्राम अमारी अनन्त विगहा थाना उपहरा जिला औरंगाबाद, बिहार को 2 मोबाइल फोन, 1 आधार पहचान पत्र, 7 हस्ताक्षरयुक्त ब्लैंक बैंक चेक व 1 एटीएम के साथ गांधी मैदान जिला पटना, बिहार से गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए रवाना किया।

बताते चलें कि बीते 17 फरवरी को वादी अभिषेक शर्मा केन्द्र व्यवस्थापक गन्ना विकास इण्टर कालेज खलीलाबाद द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद में लिखित तहरीर दी गयी कि उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के प्रथम पाली की परीक्षा में गन्ना विकास इण्टर कालेज खलीलाबाद में शशि कपूर पुत्र श्री रामचेत ग्राम व पोस्ट रजनौली, सिरसी खास थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर के स्थान पर प्रशांत कुमार उर्फ शिंकू पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी जोनी थाना विक्रमगंज जिला रोहतास सासाराम बिहार द्वारा परीक्षा दिया जा रहा रहा है। वादी की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर पूर्व में 17 फरवरी को अभियुक्त प्रशांत कुमार उर्फ शिंकू पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी जोनी थाना विक्रमगंज जिला रोहतास सासाराम बिहार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि अपने मोबाइल नम्बर से उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती के प्रश्न पत्र का प्रश्न व उत्तर हस्तलिखित रुप में वाट्सएप के माध्यम से अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त जनेन्द्र कुमार उर्फ इन्द्रजीत उर्फ गोलू पुत्र सुरेश सिंह निवासी ग्राम छोटकी मसौढ़ी थाना मसौढ़ी जिला पटना, बिहार के वाट्सएप पर भेजा था। अभियुक्त ने बताया कि उसके द्वारा सरकारी नौकरी की परीक्षाओं में भर्ती कराने के नाम पर पैसा लेकर पास कराने का काम कराया जाता है। अभ्यर्थियों को परीक्षा से पूर्व प्रश्न पत्र उत्तर कुंजी सहित उपलब्ध कराने तथा ऐसे अभ्यर्थी जो पढ़ने में कमजोर हों उनके स्थान पर आधार पहचान पत्र व एडमिट कार्ड आदि पर एडिट कर उस पर दूसरे का फोटो एडिट कर सेटिंग के माध्यम से उन अभ्यर्थियों को परीक्षा पास कराते हैं। इसके एवज में अभ्यर्थियों सें मोटी रकम प्राप्त करते हैं। अभियुक्त ने बताया कि हम लोग यह पैसा ज्यादातर नकद प्राप्त करते हैं तथा पुलिस से बचने के लिए हम लोग आपस में बातचीत करने के लिए वाट्सएप काल का प्रयोग करते हैं साथ ही टेलीग्राम एप का भी प्रयोग करते हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में प्रति अभ्यर्थी से 6 लाख रुपये में बातचीत हुयी थी। हम लोग परीक्षा होने से पहले उन अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र का हल प्रश्ननोत्तर या प्रश्न पत्र उपलब्ध करा देते थे तथा परीक्षा देने के बाद उनसे दो लाख रुपया प्राप्त करना था। परिणाम आने के बाद शेष चार लाख रुपया प्राप्त होना था।

# लोकसभा निर्वाचन के लिए लेखा टीम का हुआ प्रशिक्षण

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत शुक्रवार को वरिष्ठ कोषाधिकारी व नोडल अधिकारी (निर्वाचन व्यय) वैभव कुमार द्वारा कोषागार कार्यालय में लेखा टीम को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में उम्मीदवारों द्वारा चुनाव में होने वाले खर्च का किस प्रकार रख रखाव किया जाएगा, के संबंध में जानकारी दी गई। जनपद में तीन विधानसभा क्षेत्रों के सापेक्ष तीन लेखा टीमों का गठन किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान लेखा टीम प्रभारी खलीलाबाद रवि कुमार सिंह, लेखा टीम प्रभारी मेहदावल सत्येंद्र कुमार यादव, लेखा टीम प्रभारी धनघटा परमानंद सिंह यादव आदि ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## एक नजर

### स्कूल प्रबंधक को संगठन से जोड़ना जरूरी : राजकुमार

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ प्रांतीय इकाई की बैठक कैंप कार्यालय बैरागी कालोनी में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के सदस्यता व बलरामपुर जिला इकाई के गठन की रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रांतीय संरक्षक राजकुमार जायसवाल में कहा कि प्रदेश के कई जिलों में जिलाध्यक्षों का कार्यकाल पूरा हो चुका है ऐसे में नए जिलाध्यक्ष का चुनाव व स्कूल के प्रबंधक को संगठन से जोड़कर उन्हें सदस्यता देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक स्कूलों से संगठन पदाधिकारी समूह बनाकर मुलाकात करेंगे व संगठन की सदस्यता दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य निजी विद्यालयों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना है। बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष जेएसपी मिश्रा ने कहा कि संगठन की मजबूती ही प्रबंधकों के हितकर है। ऐसे में अधिक से अधिक सदस्य बनाया जाना जरूरी है। इस अवसर पर कन्हैयालाल वर्मा, रेहान अशरफ, प्रमोद कुमार, अजय श्रीवास्तव, अवधेश कुमार मौजूद रहे हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बने संपर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील

**उतरौला, बलरामपुर।** एक तरफ सूबे की सरकार सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का काफी प्रयास कर रही है तथा सभी संपर्क मार्गों को मेन रोड से जोड़ने के कार्य में जुटी हुई है।मार्ग तो जोड़े गए पर उनमें से तमाम मार्गों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। टूटे हुए मार्गों का कोई पुरसाहाल नही है।उतरौला क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में बने तमाम संपर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं। उन्ही में से एक मनकापुर मार्ग को जोड़ने वाली बनकटवा संपर्क मार्ग जहां अधूरे में सड़क निर्माण छोड़ दिया गया है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।यही हाल हासिमपारा से महुवाधनी को जाने वाली तथा मनकापुर मार्ग से जाफराबाद होते हुए हुसेनाबाद की सड़को व डुमरियागंज रोड से बौड़िहार को जाने वाली सड़क की है। सड़क जगह जगह टूटकर गड्ढों में तब्दील हो गई है। इन रास्तों से होकर गुजरने वाले दो पहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### शिक्षक के अंदर अच्छी शिक्षण कौशल होना जरूरी : जेपी पांडेय



एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय व अन्य।

**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज में शिक्षाशास्त्र विभाग की ओर से गुरुवार को छात्रों हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी 60 दिवसीय शिक्षण कौशल प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान छात्रों को इसकी उपयोगिता व महत्ता पर विधिवत प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय ने किया। उन्होंने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा संचालित शिक्षण कौशल सर्टिफिकेट कोर्स बहुत ही महत्वपूर्ण व उपयोगी साबित होगा। एक अच्छे अध्यापक के अंदर अच्छी शिक्षण कौशल होना आवश्यक है। विभागाध्यक्ष व पाठ्यक्रम संयोजक डॉ दिनेश कुमार मौर्य ने सभी का स्वागत करते हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। असिस्टेंट प्रो शिक्षाशास्त्र व पाठ्यक्रम समन्वयक लेफ्टिनेंटडॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सर्टिफिकेट कोर्स के उद्देश्य को व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षण कौशल एक महत्वपूर्ण कौशल है जो हमें ज्ञान और अनुभव को आगे बढ़ाने की क्षमता प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन विभागीय शिक्षक सीमा श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर विभागीय शिक्षक श्रीनारायण सिंह व आनंद त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### 2024 में तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार : सर्वेश त्रिपाठी



महुली में आयोजित युवा चौपाल में मौजूद भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता।

**संतकबीरनगर।** भाजपा युवा मोर्चा ने शुक्रवार को महुली मंडल में युवा चौपाल लगाया। चौपाल के मुख्य अतिथि युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सर्वेश त्रिपाठी रहे। युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मंडल संदीप उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित युवा चौपाल में बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सर्वेश त्रिपाठी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में युवा तीसरी बार केन्द्र में नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बनाएंगे। कारण कि केन्द्र और प्रदेश सरकार युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों के प्रति समर्पित है। अपने सम्बोधन में में मण्डल अध्यक्ष संदीप उपाध्याय ने कहा कि युवाओं का भविष्य सिर्फ मोदी सरकार में ही सुरक्षित है। चौपाल का मुख्य उद्देश्य है कि अधिक से अधिक युवा साथी भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जा रही सरकार की सभी योजनाओं से लाभान्वित हों और अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करवाएं। बैठक में मुख्य रूप से जिला महामंत्री सौरभ पाण्डेय, पवन ओझा, संगम पान्डेय, सौरभ पाण्डेय, इन्द्रमणि पान्डेय, जुगानू पान्डेय, हिमांशु दुबे, शिवम् वर्मा, अंकुर पान्डेय, विपिन पान्डेय, विपुल बाबा, दीनदयाल राजभर, अंकुश राजभर समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चेयरमैन ने स्वकर निर्धारण कैंप किया शुरू

**मगहर, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 7 तिवारी टोला व वार्ड नम्बर 9 आजाद नगर में शुक्रवार को स्वकर निर्धारण गृहकर संशोधन कैम्प का चेयरमैन अनवरी बेगम द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान जिन्होंने अपने गृहकर का निर्धारण कराया उन्हें नगर पंचायत की तरफ से स्वछता अभियान के तहत झोला भी दिया गया।



स्वकर निर्धारण करने वाली महिला को उपहार स्वरूप थैला प्रदान करतीं चेयरमैन।

इस मौके पर चेयरमैन अनवरी बेगम ने कहा कि स्वकर निर्धारण अभियान के तहत नगर के विभिन्न वार्डों में कैम्प का आयोजन किया जारहा है। जिसका मकसद नगर के लोगों द्वारा अपने गृहकर में संशोधन कराकर नगर की तरक्की के लिये सहभागी बनेंगे।साथ ही नगर को स्वच्छ व सुंदर रखने के लिये नगर वासियों से कहा कि कूड़े को कूड़े दान में ही डालें, नगर को स्वच्छ रखें, बाजार जाते समय अपने साथ प्लास्टिक का प्रयोग न करके कपड़े के झोले का इस्तेमाल करें।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वकर निर्धारण में भाग लेने वाले गृह स्वामियों को नगर पंचायत की तरफ से एक मनभावन मगहर कपड़े का थैला भी दिया जारहा है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिये इसी थैले का इस्तेमाल करें। उन्होंने नगर वासियों से लग रहे इस कैम्प का लाभ उठाने की अपील की है। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि नूरुज्जमा अंसारी, अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह, सभासद अवधेश सिंह, सभासद मेंहदी हसन, पूर्व सभासद भोलू पासवान, लिपिक संजय दूबे, विशाल बर्मा, विशाल सिंह, आलोक कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**मगहर, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत नगर की एक छात्रा के साथ कुछ लोगों के द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस तीन लड़कों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

मगहर कस्बे की निवासी कक्षा आठ में पढ़ने वाली एक छात्रा के भाई ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है। जिसमें लिखा है कि उसकी बहन जिसकी उम्र 14 वर्ष है और वह कक्षा आठ में एक मदरसे में पढ़ती है। कस्बे का एक लड़का और उसके दो साथी बीते 27 फरवरी को उसे जबरन चार पहिया वाहन में बैठा कर सहजनवा के एक होटल के कमरे में ले गये। जहां उसकी बहन के साथ दुष्कर्म किया गया। उसने बताया कि उसकी बहन के विरोध करने पर उसका वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने और बरबाद करने की धमकी देते हुए जुबान बन्द रखने को कहते हुए उसे कस्बे के एक चौराहे पर अकेले छोड़ दिया। पीड़िता घर पहुंचकर अकेले कमरे में रो रही थी। उसके बाद परिवार के लोगों ने उससे रोने का कारण पूछा तो उसने आपबीती बताई। पीड़िता के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# युवाओं को तकनीकी ज्ञान से लैस करेगा स्मार्टफोन



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराते प्रबंधक डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी।

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** आज के इस मशीनरी युग में टेक्नालॉजी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो चुकी है। स्मार्ट फोन के जरिए युवाओं की यह पीढ़ी तकनीकी शिक्षा से लैस होकर समाज और देश के नवनिर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन करेगी।

उक्त बातें सूर्या समूह के चेयरमैन डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने शुक्रवार को पंडित सूर्य नारायण चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय खलीलाबाद में आयोजित स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद कही। डा. चतुर्वेदी ने कहा कि बदलते परिवेश में युवाओं के लिए पाठ्यक्रम शिक्षा के साथ ही तकनीकी शिक्षा भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा में भी दक्षता हासिल करें। इससे पहले डा. चतुर्वेदी ने मां सरस्वती और संस्थान के संस्थापक स्व. पंडित सूर्य नारायण चतुर्वेदी की प्रतिमा के सामने द्वीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम शुरू किया।

# बिना पैसे दिए जमीन का बैनामा कराने व हत्या का आरोप

**मृतक के परिजनों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन**

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डीघा निवासी बालकिशुन राजभर पुत्र सत्ते की करोड़ों रूपये की जमीन साजिश रच कर बिना रूपये दिये रजिस्ट्री करा लेने और अज्ञात लोगों द्वारा बिल किशुन की हत्या कर शव को रेलवे लाइन पर रखकर हत्यारों द्वारा आत्म हत्या दर्शाने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने डीएम कार्यालय पर जबरदस्त प्रदर्शन किया। मृतक बालकिशुन राजभर की पत्नी सरोजा देवी और उनके बच्चों को न्याय दिलाने के लिए पीड़िता सरोजा देवी और उनके बच्चों सहित डीघा के सैंकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने शुक्रवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शैलेश कुमार राजभर के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सोनी होटल से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने बिना पैसा दिये बेशकीमती जमीन का बैनामा कराने वाले और बाल किशुन की हत्या कर शव को रेलवे लाइन पर रखकर आत्महत्या साबित करने की साज़िश रचने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश दूबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश सिंह और कोतवाली खलीलाबाद के प्रभारी बृजेन्द्र पटेल ने मामले में उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मुरली मनोहर चौरसिया, जिलाध्यक्ष राजकुमार चौरसिया आदि मौजूद रहे।

### मंडलायुक्त ने खतौनी में किसानों के नाम दुरुस्त कराने का दिया निर्देश

**संतकबीरनगर।** मण्डलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह ने बीते 27 फरवरी को तहसील धनघटा के निरीक्षण किया था। इस दौरान खतौनियों में छोटी-छोटी त्रुटियों को ठीक कराने के लिए सम्बंधित काश्तकारों को बार-बार दौडाने और तहसील कर्मियों द्वारा अनावश्यक रूप से उनका आर्थिक शोषण किये जाने सम्बंधी शिकायतें मिली थीं। जिसके सापेक्ष अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश ने जनपद के सभी तीनों उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि पूर्व की खतौनी के आधार पर वर्तमान खतौनियों में बिना किसी आदेश के काश्तकार का नाम गलत अंकित होना या अभिलेख में गलत इन्ट्री होना संबंधित तहसील कर्मचारी व अधिकारी की त्रुटि है और इसे दुरूस्त करना तहसील प्रशासन की जिम्मेदारी है।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज, गोण्डा

पत्रांक 1562/ क्षे0प0 / निविदा/2023–24 दिनांक– 01/03/2024

## अल्पकालीन निविदा विज्ञापन

क्षेत्र पंचायत नवाबगंज में पंचम राजवित्त एवं पंद्रहवां केन्द्रीय वित आयोग द्वारा कार्य की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदाताओं से नीचे दर्शाये गये निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु निविदा दिनांक 02.03.2024 से 09.03.2024 तक कार्यालय अवधि में विकास खण्ड मुख्यालय पर कैशियर को नगद मूल्य देकर 03 बजे अपरान्ह तक प्राप्त कर सकते है। निविदाये दिनांक 09.03.2024 को अपरान्ह 3: 30 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जाएगी। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 04 बजे उपस्थित निविदादाताओं व गठित निविदा समिति के सदस्यों द्वारा खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | परियोजना का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की धनराशि रू0 में | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0पं0 नकहरा में श्याम नरायन लंबरदार के घर से जगतपाल के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य | 9.96 | 19920 | 500 |
| 2 | ग्रा0पं0 सेमराशेखपुर में बिहारीपुर नागा बाबा स्थान से शिवनाथ के घर तक इण्टरलाकिंग | 9.86 | 19720 | 500 |
| 3 | ग्रा0पं0 चौखडिया में बाबा मेठिया उमाशंकर के घर से विजय पाल गोसाई के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 9.86 | 19720 | 500 |
| 4 | ग्रा0पं0 जैतपुर में लोहा के खेत से राजबहादुर के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य | 9.61 | 19220 | 500 |
| 5 | ग्रा0पं0 खडौवा में एक अदद हाई मास्ट स्थापना कार्य | 9.96 | 19920 | 500 |
| 6 | ग्रा0प0 तुलसीपुरमाझा के लालापुरवा में राजेश श्रीवास्तव के खेत के पास आर0सी0सी0 पुलिया | 9.86 | 19720 | 500 |
| 7 | ग्रा0पं0खरगूपुर में गोबरे के घर से मंदिर के पास नाले तक पक्का नाला निर्माण कार्य | 9.80 | 19600 | 500 |
| 8 | ग्रा0प0खरगूपुर में मंदिर के पास से परदेसी के खेत के पास पक्का नाला निर्माण कार्य | 9.86 | 19720 | 500 |
|  | ग्रा0प0खरगूपुर में परदेसी के खेत के पास चकरोड से कुडवा तालाब तक पक्का नाला निर्माण कार्य | 9.70 | 19400 | 500 |

**शर्ते :–**

1– सशर्त एवं कटिंग या ओवर राइटिंग वाली निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रत्येक कार्य के लिए आपूर्तिकर्ता को अलग–अलग निविदा देनी होगी।

2– निविदा में दी गई आपूर्ति दरों की वैधता निविदा खुलने की तिथि से कार्य समाप्ति तक होगी।

3– शपथ निर्धारित मूल्य के स्टैम्प पेपर पर अंकित करना अनिवार्य है। जो निविदा / समिति / खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज के समक्ष होगी। टी0ए0सी0 अथवा अधिकारी द्वारा जांच में ईट / निर्माण सामग्री में किसी भी कमी के पाये जाने पर आपूर्तिकर्ता उत्तरदायी होगा और उसे वसूली की निर्धारित धनराशि जमा करनी होगी।

4–निविदादाता को निविदा में अपना स्थायी एवं वर्तमान पता दूरभाष नं0 सहित पठनीय अक्षरों में अंकित करना होगा।

5– आपूर्ति पी0डब्लू0डी0 के मानको एवं गुणवत्ता के अनुरूप होना चाहिए अन्यथा भुगतान में आवश्यक कटौती अथवा भुगतान रोकने की कार्यवाही की जाएगी।

6–दर समस्त कर सहित (ब्रिकी कर आदि) निविदा में दी जाए। निविदादाता फर्म को व्यापार कर विभाग में पंजीकृत होना चाहिए।

7– समस्त करों की कटौतियां निविदादाता से श्रोत पर भुगतान के समय कर ली जाएगी।

8–निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत / धरोहर की राशि का बैंक एफ0डी0आर0 संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**अरुंधती सिंह**
**प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत नवाबगंज, गोण्डा**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**क्षेत्र पंचायत नवाबगंज, गोण्डा**


**श्रद्धा**

**देवीपाटन पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नाथ महराज ने फीता काटकर किया शुरू**

# श्रीराम जानकी प्रतिष्ठा दिवस पर लगा स्वास्थ्य शिविर

**बलरामपुर, अमृत विचार।** हनुमानगढ़ी मंदिर वीर विनय चौराहे पर 22 फरवरी से श्रीमद्भागवत कथा वृन्दावन कथा वाचक रोहित शास्त्री के मधुर वाणी से प्रत्येक सायं का आयोजन के साथ 29 फरवरी को संत सम्मेलन आयोजित किया गया। मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी, हनुमानगढ़ी मंदिर के महंत कमलनयन शास्त्री के नेतृत्व में व महेन्द्र दास के संयोजन में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।



स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते देवीपाटन महंत मिथिलेश नाथ योगी, साथ में सदर विधायक पल्टूराम व अन्य।

इस अवसर पर प्रातः से हनुमानगढ़ी परिसर में निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने परीक्षण कराकर दवा ली। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता, प्रयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, सदर विधायक पल्टूराम, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डु, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, विवेक कुमार सिंह गुड्डू, जिला महामंत्री विष्णुदेव गुप्ता, अशोक पान्डेय, डा देवेश श्रीवास्तव, संजय शर्मा, बृजेन्द्र तिवारी, गोमती त्रिपाठी सहित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## एक नजर

### मायावती के भतीजे आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के पहले बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। राजनीतिक गलियारों में इसे केंद्र सरकार का 'तोहफा' बताया जा रहा है।केंद्र सरकार ने धमकियों और खतरे को लेकर आकाश आनंद को यह सुरक्षा दी है। बताया गया है कि मायावती के उत्तराधिकारी घोषित होने के बाद से ही उन पर खतरा बढ़ गया था। हाल ही में राज्यसभा चुनाव में बसपा के एक मात्र विधायक उमा शंकर सिंह भाजपा के साथ खड़े नजर आये थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था। इस पर कांग्रेस ने बसपा को भाजपा की 'बी' टीम बताया था। सपा और इंडिया गठबंधन के नेता मायावती को पहले ही भाजपा व केंद्र सरकार की सहयोगी बताते रहे हैं। तमाम प्रयासों के बाद भी बसपा इंडिया गठबंधन मे शामिल न होकर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। ऐसे में आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा देने पर विपक्ष के आरोपों को बल मिला है।

### पूर्व राज्यपाल के निधन पर जताया शोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा को शांति व शोकाकुल परिजनों को आघात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। अजीज कुरैशी उत्तर प्रदेश के अलावा उत्तराखंड व मिजोरम के भी राज्यपाल रहे।

### डॉ. कन्हैया के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**अमृत विचार, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साहित्यकार डॉ. कन्हैया सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष व अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक रहे डॉ. कन्हैया सिंह के बेटे चित्रसेन सिंह को मुख्यमंत्री ने पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिता का निधन किसी भी पुत्र के लिए अत्यन्त दुखदायी होता है।

# जिलों में तीन साल से तैनात अधिकारियों को हटाया गया

## शासन की ओर से मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपी गई रिपोर्ट



कॉफी टेबल बुक का विमोचन करते मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल व अन्य।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** शासन व पुलिस विभाग ने तीन साल से एक जिले में जमे अफसरों को हटा दिया है। शासन की ओर से मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को को इस सिलसिले में रिपोर्ट सौंपी गई है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की ओर से अफसरों के तबादले को लेकर रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दी गई है।

आयोग ने पिछले दिनों प्रदेश समेत देश के सभी राज्यों को निर्देश जारी कर एक ही जिले में तीन से अधिक समय से जमे अफसरों को हटाने व गृह जिले में अफसरों को संबंधित संसदीय क्षेत्र से हटाने के निर्देश दिये थे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शासन की ओर से अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और अयोध्या के नगर आयुक्त विशाल सिंह, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और बृज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ नागेंद्र सिंह, यमुना अथॉरिटी के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया और भूमि अध्याप्ति अधिकारी बलराम सिंह के लिए तबादला नीति में शिथिलता देने का आग्रह किया था। आयोग ने आग्रह को अस्वीकार करते हुए चारों का तबादला करने के आदेश दिये थे। इस पर शासन ने तबादले कर दिए हैं।

### निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियां हों पूरी: मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश भ्रमण के दूसरे दिन शुक्रवार को मंडल व जिला स्तर के निर्वाचन अफसरों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। विधानभवन के तिलक हाल में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने अफसरों से कहा कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी की जायं। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदाता जागरूकता के लिए 'कॉफी टेबल बुक' का विमोचन किया। आयोग दो मार्च को मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक के साथ बैठक करेगा। सूत्रों ने बताया कि आयोग ने सभी अधिकारियों से प्रदेश में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिये। आयोग ने कहा कि चुनाव की घोषणा से पहले तैयारियां पूरी कर ली जायं। ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाय। बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के अलावा निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नितेश व्यास, उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू, उप निर्वाचन आयुक्त हिृदेश कुमार, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा आदि अधिकारी शामिल हुए।

### कॉफी टेबल बुक में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की झलकियां

कॉफी टेबल बुक में आयोग के कार्यक्रमों, सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन व इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन प्रोग्राम (स्वीप) की झलकियों को प्रदर्शित किया गया है। स्वीप के जरिये युवाओं व नये मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से धरातल पर संचालित की गईं गतिविधियों को भी फोटोग्राफ के माध्यम से दिखाया गया है। पोस्टर प्रतियोगिताओं, मेहंदी सेशन व नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम भी दर्शाए गए हैं।

### ईडी ने सपा नेता विनय तिवारी से की पूछताछ

**अमृत विचार, लखनऊः** गंगोत्री इंटरप्राइजेज द्वारा 750 करोड़ों के बैंक लोन में धोखाधड़ी को लेकर ईडी ने सपा नेता विनय तिवारी से शुक्रवार को पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक ईडी के अधिकारियों ने विनय तिवारी से करीब आठ घंटे तक पूछताछ करने के बाद अगले सप्ताह कुछ दस्तावेजों के साथ दोबारा बुलाया है।

ईडी ने बीते दिनों लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा, गुजरात के अहमदाबाद और हरियाणा के गुरुग्राम स्थित विनय तिवारी और अन्य आरोपियों से जुड़े 10 परिसरों पर छापेमारी कर जांच-पड़ताल की थी। उस दौरान ढेर सारे दस्तावेज जब्त किया था। उसी क्रम में उन्हें नोटिस देकर राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय में तलब किया गया था।

# पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने वाला पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, जो कि पूरे देश में सबसे ज्यादा ही नहीं, एक कीर्तिमान भी है। इनमें 2.80 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड पिछले एक साल में बनाए गए हैं। कार्ड की संख्या बढ़ने के साथ ही योजनातंर्गत रोजाना इलाज प्राप्त करने वाले मरीजों की संख्या आठ हजार पहुंच गई है। जबकि पूर्व में मात्र दो हजार मरीज ही रोजाना आते थे।

आयुष्मान भवः अभियान अंतर्गत प्रदेश में सितंबर 2023 से अब तक पांच सालों में 3.06 करोड़ में मात्र आठ माह के में 1.94 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज़) की संगीता सिंह ने बताया कि पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बनने के बाद योजनातंर्गत मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसके लिए प्रदेश में पांच हजार से भी अधिक निजी एवं सरकारी अस्पताल सूचीबद्ध हैं। इन अस्पतालों में सामान्य बीमारियों से लेकर कैंसर, हृदय रोग, अंग प्रत्यारोपण जैसी गंभीर बीमारियों का भी इलाज मरीजों को उपलब्ध है।

### एक नजर में आयुष्मान योजना

- आयुष्मान योजना में लाभार्थी परिवारों की संख्या : 1,80,47,024
- प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित परिवार :1,31,23,662
- मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान एवं अंत्योदय अन्न योजना : 49,23,362
- पीएम जन आरोग्य योजना में कुल अस्पतालों की संख्या : 5,351
- सरकारी अस्पतालों की संख्या : 2,795
- कुल उपचारित लाभार्थी की संख्या : 34,81,252
- बनाये गए कुल आयुष्मान कार्डों की संख्या 5,00,17,920

# सीबीआई-ईडी भाजपा के गोरखधंधों की जांच नहीं कर रही

▸▸ सपा प्रमुख ने युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, छात्रसभा और यूथ ब्रिगेड को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा को समाज के लिए खतरा बताते हुए आरोप लगाया है कि इस सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। अखिलेश ने सवाल भी उठाया कि सीबीआई, ईडी, भाजपा के गोरखधंधो की जांच क्यों नहीं कर रही है? भाजपा सिर्फ समाजवादी नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे करती है। लेकिन समाजवादी भाजपा के जुल्म से डरने वाले नहीं है।

अखिलेश यादव शुक्रवार को सपा के प्रदेश कार्यालय के डॉ. लोहिया सभागार में समाजवादी युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, समाजवादी छात्रसभा और यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे।

इस मौके पर राजेन्द्र चौधरी, नरेश उत्तम पटेल, जयशंकर पाण्डेय, अरविन्द कुमार सिंह, डॉ. लक्ष्मण यादव, श्याम लाल पाल, राजीव निगम आदि मौजूद रहे।


सपा प्रदेश कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को माला पहनाते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### भाजपा को सभी सीटों पर हराने का लिया संकल्प

युवा संगठनों की बैठक में संकल्प लिया गया कि लोकसभा 2024 के चुनाव में सपा अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा को 80 सीटों पर हराकर पीडीए को सभी 80 सीटों पर विजयी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सपा प्रमुख के मुताबिक, संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है।

### जिसको आगे बढ़ाते हैं, वही आंख दिखाने लगता है

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहयोगी दलों और कुछ विधायकों पर भरोसा कर धोखा खाने पर नाराज दिख रहे हैं। अखिलेश यादव यह भी कहते दिखे कि जिसको आगे बढ़ाते हैं, वही आंख दिखाने लगता है। इस प्रतिक्रिया से अखिलेश यादव ने पुराने सहयोगियों रालोद के जयंत चौधरी, विधायक पल्लवी पटेल से लेकर सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर तक पर निशाना साधा है। उनके निशाने पर क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायक रहे। फिलहाल, वह अब लोकसभा चुनाव में अपने दम पर आगे बढ़ने की तैयारी करते दिख रहे हैं। हालांकि साथियों को जोड़ने की बात पर उनका आक्रोश भी सामने आ जाता है।

# यूपी बोर्ड: पेपर लीक मामले में केंद्र व्यवस्थापक समेत दो गिरफ्तार

संवाददाता, आगरा/ लखनऊ

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षा के पेपर लीक करने में शामिल केंद्र व्यवस्थापक और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। केंद्र व्यवस्थापक कॉलेज संचालक है। उसके बेटे विनय चौधरी ने जीव विज्ञान और गणित का पेपर लीक किया था। गुरुवार रात दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

गुरुवार को उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की परीक्षाओं में सेंध लग गई। दोपहर की पाली में परीक्षा शुरू होते ही गणित और जीव विज्ञान के पेपर व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल हो गए। शिक्षा विभाग को इसकी जानकारी 3.10 बजे हो सकी। इसके बाद ग्रुप से पेपर डिलीट करवा दिए गए। जिला परीक्षा पर्यवेक्षक मुकेश अग्रवाल के आदेश पर डीआईओएस ने अतर सिंह इंटर कालेज के रौझोली अछनेरा थाना फतेहपुरसीकरी के केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गंभीर सिंह, स्टेटिक मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह और पेपर लीक करने वाला कंप्यूटर ऑपरेटर विनय चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

**प्रबंधक बन बैठा था केंद्र व्यवस्थापकः** पेपर लीक मामले में शासन स्तर तक हडकंप मच गया है। यूपी बोर्ड परीक्षाओं की सुचिता को लेकर तमाम दावे किए गए, लेकिन कालेज प्रबंधक के बेटे ने सुरक्षा के किले को भेद दिया। जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति ने पेपर लीक किए थे। वह अतर सिंह इंटर कालेज के प्रबंधक राजेंद्र सिंह का बेटा है। परीक्षाओं के दौरान प्रबंधक राजेंद्र सिंह केंद्र व्यवस्थापक बन गए और उन्होंने अपने बेटे को कंप्यूटर ऑपरेटर बना लिया था।

**मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारीः** डीसीपी वेस्ट सोनम कुमार ने बताया कि डीआईओएस की तहरीर पर थाना फतेहपुर सीकरी में केस दर्ज किया था। गुरुवार रात तक दो आरोपी केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पेपर लीक करने वाला मुख्य आरोपी विनय चौधरी और अन्य के गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### आज से परीक्षा के दौरान केन्द्रों पर मोबाइल बैन

**अमृत विचार :** माध्यामिक शिक्षा परिषद की ओर से सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को यह निर्देशित किया गया है कि परीक्षा केन्द्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं किया जाएगा। यदि परीक्षा केन्द्र पर किसी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन या अन्य संचार उपकरण का प्रयोग किया जाता है तो ऐसी स्थिति में स्टेटिक मजिस्ट्रेट का उत्तरदायित्व होगा कि वह सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

> पेपर वायरल करने और लापरवाही बरतने की जानकारी मिलने के बाद आगरा के अतर सिंह इंटर कॉलेज की मान्यता को रद्द करने का निर्णय बोर्ड ने ले लिया है। कार्रवाई भी शुरू हो चुकी है। आगे भी किसी किसी संस्थान की ओर से ऐसा होता है तो तत्काल एफआईआर कराई जायेगी और उसकी मान्यता रद्द की जायेगी।
> **-दिब्यकांत शुक्ला,** सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद

# सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली कराने का आरोपी गिरफ्तार

▸▸ केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की 2024 की परीक्षा से संबंधित दस्तावेज भी बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंधमारी कर पेपर आउट कराने वाले गिरोह का एक सदस्य एसटीएफ के हत्थे चढ़ा। वह कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली द्वारा संचालित केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की ऑनलाइन परीक्षा में धांधली मामले में भी शामिल रहा है। पकड़ा गया शख्स प्रवीण उर्फ मिन्टू बालियान ग्राम कुटबा थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर निवासी है। उसके पास से हाथ से लिखा पुलिस भर्ती से सम्बन्धित प्रश्न-पत्र, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की 2024 की परीक्षा से संबंधित 9 एडमिट कार्ड आदि बरामद किया गया है।

एसटीएफ के मुताबिक प्रवीन उर्फ मिन्टू बालियान ने पूछताछ पर बताया कि 2008-09 में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान उसकी मुलाकात पैसा लेकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने वाले का गैंग से हुआ। उसके बाद वह इस धंधे में दाखिल हो गया। एसटीएफ के मुताबिक 17 फरवरी 2024 को थाना क्षेत्र ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद के परीक्षा केंद्र से अभियुक्त गुरुवचन एवं राजकुमार को गिरफ्तार किया गया था, जिनके फोन से उप्र पुलिस आरक्षी की परीक्षा का 18 फरवरी 2024 की द्वितीय पाली का प्रश्न-पत्र बरामद हुआ था।

जांच में पता चला कि यह प्रश्न-पत्र कपिल तोमर द्वारा गुरुवचन आदि को उपलब्ध कराया गया था। कपिल तोमर की गिरफ्तारी के बाद पता कि कपिल तोमर को उक्त कथित प्रश्न पत्र अभियुक्त प्रवीण उर्फ मिन्टू एंव विपिन द्वारा उपलब्ध कराया गया था। परीक्षार्थियों को परीक्षा पत्र उपलब्ध कराने की एवज में प्रत्येक अभ्यर्थी से 5 लाख लेना तय हुआ था, परन्तु परीक्षा निरस्त हो जाने के कारण उन्हें पैसा नही मिला।

एसटीएफ के मुताबिक वर्तमान में कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल में आरक्षी जीडी की ऑनलाइन परीक्षा देशभर में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर संचालित की जा रही है। इस परीक्षा में प्रवीन एवं विपिन आदि धांधली कराने में संलिप्त रहे हैं।

# अपहरण के मामले में दोषी को चार साल की कैद

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अमेठी जिले के जायस थाना क्षेत्र से जुड़े अपहरण के एक मामले में कोर्ट ने दोषसिद्ध होने पर आरोपी को चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित एफटीसी संख्या तीन के अपर सत्र न्यायाधीश विमल त्रिपाठी ने सुनाया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले एडीजीसी (क्रिमिनल) अवधेश पांडेय के मुताबिक मामले की रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने थाना जायस में 19 नवंबर 2009 को दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार वादी की बेटी घर पर अकेली थी। इसी दौरान पीड़िता को मुस्ताक अहमद बहला फुसलाकर साथ ले गया। पुलिस ने विवेचना के बाद मुस्ताक अहमद, समीउल्ला, मुस्तकीम, छिटई, मुन्ने, गफ्फार, मोहनलाल, राजबहादुर व नूरअली के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। ट्रायल के दौरान नूरअली की मृत्यु हो गई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर मुस्ताक को कैद और अर्थदंड की सजा सुनाई।

# शहर ही नहीं, गांव भी होने चाहिए स्मार्ट : गडकरी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी अपने एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को रायबरेली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री ने जिले को करीब 41 सौ करोड़ की आठ बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मोदी सरकार से पहले 2014 में राष्ट्रीय राजमार्ग की लम्बाई 7643 किमी थी, लेकिन अब यह लम्बाई 13 हजार किलोमीटर की हो गई है।

गडकरी ने कहा कि देश का पहला एक्सप्रेस-वे उन्होने मुंबई और पूना के मध्य बनवाया था। इस बात की जानकारी जब देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी को हुई तो उन्होंने कहा कि शहरों में तो अच्छे रोड है, लेकिन हिंदुस्तान की आबादी गांवों में रहती है और गांव के लोगों के लिए अच्छी सड़कें तक नहीं है। इस काम के लिए मुझे जिम्मेदारी मिली थी और मैंने मंथन कर छह माह के अंदर अपनी रिपोर्ट दी थी। 15 दिनों के भीतर देश के तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने प्रस्ताव पास किया था, जिसके बाद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत हुई थी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केवल स्मार्ट शहर ही नहीं, स्मार्ट विलेज भी होने चाहिए। गांव समृद्ध होंगे तो युवा बाहर पलायन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे देश का किसान अब ऊर्जा पैदा करेगा। गडकरी बोले- आने वाले दिनों में इंडियन आयल देश में 400 एथेनाल पम्प शुरू करेगा। देश का किसान अब अन्नदाता नहीं, ऊर्जादाता बन गया है। इससे पहले राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले को मिली सौगात से चमक बढ़ेगी। बोले- जनता ने जो भी मांग की उसे हर संभव हमने पूरा किया। इसके अलावा नितिन गडकरी ने जौनपुर जिले में बीआरपी इंटर कॉलेज में आयोजित एक समारोह में भी 19 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।


बटन दबाकर परियोजनाओं की सौगात देते सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी।

### बछरावां में 158 करोड़ की लागत से बनेगा बाईपास

अमृत विचार। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को रायबरेली में करीब 41 सौ करोड़ की आठ बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की आबादी गांवों में रहती है और गांव के लोगों के लिए अच्छी सड़कें तक नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केवल स्मार्ट शहर ही नहीं, स्मार्ट गांव भी होने चाहिए। गांव समृद्ध होंगे तो युवा बाहर पलायन नहीं करेंगे। इससे पहले राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आयोजित जनसभा को संबोधित किया। नितिन गडकरी ने कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश सिंह ने जिले के विकास को लेकर कुछ मांगें की थीं। जिसके बाद केंद्रीय मंत्री ने मंच से उन कामों की स्वीकृति दे दी। उन्होंने रायबरेली से लखनऊ के मध्य बछरावां में 158 करोड़ की लागत से छह किलोमीटर लम्बा बाईपास, रायबरेली से लालगंज तक तीस किलोमीटर फोरलेन सड़क को छह माह में बनाने की घोषणा की। इतना ही नहीं, उन्होंने रायबरेली से लखनऊ के बीच मोहनलालगंज में करोड़ों रुपये की सौगात देते हुए बाईपास बनाने की घोषणा की। साथ ही सुल्तानपुर से लखनऊ के बीच 134 करोड़ की बनी फोरलेन सड़क में तीन बाईपास बनाने की घोषणा की।

### जौनपुर में भी किया 19 परियोजनाओं का शिलान्यास

**जौनपुर/मिर्जापुर।** नितिन गडकरी ने जौनपुर जिले में बीआरपी इंटर कॉलेज में आयोजित एक समारोह में 10 हजार करोड़ रुपये की लागत की 19 परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए जोर देकर कहा कि स्मार्ट शहर की तर्ज पर स्मार्ट गांव भी बनाये जाने चाहिए। गडकरी ने कहा कि किसान कर्ज मुक्त होना चाहिए और उनको फसलों का उचित मूल्य मिलना चाहिए। मिर्जापुर में गडकरी ने 1708 .62 करोड़ की लागत से 15 किलोमीटर लंबे बाईपास एवं गंगा नदी सेतु और पहुंच मार्ग का शिलान्यास किया। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने यहां एक पॉलिटेक्निक कॉलेज में एक जनसभा को भी संबोधित करते हुए अपने विभाग द्वारा किए गए कार्यों का जिक्र किया और कहा कि 'कनेक्टिविटी' विकास का आधार है और किसी भी देश के विकास में इसका बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री समेत तीन की मौत

बनीकोडर, बाराबंकी

**अमृत विचार।** कोतवाली रामसनेहीघाट के अंतर्गत ब्लॉक बनीकोडर के सामने एक ट्रक ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर पीछे बैठी दो छात्राओं की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक की अस्पताल में मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

पुलिस के अनुसार सुमेरगंज निवासी पंकज यादव की पुत्री वर्तिका(6) और योगिता (7) पुत्री नीरज आधुनिक इंटर कॉलेज भिटरिया में पढ़ती थी। रोजाना दोनों बच्चियां साथ में स्कूल जाती थी। शुक्रवार सुबह योगिता के पिता नीरज अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर स्कूल छोड़ने जा रहे थे। तभी ब्लॉक के सामने पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें पीछे बैठी दोनों बच्चियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

वहीं बाइक चला रहे नीरज भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज मिल पाता है इसके पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लिया। बच्चों की मौत से पूरे गांव में सन्नाटा फैला हुआ है। उधर, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप ने भी मौके पर पहुंच कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# मनोज के आने से सजातीय वोटों का भाजपा को मिलेगा लाभ

▸▸ ऊंचाहार विधायक के राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग के बाद गली और नुक्कड़ों में चर्चाओं का बाजार गर्म

अशोक श्रीवास्तव, सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** कांग्रेस का गढ़ कहे या फिर रायबरेली का गांधी परिवार से गहरा नाता, जो कुछ भी हो चुनाव आते यहां की आबोहवा बदलने लगती है। गढ़ में सेंध लगाने के लिए हर बार जोर आजमाइश होती है, लेकिन सफलता की बात करें तो अब तक सिर्फ एक बार ही मिल सकी है। उसके बाद गांधी परिवार के साथ जिले की जनता हमेशा खड़ी रही। लेकिन इस बार का माहौल बदला-बदला नजर आ रहा है। अमेठी के बाद भाजपा रायबरेली में हर हाल में कमल खिलाना चाह रही है।

यही वजह है कि राज्यसभा चुनाव में सपा विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय को अपनी ओर लाने में भाजपा सफल रही। क्रास वोटिंग के बाद माहौल काफी बिगड़ गया है। गली और नुक्कड़ों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय के आने से कहीं ना कहीं सजातीय वोटों का लाभ भाजपा को मिलेगा।

ऊंचाहार के विधायक डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय की ओर से राज्यसभा चुनाव में की गयी क्रासवोटिंग से क्षेत्र के राजनीतिक हलकों में भी सरगर्मी बढ़ा दी है। गांव की चौपालों, चौराहों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। सपाई जहां इसे धोखा बताने से नहीं थकते तो भाजपाई खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। ज्यादातर राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इससे पार्टी ने एक तीर से कई निशाने साधे हैं। ऊंचाहार विधायक के द्वारा इस तरह के फैसले से जहां भाजपा ने राज्यसभा की एक सीट बढ़ा ली है। वहीं उन्हें अगर लोकसभा का उम्मीदवार बनाती है तो जनपद में नाराज सजातीय वोटों को अपने पक्ष में मोड़ने में सफल हो जायेगी।

हालांकि हर कोई अपने-अपने हिसाब से कयास लगाने में मशगूल है। बहरहाल न तो अभी लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई है और न ही पार्टियों ने रायबरेली लोकसभा सीट से उम्मीदवारों की घोषणा की है, लेकिन इस क्रॉस वोटिंग से राजनीतिक सरगर्मी बढ़ चुकी है। लोगों का मानना है कि रंगों के पर्व होली से पहले ऊंचाहार विधायक की ओर से चलाई गयी राजनीतिक पिचकारी के रंगों से लोग सराबोर जरूर हो गये हैं।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,745.35 | 22,338.75 |
| बढ़त | 1,245.05 | 355.95 |
| प्रतिशत में | 1.72 | 1.62 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)**– | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग खड़ा | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राज्मा सफेद | 13000–14000 |
| राज्मा काला | 11500–12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000–12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 रुपये। |

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 5 महीनों के शीर्ष पर

## मासिक सर्वेक्षण के अनुसार फरवरी में कारखाना उत्पादन और बिक्री बढ़कर 56.9 हो गया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कारखाना उत्पादन और बिक्री में तेज बढ़ोतरी के बीच फरवरी में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 5 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें घरेलू और बाहरी मांगों की अहम भूमिका रही। शुक्रवार को जारी मासिक सर्वेक्षण से देश का विनिर्माण परिदृश्य बेहतर होने की तस्वीर सामने आई। यह सितंबर, 2023 के बाद विनिर्माण क्षेत्र की सबसे अच्छी स्थिति की ओर इशारा करता है।

मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) फरवरी में बढ़कर 56.9 हो गया, जबकि जनवरी में यह 56.5 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। इस सर्वेक्षण के मुताबिक, फरवरी महीने में उत्पादन पांच महीनों में सबसे तेज गति से बढ़ा और पिछले सितंबर के बाद से बिक्री में सबसे तेज वृद्धि हुई और निर्यात ऑर्डर में भी 21 महीनों का सबसे मजबूत विस्तार हुआ।

### विदेशों में 2 वर्षों में सबसे तेजी से बढ़े निर्यात ऑर्डर



एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा–मजबूत घरेलू मांग के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोप, इंडोनेशिया, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात से मांग वृद्धि होने से नए निर्यात ऑर्डर लगभग 2 वर्षों में सबसे तेजी से बढ़े। सर्वेक्षण के मुताबिक, विनिर्माण कंपनियों ने अधिक उत्पादन जरूरतों, बिक्री में निरंतर वृद्धि और स्टॉक बनाने के लिए खरीद बढ़ाई। मांग बढ़ने के बीच विनिर्माताओं ने आगे भी तेजी का अनुमान जताया है। लैम ने कहा–मजबूत मांग और लाभ मार्जिन में सुधार से उत्साहित विनिर्माताओं का भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में आशावादी दृष्टिकोण है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने लगभग 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-पीएमआई आंकड़ों से संकेत मिलता है कि घरेलू और बाहरी दोनों मांग से समर्थित उत्पादन वृद्धि मजबूत बनी हुई है। वृद्धि की रफ्तार तेज होने के बावजूद भारत में विनिर्माण क्षेत्र के रोजगार में थोड़ा बदलाव आया है। सर्वेक्षण के मुताबिक, वस्तुओं के उत्पादकों ने बताया कि काम पर रखे गए कर्मचारियों की संख्या वर्तमान जरूरतों के लिए पर्याप्त थी। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर क्रय लागत मुद्रास्फीति 43 महीने के निचले स्तर पर आ गई, जिसकी वजह से बिक्री शुल्क कुछ हद तक बढ़ गया। कच्चे माल की लागत में साढ़े तीन साल में सबसे धीमी वृद्धि देखी गई। इससे विनिर्माण कंपनियों के मार्जिन में सुधार हुआ।

## अडाणी समूह मध्य प्रदेश में 75,000 करोड़ रुपये का करेगा निवेश

**उज्जैन।** अडाणी समूह मध्य प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में करीब 75,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। ये निवेश बिजली संयंत्र, महाकाल एक्सप्रेसवे और सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई लगाने में किए जाएंगे।

यहां क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन में अडाणी समूह के प्रबंध निदेशक (कृषि, तेल और गैस) और अडाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक अडाणी ने शुक्रवार को यह भी कहा कि समूह पहले ही राज्य में लगभग 18,000 करोड़ रुपये का निवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि अडाणी समूह राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश जारी रखेगा। इस समय मध्य प्रदेश में समूह की उपस्थिति सड़क, सीमेंट और प्राकृतिक संसाधनों से लेकर तापीय बिजली, नवीकरणीय ऊर्जा और बिजली पारेषण तक कई क्षेत्रों में फैली हुई है।

## बैंकों में वापस आए 2,000 रुपये के 97.62 प्रतिशत नोट

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि 2,000 रुपये मूल्य के लगभग 97.62 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं और अब सिर्फ 8,470 करोड़ रुपये के नोट ही लोगों के पास मौजूद हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोटों को चलन से हटाने की घोषणा की थी। उसके बाद इन नोटों को बैंकों में जमा कराने या दूसरे मूल्य के नोटों से बदलने को कहा गया था।

आरबीआई ने एक बयान में कहा-19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 2,000 रुपये मूल्य के कुल 3.56 लाख करोड़ रुपये के नोट चलन में मौजूद थे। इस मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद नोटों का मूल्य 29 फरवरी, 2024 को कारोबार समाप्ति पर घटकर 8,470 करोड़ रुपये रह गया है। इस तरह 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद कुल 97.62 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं।

इसके साथ ही आरबीआई ने साफ किया कि 2,000 रुपये के नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने देश भर के अपने 19 कार्यालयों में 2,000 रुपये के नोट को जमा या बदलने की सुविधा जारी रखी है। इसके अलावा लोग किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी कार्यालय में इंडिया पोस्ट के जरिए इन नोटों को भेज सकते हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800–48,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,300 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,200 |
| चांदी तैयार | 72,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,000। |

## जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 8% के दायरे में रहने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● एसबीआई ने अपनी शोध रिपोर्ट में जताई उम्मीद

भारतीय स्टेट बैंक के एक अध्ययन में शुक्रवार को कहा गया कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। भारत ने दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और पिछली दो तिमाहियों के अनुमानों को संशोधित किया।

एसबीआई ने अपनी शोध रिपोर्ट 'इकोरैप' में कहा-तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों ने ज्यादातर बाजारों की सोच को झटका दिया, जबकि कुछ को सुखद आश्चर्य से भर दिया। इसमें कहा गया कि सभी अनुमानों को धता बताते हुए पिछली दो तिमाहियों में आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करने के बाद 2023-24 की तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। अप्रत्यक्ष कर संग्रह में उछाल (सालाना आधार पर 32 प्रतिशत वृद्धि) से जीडीपी और सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि के बीच अंतर बढ़ गया। इकोरैप में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 7.6 प्रतिशत और जीवीए वृद्धि 6.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

## मारुति की थोक बिक्री में 15 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने फरवरी महीने में कुल 1,97,471 इकाइयों की थोक बिक्री की जो सालाना आधार पर 15 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने शुक्रवार को फरवरी के बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि एक साल पहले की समान अवधि में उसने 1,72,321 इकाइयों की बिक्री की थी। आलोच्य अवधि में मारुति की घरेलू यात्री वाहन बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 1,60,271 इकाई हो गयी। इसमें आल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की संख्या सिर्फ 14,782 इकाई रही।

## परियोजनाएं तय समय के भीतर पूरी हों

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● सीतारमण ने किया 7 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शुभारंभ



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की 7 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि परियोजनाओं की योजना बनाई जाए और उन्हें बिना किसी देरी के पूरा किया जाए और संबंधित विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्माण समय पर शुरू हो और परियोजनाएं तय समय-सीमा के भीतर पूरी हों।

उन्होंने कहा कि इस तरह की परियोजनाएं अधिकारियों के आत्मविश्वास को नवीनीकृत करती हैं और उनका मनोबल बढ़ाती हैं, सरकार उनके कल्याण और खुशहाली के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से अमृत काल में राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का आह्वान किया। इस मौके पर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के लिए वित्त मंत्री ने आयकर अधिकारियों के लिए टाइप- दो और तीन के 198 क्वार्टर वाले विभागीय आवासीय परिसर के निर्माण की आधारशिला रखी जो फरीदाबाद के सेक्टर-28 में स्थित है। इसके साथ ही उन्होंने आयकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पर्याप्त आवासीय घर उपलब्ध कराने के वास्ते गुरूग्राम के सेक्टर-53 में आवासीय परिसर की आधारशिला भी रखी, जिसमें टाइप- दो से चार के 214 क्वार्टर शामिल हैं।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### एमवीए ने राज्य में सीटों की साझेदारी को अंतिम रूप दिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने राज्य में लोकसभा सीटों के वितरण संबंधी समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। रिपोर्टों के मुताबिक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) 20 तथा कांग्रेस 18 सीटों पर चुनाव लड़ेगी तथा शेष 10 सीटों पर श्री शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अपने उम्मीदवार उतारेगी। एमवीए के सूत्रों ने बताया कि राजू शेट्टी के नेतृत्व वाले स्वाभिमानी शेतकारी संगठन जैसे छोटे दलों को अपने संबंधित गठबंधन सहयोगियों से सीटें मिलेंगी।

### उग्रवादी संगठन के तीन सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल वेस्ट जिले से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन केसीपी-एन के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि उनके पास से पांच मोबाइल फोन और चार लाख रुपये भी जब्त किए गए हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इसका संदेह है कि उनके पास से जो हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं वे सुरक्षा बलों से लूटे गए थे। पुलिस ने इनकी पहचान एल एलिन, हेरिश माइबम और बेला ओइनम के रूप में की है।

# देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा: प्रधानमंत्री

## झारखंड की रैली में बोले मोदी, हम लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेंगे

**बरवाअड्डा (झारखंड), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेगा क्योंकि देश को 'मोदी की गारंटी' पर भरोसा है। मोदी ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर योजनाओं के कार्यान्वयन में रुकावटें पैदा करने का आरोप लगाते हुए झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर होने के साथ ही सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ''जमकर खाओ'' का पर्याय बन गया है। प्रधानमंत्री ने धनबाद जिले के बरवाअड्डा में 'विजय संकल्प महारैली' को संबोधित करते हुए कहा-आगामी लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार क्योंकि देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है... जहां भी मैं जाता हूं, यही नारा सुनाई देता है। जहां दूसरों से सारी उम्मीदें खत्म होती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है।

उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों की मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी और लोगों की मेहनत का भुगतान पूरे ब्याज सहित मिलेगा। प्रधानमंत्री ने लोगों का अभिवादन "जोहार" (आदिवासी अभिवादन और स्वागत) कहकर किया। उन्होंने कहा-चाहे वे (इंडिया गुट) कितना भी कीचड़ उछालें, (भाजपा का प्रतीक) कमल हर जगह खिलेगा। मोदी ने कहा कि सत्तारूढ़ झामुमो आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है और उसकी तुष्टीकरण नीतियों के कारण घुसपैठ हुई है।

उन्होंने कहा-झामुमो का मतलब 'जमकर खाओ' से है। तुष्टीकरण बढ़ रहा है, रंगदारी चरम पर है। झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने झारखंड के लोगों को केवल लूटने का काम किया है और अघोषित संपत्ति का पहाड़ खड़ा कर दिया है।'' मोदी ने जाहिर तौर पर झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू के परिसर से 350 करोड़ रुपये से अधिक नकदी की बरामदगी का जिक्र करते हुए कहा-मैंने अपने जीवन में नोटों के ऐसे बंडल पहले कभी नहीं देखे।

### मोदी ने किया 35,700 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण



मोदी ने 35,700 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने धनबाद जिले के सिन्द्री में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) का 8,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित उर्वरक संयंत्र राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा– मोदी द्वारा जो भी योजनाएं बनाई जा रही हैं, उनका 'इंडी' गठबंधन द्वारा विरोध किया जा रहा है। हमने कोविड के दौरान गरीबों को मुफ्त राशन दिया...चाहे वे कितनी भी कोशिश कर लें, लेकिन गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी। मोदी ने कहा–इंडी गठबंधन जल जीवन मिशन, आवास योजना और अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधाएं पैदा कर रहा है। झारखंड में जल जीवन मिशन में 50 प्रतिशत से भी कम काम हुआ है।

## न्यायालय ने आसाराम की याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बलात्कार के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम की उस याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार किया जिसमें उसने स्वास्थ्य संबंधी कारणों से सजा निलंबित करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी से राहत के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा। रोहतगी ने अदालत को सूचित किया था कि आसाराम सरकारी वकील के इस बयान को मानने के लिए तैयार हैं कि वह महाराष्ट्र के खोपोली में माधवबाग हार्ट हॉस्पिटल में पुलिस हिरासत में रहते हुए इलाज करा सकते हैं। इस पर पीठ ने आसाराम से कहा कि वह माधवबाग हार्ट हॉस्पिटल में इलाज कराने के संबंध में राजस्थान हाईकोर्ट के समक्ष अर्जी दाखिल करें।

## टुंडा को बरी करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी सीबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**ट्रेन बम विस्फोट मामला**

सीबीआई 1993 के सिलसिलेवार ट्रेन विस्फोट मामले में अजमेर की एक विशेष अदालत द्वारा अब्दुल करीम टुंडा को बरी किए जाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एजेंसी ने कहा कि मामले में अब तक 12 लोगों को दोषी ठहराया गया है, जिनमें इरफान और हमीर-उल-उद्दीन भी शामिल हैं, जिन्हें बृहस्पतिवार को टाडा अदालत के न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने टुंडा को बरी कर दिया। एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि वे फैसले का अध्ययन कर रहे हैं और जल्द ही उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की जाएगी। टाडा अदालत के आदेशों को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाती है। साल 1993 में पांच-छह दिसंबर की मध्यरात्रि लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में राजधानी एक्सप्रेस सहित लंबी दूरी की छह रेलगाड़ियों में सिलसिलेवार विस्फोट हुए थे। विस्फोटों में दो लोग मारे गए थे और 22 अन्य घायल हुए थे। संबंधित मामले को सीबीआई को सौंप दिए गए थे, जिसने मामले में पांच अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की थीं। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा-जांच से पता चला कि विभिन्न आरोपियों ने अयोध्या में विवादित ढांचे को ढहाए जाने की घटना को एक साल होने पर बड़े पैमाने पर जनता में दहशत फैलाने और रेलगाड़ियों में बम विस्फोट जैसे आतंकी कृत्यों को अंजाम देकर आपराधिक साजिश रची थी।

## आचार संहिता का उल्लंघन करने पर समाचार चैनलों पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** न्यूज ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी (एनबीडीएसए) ने नफरत और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने वालेकार्यक्रमों के लिए कुछ टीवी चैनलों पर जुर्माना लगाकर इन्हें अपनी वेबसाइट से हटाने का निर्देश दिया है। एनबीडीएसए ने कहा कि ये कार्यक्रम ठीक नहीं हैं। एनबीडीएसए ने कार्यकर्ता इंद्रजीत घोरपड़े की शिकायतों के आधार पर "लव जिहाद" पर आधारित कार्यक्रमों के लिए 'टाइम्सनाउ नवभारत' पर एक लाख रुपये और 'न्यूज18 इंडिया' पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं हिंसा की कवरेज को लेकर एनबीडीएसए ने आजतक चैनल को चेतावनी दी है।

## जेएनयू में एबीवीपी और वाम समर्थित गुटों के बीच झड़प

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● कुलपति ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी, शिकायत दर्ज

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में चुनाव समिति के सदस्यों के चयन को लेकर दो समूहों के बीच बृहस्पतिवार रात झड़प में कुछ छात्र घायल हो गए, जिसके बाद कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने शुक्रवार को कहा कि इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ उनकी राजनीतिक संबद्धता की परवाह किए बिना कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह झड़प विश्वविद्यालय के भाषा संस्थान की इमारत में बृहस्पतिवार देर रात हुई।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और वाम समर्थित समूहों के छात्रों ने एक-दूसरे के खिलाफ वसंत कुंज उत्तर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि कई छात्रों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा-हमें परिसर में झड़प होने की जानकारी देर रात एक बजकर 15 मिनट पर मिली जिसमें कम से कम चार छात्र घायल हो गए हैं।

## सांसदों की चौबीसों घंटे डिजिटल निगरानी की अनुरोध करने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बेहतर प्रशासन के लिए सांसदों एवं विधायकों की चौबीसों घंटे डिजिटल निगरानी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया और कहा कि ''निजता का अधिकार नाम की भी कोई चीज होती'' है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से पूछा गया कि क्या अदालत सांसदों की गतिविधियों पर चौबीसों घंटे नजर रखने के लिए उनके शरीर में कोई ''चिप'' लगा सकती है।

## जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट नहीं मांगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**निर्वाचन आयोग की हिदायत**




निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से कहा कि वे जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट मांगने से परहेज करें तथा भक्त एवं भगवान के बीच के संबंधों का उपहास नहीं उड़ाएं अथवा दैवीय प्रकोप का हवाला नहीं दें। राजनीतिक दलों के लिए जारी परामर्श में आयोग ने कहा कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों के खिलाफ 'नैतिक भर्त्सना' के बजाय कठोर कार्रवाई की जाएगी।

निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा कि मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारे या कोई अन्य पूजा स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए। लोकसभा चुनाव एवं चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए आचार संहिता लागू होने से कुछ दिनों पहले यह परामर्श जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पहले नोटिस मिला है, उन्हें आदर्श आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन के लिए कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हाल में इस बात पर जोर दिया था कि राजनीतिक दलों को ऐसे नैतिक और सम्मानजनक राजनीतिक विमर्श को बढ़ावा देना चाहिए जो विभाजन के बजाय प्रेरित करता हो, व्यक्तिगत हमलों के बजाय विचारों को बढ़ावा देता हो। आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि इस परामर्श ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब औपचारिक रूप से नैतिक राजनीतिक विमर्श के लिए मंच तैयार कर दिया है और 2024 के आम चुनावों में अव्यवस्था की आशंका पर अंकुश लगाया है। उनका यह भी कहना है कि चुनाव आचार संहिता के लिए उल्लंघन को लेकर व्यवस्थित दृष्टिकोण ने सभ्य चुनावी अभियान के लिए जमीन तैयार की है।

## रिज क्षेत्र में वनों की कटाई के आरोपों पर सेना से जवाब-तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुकवार को सेना से राष्ट्रीय राजधानी के दिल्ली छावनी क्षेत्र में 'सेंट्रल रिज' के एक हरित हिस्से में पेड़-पौधों की कटाई के आरोपों पर जवाब मांगा। न्यायमूर्ति तुषार राव गदेला ने रिज के परिरक्षण एवं संरक्षण की अनुरोध संबंधी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए वहां तैनात सैन्य इकाई के अधिकृत अधिकारी को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और सैन्य प्रशासन को वैसी गतिविधियां बंद करने की सलाह दी जिनसे वनों की कटाई हो। जब केंद्र सरकार के वकील ने सेना द्वारा पेड़ों की कटाई से इनकार किया तब न्यायमूर्ति गदेला ने कहा- पेड़ लगाने जैसे सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

## नीतियों में खामियों के कारण अवैध निर्माण में हुई वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● उच्चतम न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी



उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि शहरी आवास नीतियों में खामियों के कारण अवैध निर्माण में वृद्धि हुई है। न्यायालय ने कहा कि शहरीकरण नीतियों में खामियां हैं और अवैध निर्माण में वृद्धि का एक मुख्य कारण लोगों को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराने में सरकार की 'विफलता' है। न्यायालय ने यह स्वीकार किया कि आवास पाने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। इसके साथ ही उसने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की आवश्यकताओं और जमीनी स्तर पर सरकार के कदमों के बीच नीतियों में बहुत बड़ा अंतर है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने ये टिप्पणियां लखनऊ के अकबर नगर में वाणिज्यिक और आवासीय इकाइयों को ढहाए जाने से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान की और इस मामले में न्यायालय ने इकाइयों को ढहाए जाने पर अंतरिम रोक लगा दी। पीठ ने कहा-आवास को लेकर रुख स्पष्ट रखना चाहिए। एक समस्या है। हमारी शहरीकरण नीतियों में खामियां हैं। वास्तव में, हमने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। कहीं न कहीं, हमें यह सुनिश्चित करना होगा... सभी जानते हैं कि पलायन शहरों की ओर होता है। लेकिन आवश्यकताओं और हम जमीनी स्तर पर क्या करने में सक्षम हैं, इन नीतियों के बीच बहुत बड़ा अंतर है। पीठ ने कहा-दिल्ली में इतनी सारी अनधिकृत कॉलोनियां क्यों हैं? क्योंकि डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) को यह भी नहीं पता कि 60-70 प्रतिशत जमीन कहां है। सभी का अधिग्रहण कर लिया गया है। उच्चतम न्यायालय लखनऊ के अकबर नगर में वाणिज्यिक इकाइयों को ढहाये जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एस मुरलीधर और शोएब आलम ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 27 फरवरी को ढहाने का काम शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक इकाइयों के साथ-साथ आवासीय मकानों को भी गिराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि नदी के किनारे सरकारी भूमि पर बने आवासीय मकानों को ढहाने से संबंधित मामला इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है और फैसला सुरक्षित रखा गया है।

# भारत के विरुद्ध गलत बयानबाजी पड़ी भारी थाईलैंड की राजदूत को डब्ल्यूटीओ ने पद से हटाया

अबू धाबी, एजेंसी

- यूएई में आयोजित डब्ल्यूटीओ की बैठक में चावल निर्यात को लेकर हुई थी तीखी बयानबाजी

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक में भारत के चावल निर्यात को लेकर गलत बयानबाजी और भारत की छवि को धक्का पहुंचाने की कोशिश थाईलैंड की राजदूत पिमचोंक वोनकोर्पोन पिटफिल्ड को भारी पड़ गई। उनके रवैये पर भारत की कड़ी आपत्ति के बाद डब्ल्यूटीओ ने थाईलैंड की राजदूत को राजनयिक पद से हटा दिया है।

अबू धाबी में मंत्री स्तर का 13वें सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जहां दो दिन पहले अनाज के पब्लिक स्टाकहोल्डिंग (पीएसएच) मुद्दे पर चर्चा के दौरान थाईलैंड की राजदूत ने भारत के बारे में गलत बयानबाजी करते हुए कहा था कि भारत सस्ते में अनाज की सरकारी खरीद कर उसका 40 प्रतिशत निर्यात कर देता है। जबकि यह अनाज की खरीदारी गरीबों को देने के लिए की जाती है। पिटफिल्ड के इस बयान पर चर्चा में मौजूद कई देशों ने अपना समर्थन दिया, जो भारत को नागवार गुजरा है।

असलियत यह है कि भारत अपने अनाज उत्पाद का 40 प्रतिशत हिस्से की सरकारी खरीद करता है। अन्य हिस्सा खुले बाजार में बेचा जाता है। सरकारी खरीद वाले हिस्से का निर्यात नहीं किया जाता है। भारत अपनी खाद्य सुरक्षा के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज की खरीदारी करता है, जिसे गरीबों को राशन के तहत मुफ्त में या कम दाम में दिए जाते हैं। सूत्रों के मुताबिक वैश्विक मंच पर गरीब व विकासशील देशों के नेता के रूप में उभर रहे भारत के विकास में विकसित देश टांग अड़ाना चाहते हैं। थाईलैंड की राजदूत भी इन विकसित देश की शह पर ही एमसी13 में भारत के अनाज निर्यात के बारे में गलत बयानबाजी की थी। इस बयानबाजी के बाद भारत ने डब्ल्यूटीओ अध्यक्ष से कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए साफ कह दिया था कि पिटफिल्ड को डब्ल्यूटीओ से हटाने के बाद ही भारत पीएसएच मुद्दे पर चर्चा में हिस्सा लेगा। दूसरी तरफ नई दिल्ली में मौजूद थाईलैंड के राजदूत को भी भारत ने तलब कर पिटफिल्ड के गलत बयानबाजी पर आपत्ति जाहिर की थी। अब उन्हें डब्ल्यूटीओ में था, इंईलैंड के राजदूत पद से मुक्त कर दिया गया है।

# राज्यसभा के 33 फीसदी सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामले



नई दिल्ली, एजेंसी। राज्यसभा के मौजूदा 225 सदस्यों में से 33 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है, जबकि इन सांसदों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है। चुनाव अधिकार निकाय एडीआर ने सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण के आधार यह जानकारी दी है। इसके अलावा इन सांसदों में से 31 यानी 14 प्रतिशत अरबपति हैं।



**14** प्रतिशत अरबपति सांसद 19,602 करोड़ रुपये है कुल संपत्ति

**28** कांग्रेस सांसदों में से 50 प्रतिशत के खिलाफ हैं मामले दर्ज

### इतने सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने कहा है कि 18 प्रतिशत सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज है, जिनमें हत्या और हत्या के प्रयास के मामले शामिल हैं। एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) द्वारा किए गए विश्लेषण में दो राज्यसभा सदस्यों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत हत्या से संबंधित मामलों, जबकि चार सांसदों ने धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों की जानकारी दी है।

### 225 राज्यसभा सदस्यों में से 75 के खिलाफ आपराधिक मामले

रिपोर्ट के अनुसार, राज्यसभा के 225 मौजूदा सदस्यों में से 75 (33 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक और 40 (18 प्रतिशत) ने गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। विश्लेषण में सांसदों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की राजनीतिक दलों के लिहाज से भी पड़ताल की गई। इस मामले में भाजपा सबसे आगे रही, जिसके 90 राज्यसभा सदस्यों में से 23 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। कांग्रेस के 28 सांसदों में से 50 प्रतिशत के खिलाफ ऐसे मामले दर्ज हैं।

### राज्यसभा में प्रति सांसद 87.12 करोड़ रुपये है औसत संपत्ति



राज्यसभा सदस्यों की संपत्ति की भी पड़ताल की गई, जिसमें पता चला कि प्रति सांसद औसत संपत्ति 87 .12 करोड़ रुपये है। आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न राजनीतिक दलों की संपत्ति में महत्वपूर्ण असमानताएं सामने आईं। प्रमुख दलों में भाजपा के 90 में से 9 (10 प्रतिशत), कांग्रेस के 28 में से 4 (14 प्रतिशत), वाईएसआरसीपी के 11 में से 5 (45 प्रतिशत), आप के 10 में से 2 (20 प्रतिशत), टीआरएस के चार में से 3 (75 प्रतिशत) और राजद के 6 सांसदों में से 2 (33 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। विश्लेषण के अनुसार राज्यसभा के मौजूदा सदस्यों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है।

## एक नजर

### सॉफ्टवेयर नहीं समझा लीप वर्ष, देश के कई पेट्रोल पंप बंद

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड में 29 फरवरी यानी लीप ईयर पर देश के कई पेट्रोल पंपों ने काम करना बंद कर दिया। दरअसल पेमेंट सॉफ्टवेयर, फ्यूल स्टेशनों और पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर में लीप ईयर की तारीख दर्ज नहीं होने से तकनीकी गड़बड़ी हुई। सॉफ्टवेयर ग्लिच की वजह से पेट्रोल पंपों पर पेमेंट नहीं हो पाने से फ्यूल नहीं भरे गए। इससे देशभर में लोग परेशान हुए।

### मॉस्को में एलेक्सी नवलनी का अंतिम संस्कार, एकत्रित हुए लोग

**मॉस्को।** रूस में विपक्ष के नेता रहे एलेक्सी नवलनी के सगे-संबंधी और समर्थक दक्षिण-पूर्वी मास्को में शुक्रवार को उनके अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में शामिल हुए। नवलनी की मृत्यु के बाद, उनके शव को प्राप्त करने के लिए परिवार के सदस्यों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। नवलनी को सरकार में भ्रष्टाचार और रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के लिए जाना जाते थे। उनके समर्थकों ने कहा है कि मास्को में कई गिरिजाघरों ने उनके लिए प्रार्थना सभा का आयोजन करने से इनकार दिया, लेकिन आखिरकार मारयिनो जिला स्थित एक गिरिजाघर ने इसकी अनुमति दे दी।



### दुनिया में पहली बार दुबई में जेट सूट रेस हुई, कोल्फन बने विजेता

**दुबई।** यूएई के दुबई ने बुधवार को एक और इतिहास रचा। यहां दुनिया की पहली जेट सूट रेस आयोजित की गई। इसमें 8 अलग-अलग देशों के आठ प्रतिभागी शामिल हुए। ब्रिटेन के इसा कोल्फन इसके विजेता बने।

### अमेरिका: फ्लॉक सेफ्टी गाड़ियों के सर्विलांस से अपराध घटाने का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की स्टार्टअप कंपनी 'फ्लॉक सेफ्टी' गाड़ियों का सर्विलांस कर अमेरिका में अपराध कम करने का दावा कर रही है। 2017 में शुरू हुई कंपनी को डेलायट ने 2023 में फास्ट 500 कंपनियों की लिस्ट में शामिल किया है। कंपनी सड़कों पर कैमरे लगाती है। कारों की नंबर प्लेट स्कैन कर दर्ज अपराधों से मैच करती है। दावा है कि इससे अमेरिका में 25 फीसदी अपराध कम कर देगी, लेकिन 5 राज्यों में बैन हो गई। कंपनी ने कहा कि जिन राज्यों ने लगे प्रतिबंध को हटाने के लिए सरकार से वार्ता की है। सरकार के आदेश तक राज्यों में लगा प्रतिबंध जारी रहेगा।

# बांग्लादेश में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग, 46 की मौत

## 22 लोग घायल, दमकलकर्मियों ने दो घंटे में आग पर पाया काबू

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में गुरुवार देर रात आग लगने से बहुत बड़ा हादसा हो गया। राजधानी ढाका में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग में कम से कम 46 लोगों की मौत हो गई जबकि 22 अन्य घायल हुए हैं।

बांग्लादेश के स्वास्थ्य मंत्री सामंत लाल सेन ने ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल और निकटवर्ती बर्न अस्पताल का दौरा करने के बाद बताया कि आग से अब तक 46 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। उन्होंने कहा- हालात को काबू में करने के लिए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और अग्निशमन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मौके पर मुस्तैद है। बचाव अभियान जारी है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी मोहम्मद शिहाब ने कहा कि आग ढाका के बेली रोड़ के एक लोकप्रिय बिरयानी रेस्तरां में रात 9:50 बजे लगी। उन्होंने बताया कि आग तेजी से ऊपरी मंजिलों तक फैल गई, जिससे कई लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने दो घंटे में आग पर काबू पा लिया। वहीं, अग्निशमन सेवा के एक बयान में कहा गया है कि उन्होंने 75 लोगों को जिंदा बचाया।





ढाका में गुरुवार देर रात इमारत में धधकती आग, दूसरी तरफ आग पर काबू पाते अग्निशमन कर्मी।

### प्राथमिक इलाज के बाद 75 घायलों को घर भेजा

स्वास्थ्य मंत्री सेन ने बताया कि आग गुरुवार देर रात लगी है। घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। ढाका मेडिकल कॉलेज में 33 तो शेख हसीना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 10 लोगों की मौत हुई है। वहीं, केंद्रीय पुलिस अस्पताल में एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। वहीं, आईजीपी चौधरी अब्दुल्ला अल मामून ने बताया कि अब तक 75 लोगों को बचा लिया गया है। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है।

बचाव अभियान में जुटे अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि अधिकतर लोगों की मौत इमारत से कूदने और जलने के कारण हुई है। कई लोगों ने दम घुटने से जान गंवाई है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग पहली मंजिल पर स्थित कच्ची भाई रेस्तरां में रात करीब 9.45 लगी, जो काफी तेजी से अन्य रेस्तरां तक फैल गई। जिस समय आग लगी, वह होटलों के लिए व्यस्ततम समय होता है।

# 5 साल बाद रिहा होने के कुछ घंटों बाद फिर गिरफ्तार हुए सुल्तान

**श्रीनगर।** पांच साल से अधिक समय बाद रिहा हुए कश्मीरी पत्रकार आसिफ सुल्तान को कुछ घंटों बाद ही दुबारा गिरफ्तार किया गया।

गुरुवार को उत्तर प्रदेश की जेल से सुल्तान को रिहा किया गया था। सुल्तान के परिवार और कानूनी सूत्रों ने बताया कि सुल्तान को श्रीनगर के रैनावारी थाना में दर्ज 2019 के एक मामले में दोबारा गिरफ्तार किया गया है। एक वकील ने कहा, घर पहुंचने के कुछ घंटों बाद, उन्हें बटमालू थाना की पुलिस ने बुलाया कुछ घंओं बाद रैनावाड़ी थाने में हिरासत में ले लिया।

उन्होंने कहा- शाम को रैनावारी थाना पुलिस से जानकारी मिली कि पांच अप्रैल, 2019 को श्रीनगर की सेंट्रल जेल में हुए दंगे से संबंधित मामले में सुल्तान को हिरासत में लिया गया है। बता दें, संबंधित मामले में सुल्तान समेत 21 आरोपी हैं, जिनमें से कुछ को पहले ही जमानत मिल चुकी है। गिरफ्तारी के बाद श्रीनगर की एक अदालत ने सुल्तान को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सुल्तान को 2018 में आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया था और मंगलवार शाम को यूपी के अंबेडकर नगर जेल से रिहा कर दिया गया।

# नई सरकार को मान्यता न दें जब तक पारदर्शी जांच न हो

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी सांसदों ने पाकिस्तान को लेकर बाइडन को लिखा पत्र, चुनाव धांधली में जांच की मांग

अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखा। पत्र में सांसदों ने उनसे आग्रह किया कि वह पाकिस्तान की नई सरकार को तब तक मान्यता न दें, जब तक चुनाव में धांधली की विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से जांच न हो। पत्र लिखने वालों में सत्तारूढ़ डेमोक्रेट के मुस्लिम सांसद भी शामिल हैं।

पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव हुए। जिसके बाद त्रिशंकु परिणाम सामने आए थे। कोई भी दल बहुमत के आंकड़े को पार नहीं कर पाया था। पत्र में सांसदों ने पाकिस्तान के हालिया संसदीय चुनाव में हुई धांधली पर चिंता जताई। इसमें उन्होंने अमेरिकी सरकार से अनुरोध किया कि वह पाकिस्तान में नई सरकार की मान्यता को तब तक रोके रखें, जब तक चुनाव में हेराफेरी की पूरी तरह से पारदर्शी और विश्वसनीय जांच नहीं हो जाती। पत्र में आगे कहा गया, इस्लामाबाद लंबे समय से अमेरिका का सहयोगी रहा है। यह अमेरिका के हित में है कि वह सुनिश्चित करे कि पाकिस्तान में लोकतंत्र का विकास हो।



### इमरान समर्थित अमीन बने खैबर पख्तूनख्वा के नए वजीर-ए-आला

**पेशावर।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार अली अमीन गंडापुर को शुक्रवार को अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का मुख्यमंत्री चुना गया। वहीं, इससे पहले नवनिर्वाचित स्पीकर बाबर सलीम स्वाति ने गुरुवार को खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी, जिन्होंने विधानसभा सत्र की अध्यक्षता की। 106 सदस्यीय विधानसभा में पीटीआई समर्थित उम्मीदवार गंडापुर ने अपने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रतिद्वंद्वी डॉ इबादुल्ला खान के खिलाफ 90 वोट हासिल किए।

### इवांका समेत जामनगर पहुंचीं कई हस्तियां...



**जामनगर :** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और होने वाली बहू राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी शुक्रवार से 3 मार्च तक चलेगी। इसमें शामिल होने के लिए हॉलीवुड और बॉलीवुड की कई हस्तियां जामनगर पहुंच रही हैं। गुरुवार को अमेरिकी पॉप सिंगर रिहाना अपनी टीम के साथ जामनगर पहुंचीं हैं। शुक्रवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप भी पहुंच गई हैं, उनके अलावा, सिंगर जे ब्राउन, निकी मिनाज, एडम ब्लैकस्टोन और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग यहां पहुंच चुके हैं। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, शाहरुख खान, अर्जुन कपूर सहित कई बॉलीवुड स्टार भी जामनगर पहुंच गए हैं। ● एजेंसी

# आतंकवाद-नशीले पदार्थों पर कसेगी नकेल

वाशिंगट, एजेंसी

- रणनीतिक साझेदारी मजबूत कर रहे भारत-अमेरिका, दोनों देशों ने व्यक्त की सहमति

भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक सहयोग बढ़ाने के मकसद से गृह सचिव अजय भल्ला और अमेरिकी उपसचिव क्रिस्टी कैनेगलो के बीच वार्ता हुई। दोनों शीर्ष अधिकारियों ने ड्रग्स यानी मादक पदार्थों की समस्या से निपटने, आतंकवाद, साइबर अपराध और सीमा शुल्क जैसे मुद्दों पर भी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। अनियमित प्रवासन के मुद्दे पर भी बात की गई।

अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी की तरफ से जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक दोनों देशों ने 27-29 फरवरी के बीच नई दिल्ली में वार्ता की। भारत और अमेरिका के बीच बैठक के दौरान केंद्रीय गृह सचिव



गृह सचिव अजय भल्ला के साथ मौजूद अमेरिकी उपसचिव क्रिस्टी कैनेगलो।

अजय भल्ला और क्रिस्टी कैनेगलो ने आव्रजन कानून लागू करते हुए वैध आव्रजन मार्गों तक पहुंच के विषय पर भी मंथन किया।

इस कानून के तहत जरूरतमंद नागरिकों की वापसी को लेकर अमेरिका और भारत ने प्रतिबद्धता जताई है। ऐसे लोगों के पास अमेरिका में रहने का कानूनी आधार नहीं होता। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक कमजोर प्रवासियों का शिकार और उनसे लाभ कमाने वाले तस्करों पर नकेल कसने के लिए दोनों देश आपस में कानूनी रूप से सहयोग करेंगे।

होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग के दौरान भारत और अमेरिका के बीच यूएस-इंडिया काउंटरनारकोटिक्स वर्किंग ग्रुप के योगदान पर भी चर्चा की गई। दोनों देशों के बीच दवा नियामक से जुड़े मुद्दों, कानून प्रवर्तन सहयोग और बहुपक्षीय मंचों में समन्वय जैसे बिंदुओं पर काम करती है। दवा की मांग में कमी से निपटने को लेकर होने वाले संयुक्त प्रयासों के मामले में भी यूएसआईसीडब्लूजी मार्गदर्शन करता है।

# कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का निधन

**टोरंटो।** कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया, उनकी बेटी ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी।



कैरोलीन मुलरोनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश के 18वें प्रधानमंत्री का परिवार के बीच निधन हो गया।

मुलरोनी परिवार ने कहा कि पिछली गर्मियों में 2023 की शुरुआत में प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के बाद हुई हृदय प्रक्रिया के बाद उनमें रोजाना सुधार हो रहा था। उन्होंने कई सालों तक राजनीति में पर्दे के पीछे से काम किया।

# अमेरिका के निजी मून लैंडर ओडीसियस से संपर्क टूटा

वाशिंगटन, एजेंसी

- लैंड करते समय चंद्रमा पर फंस गया था एक पैर, कंपनी ने कहा-मून लैंडर ने काम करना बंद कर दिया

करीब 50 साल बाद पिछले महीने अमेरिका का निजी अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर उतरा। ओडीसियस लैंडर जब चंद्रमा की सतह पर उतरा तो कुछ खराबी के चलते टीम का अंतरिक्ष यान से संपर्क टूट गया था। नासा ने बताया था कि उतरते समय मून लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा पर फंस गया था। इससे यह एक ओर झुक गया है। हालांकि, अब बताया जा रहा है कि एक हफ्ते बाद गुरुवार को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया।

बता दें, यह तब पता चला जब वैज्ञानिकों को अपने कंप्यूटर और पावर सिस्टम को स्टैंडबाय मोड में प्रवेश करने का निर्देश देने से पहले ओडीसियस से एक आखिरी तस्वीर मिली। स्टैंडबाय मोड का



उद्देश्य लैंडर की क्षमता को दो से तीन हफ्ते तक और काम करने के लिए बनाया गया था।

इंटुएटिव मशीन्स के प्रवक्ता जोश मार्शल ने बताया कि अंत में हुईं क्रियाओं ने लैंडर की बैटरियों को खत्म कर दिया, जिससे ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया है। कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'गुड नाईट ओडी। उम्मीद करते हैं यह फिर से काम करना शुरू करेगा।

**विज्ञान** एचडी 110067 सोलर सिस्टम बना खगोल वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र

# एलियंस के ठिकाने को लेकर वैज्ञानिकों की जगी उम्मीद

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** परग्रहियों की तलाश में एक ऐसे सोलर सिस्टम का पता चला है, जहां एलियंस का ठिकाना हो सकता है। इस ग्रहमंडल का नाम एचडी 110067 है। जिसमें हमारे ग्रहों की तरह छः ग्रह अपने तारे की परिक्रमा करते हैं। एलियंस की संभावना को लेकर यह सोलर सिस्टम दुनिया के खगोल वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बन गया है।

इस सोलर सिस्टम को पिछले साल के अंत में खोजा गया था। यह हमसे काफी करीब है, सिर्फ 100 प्रकाश वर्ष दूर है। नजदीक होने के कारण इसे हमारा पड़ोसी सौर मंडल भी माना जा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि गणितीय आधार इसके ग्रह अपनी कक्षाओं में सही दूरी के साथ अपने मेजबान तारे के बहुत करीब से चक्कर लगाते हैं। एलियंस की खोज में जुटे वैज्ञानिकों का कहना है कि इसमें पृथ्वी के समान उन्नत जीवन मौजूद हो सकता है। भले ही जीवन किसी अन्य रूप में हो, लेकिन एक बड़ी उम्मीद तो जगी ही है। इस ग्रह मंडल की जांच पड़ताल अभी जारी है और जितने अधिक खगोल वैज्ञानिक इसके अध्ययन में जुटेंगे, परिणाम उतने ही जल्दी सामने आएंगे।

बहरहाल 6 ग्रहों वाले इस सोलर सिस्टम में आगे की तलाश में वैज्ञानिको के एक वर्ग में होड़ लगी है। दूसरे ग्रहों पर जीवन की खोज में जुटे वैज्ञानिकों के लिए यह बड़ा अवसर है और उनकी दशकों पुराने एलियंस की तलाश में विराम लग सकता है।

बहरहाल खगोलविदों के लिए यह दिलचस्प लक्ष्य बना हुआ है और आने वाले दिनों में लोगों की जिज्ञासा भी इस तलाश के प्रति रहेगी।



इस सोलर सिस्टम में हो सकता है एलियन का ठिकाना।

### भूसे में सुई ढूंढ़ना जैसे है एलियंस की तलाश

भारतीय तारा भौतिकी संस्थान बंगलुरु के सेनि वैज्ञानिक प्रो आरसी कपूर कहते हैं कि भूसे में सुई ढूंढ़ना जैसी है एलियंस की तलाश । क्या हम इस ब्रह्मांड में अकेले हैं, यह ऐसा प्रश्न है, जिसका हल ढूंढ़ने के लिए कई दशकों से अध्ययन कर रहे हैं, जबकि शायद सदियों से इस बारे में सोचा जाता रहा है। मगर अभी यह तलाश जारी है और तब तक रहेगी, जबतक एलियंस का पता नहीं चल जाता।

# ईरान के लोग आज चुनेंगे अपना राष्ट्रपति, 59 हजार केंद्र बने

दुबई, एजेंसी

- हिजाब की अनिवार्यता संबंधी कानूनों के विरोध-प्रदर्शन के बाद होगा संसदीय चुनाव

हिजाब की अनिवार्यता संबंधी कानूनों के विरोध में 2022 में हुए व्यापक प्रदर्शनों के बाद ईरान के पहले संसदीय चुनाव हो रहा है। आज लोग देश के सर्वोच्च नेता यानी राष्ट्रपति को चुनने के लिए मतदान करेंगे। इसके लिए तैयारियां पूरी हो गई हैं। 2022 के संसदीय चुनावों के बाद देश काफी चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस चुनाव को लोकतांत्रिक सुधार, पश्चिमी देशों के साथ तकरार और खराब अर्थव्यवस्था की कसौटी पर परखा जा रहा है।

ईरान में हर चार साल में फ्रांसीसी चुनाव प्रणाली की तर्ज पर चुनाव होते हैं। पहले दौर के मतदान में अगर किसी उम्मीदवार को 50 फीसदी से ज्यादा वोट नहीं मिले, तो दूसरे दौर में सबसे ज्यादा वोट पाने वाले दो उम्मीदवारों के लिए वोट डाले जाते हैं। मतदाताओं की आयु कम से कम



18 वर्ष होनी चाहिए। करीब 8.5 करोड़ आबादी वाले देश में 6.12 करोड़ से अधिक लोग मतदान करने के पात्र हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में 59 हजार मतदान केंद्र होंगे। इसमें से तेहरान में पांच हजार और तेहरान के व्यापक प्रांत में 6,800 केंद्र बनाए गए हैं।1,700 मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने सेना के साथ बासिज बलों को निगरानी के लिए तैनात किया है।